फाल्गुन शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 16 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -51, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



रूस में राष्ट्रपति चुनाव शुरू, पुतिन के सामने 3 प्रत्याशी 16

'पटना शुक्ला' से महिलाएं होंगी प्रेरित : रवीना 15

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा



एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## लोकसभा चुनाव तिथियों की आज घोषणा करेगा निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

- कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम भी होंगे घोषित
- आयोग ने दोपहर तीन बजे बुलाई है प्रेस कान्फ्रेंस

निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा कल यानी शनिवार को करेगा। निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि लोकसभा चुनाव और कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए शनिवार को दोपहर तीन बजे एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है और नई लोकसभा का गठन उससे पहले होना है।

आंध्र प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा में विधानसभाओं का कार्यकाल जून में अलग-अलग तारीखों पर खत्म हो रहा है। पिछली बार लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा 10 मार्च को की गई थी और 11 अप्रैल से सात चरणों में मतदान हुआ था। मतगणना 23 मई को हुई थी। निर्वाचन आयोग ने 2014 में भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए संवाददाता सम्मेलन बुलाए जाने की सूचना एक दिन पहले दी थी। संवाददाता सम्मेलन के लिए पत्रकारों को एक दिन पहले शाम को निमंत्रण भेजा गया था। आगामी चुनावों में 12 लाख से अधिक मतदान केंद्रों पर करीब 97 करोड़ लोग मतदान करने के पात्र हैं। पिछले संसदीय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 303 सीटें जीती थी जबकि कांग्रेस को 52 सीट मिली थीं। वह लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद हासिल करने के लिए पर्याप्त संख्या बल नहीं जुटा पाई थी।

### लोकसभा चुनाव की अधिसूचना से पहले राज्यपाल ने दी स्वीकृति

## 12 लाख पेंशनरों की 4 प्रतिशत बढ़ी महंगाई राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वित्त विभाग ने जारी किया जनवरी से 50 फीसदी डीए का आदेश
- एक जनवरी से पेंशन में बढ़कर मिलेगी महंगाई राहत : सचिव

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से ठीक पहले राज्यपाल ने राज्य के 12 लाख से अधिक पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों के महंगाई राहत में चार प्रतिशत बढ़ोत्तरी की स्वीकृति दे दी है। इससे महंगाई राहत बढ़कर अब 50 प्रतिशत हो गई है। वित्त विभाग ने शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए एक जनवरी 2024 से ही पेंशन में बढ़ी हुई महंगाई राहत को जोड़कर देने का आदेश जारी किया है।

राज्य कर्मियों के महंगाई भत्ता में चार प्रतिशत वृद्धि के बाद तय था कि पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों के महंगाई राहत में भी चार प्रतिशत बढ़ोत्तरी जल्द ही होगी। वित्त विभाग के विशेष सचिव नीलरतन कुमार ने शुक्रवार को जारी शासनादेश में कहा है कि राज्यपाल ने महंगाई राहत की दर में वृद्धि का यह लाभ एक जनवरी 2024 से देने की स्वीकति दी है। यह आदेश शिक्षा/प्राविधिक शिक्षा विभाग के तहत राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के ऐसे पेंशनर जिन्हें शासकीय पेंशनरों के समान पेंशन/पारिवारिक पेंशन मिलती है, उन पर भी लागू होगा।

लेकिन, यह आदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीशों, स्थानीय निकायों व सार्वजनिक उपक्रमों के सेवकों पर लागू नहीं होगा। इनके लिए संबंधित विभाग अलग से आदेश जारी करेंगे। अखिल भारतीय सेवाओं के पेंशनरों, पारिवारिक पेंशनरों के संबंध में भी अलग से आदेश जारी किए जाएंगे।

### महंगाई राहत देने की घोषणा का स्वागत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सचिवालय पेंशनर्स एसोसिएशन के सचिव व संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक एनपी त्रिपाठी व सह संयोजक ओंकार नाथ तिवारी ने पेंशनर्स के लिए महंगाई राहत में चार प्रतिशत बढ़ोत्तरी के आदेश का स्वागत किया है। नेताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए सभी पेंशनरों को बधाई दी।

## एक नजर

### सीएए संबंधी याचिकाओं पर 19 मार्च को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट नागरिकता संशोधन कानून, 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का निस्तारण होने तक केंद्र को नागरिकता संशोधन नियमावली, 2024 के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए शुक्रवार को सहमत हो गया। न्यायालय इस मामले पर 19 मार्च को सुनवाई करेगा।

### ईवीएम पर आरोप वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के कामकाज में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिका पर शुक्रवार को विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि हर पद्धति के अपने सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष होते हैं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की एक पीठ ने कहा कि यह अदालत कई याचिकाओं की पहले ही कई मौकों पर पड़ताल कर चुकी है और ईवीएम के कामकाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार कर चुकी है। पीठ ने याचिकाकर्ता नंदिनी शर्मा से कहा कि हम कितनी याचिकाओं पर विचार करेंगे? हम धारणाओं पर नहीं चल सकते।

### प्रताप सिंह को बेसिक शिक्षा निदेशक का प्रभार

**लखनऊ।** प्रताप सिंह बघेल को बेसिक शिक्षा निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। वह राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान के निदेशक के साथ-साथ यह जिम्मेदारी भी संभालेंगे। जबकि अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) सुरेंद्र तिवारी को बेसिक शिक्षा सचिव पद का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। बेसिक शिक्षा के विशेष सचिव अवधेश कुमार तिवारी की ओर से आदेश जारी किए गए हैं।

## चुनाव आयोग को दिए आंकड़ों में बॉण्ड नंबर क्यों नहीं : सुप्रीम कोर्ट

### सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई से जवाब तलब किया, 18 मार्च तक दिया समय

नई दिल्ली, एजेंसी

- चुनावी बॉण्ड की पूरी जानकारी नहीं देने पर कोर्ट ने जताई नाराजगी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त चुनावी बॉण्ड की विशिष्ट अक्षरांकीय संख्या (यूनीक अल्फा-न्यूमेरिक नंबर) का खुलासा करने के लिए कर्तव्यबद्ध है और उसे ऐसा करना होगा। इसके साथ ही न्यायालय ने ऐसा नहीं करने के लिए बैंक से जवाब मांगा।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली संविधान पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉण्ड मामले पर अपने फैसले में खरीदार, राशि और खरीद की तारीख सहित बॉण्ड के सभी विवरण का खुलासा करने का निर्देश दिया था। इस पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने गुरुवार को उन संस्थाओं की पूरी सूची जारी की जिन्होंने राजनीतिक चंदा देने के लिए चुनावी बॉण्ड खरीदे थे। आयोग द्वारा अपनी वेबसाइट पर ये आंकड़े सार्वजनिक किए जाने के एक दिन बाद प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि एसबीआई को सभी जानकारियां मुहैया करानी हैं। पीठ ने बैंक को नोटिस जारी किया और मामले में आगे की सुनवाई के लिए 18 मार्च की तिथि तय की।

सीजेआई ने बैंक के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि एसबीआई की ओर से कौन पेश हो रहा है? क्योंकि हमारे फैसले में हमने विशेष रूप से खरीददार, राशि और खरीद की तारीख सहित बॉण्ड के सभी विवरणों का खुलासा करने का निर्देश दिया था। उन्होंने बॉण्ड संख्या का खुलासा नहीं किया। इसका खुलासा एसबीआई को करना होगा। विशिष्ट अक्षरांकीय संख्या का उन लोगों से मिलान किया जाएगा जिन्होंने उन दलों के चुनावी बॉण्ड खरीदे हैं जिन्हें उन्होंने चंदा दिया था।

सीजेआई ने कहा कि उन्होंने (एसबीआई) बॉण्ड संख्या का खुलासा नहीं किया। इसका खुलासा एसबीआई को करना होगा। उन्होंने कहा कि लेकिन सच कहें, तो उन्होंने जितनी जानकारी उपलब्ध कराई है उसे लेकर हम नाराजगी जता सकते हैं क्योंकि वे (बॉण्ड संख्या का खुलासा करने के लिए) कर्तव्यबद्ध थे।



**नई दिल्ली :** चुनावी बॉण्ड मामले में सुनवाई करते प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़

### आंकड़ों की डिजिटल कॉपी आयोग को देने के निर्देश

न्यायालय, निर्वाचन आयोग की उस अर्जी पर सुनवाई कर रहा था जिसमें चुनावी बॉण्ड मामले में न्यायालय के 11 मार्च के आदेश के एक हिस्से में संशोधन का अनुरोध किया गया है। न्यायालय ने अपने पंजीयक (न्यायिक) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग द्वारा सीलबंद कवर में सौंपे गए आंकड़ों को स्कैन किया जाए। उन्हें डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराया जाए। आयोग के वकील ने कहा कि उन्होंने 11 मार्च के आदेश में मामूली संशोधन के लिए अर्जी दायर की है जिसमें यह निर्देश दिया गया है कि निर्वाचन आयोग कोर्ट को सौंपे गए आंकड़ों को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करेगा। आयोग ने अनुरोध किया कि इन दस्तावेजों को उसे वापस किया जाए ताकि वह निर्देशों का पालन कर सके और इन्हें अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर सके।

## ट्रांसपोर्ट कर्मियों की मिलीभगत से लीक हुआ सिपाही भर्ती का पेपर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीजीपी प्रशांत कुमार ने प्रेसवार्ता में पूरे घटनाक्रम और कार्रवाई की दी जानकारी
- 3 और गिरफ्तारी हुईं 396 पहुंची मामले से जुड़ी गिरफ्तारियों की संख्या

**अमृत विचार :** डीजीपी प्रशांत कुमार ने सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में अब तक हुई कार्रवाई को लेकर शुक्रवार को पत्रकार वार्ता की। डीजीपी ने बताया सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने में ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारियों की भूमिका रही है। इसमें पूर्व में कई परीक्षाओं के पेपर लीक करने वाले गिरोह के सदस्य शामिल हैं। पेपर लीक मामले में तीन और आरोपी प्रयागराज के अभिषेक शुक्ला, भदोही के रोहित कुमार व मिर्जापुर के शिवम गिरी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

डीजीपी का दावा है कि सिपाही भर्ती परीक्षा की दूसरी पाली का पेपर लीक किया गया था। इसकी पुष्टि होने पर परीक्षा निरस्त कर दी गई थी। प्रदेश के विभिन्न जिलों में 178 एफआईआर दर्ज की गईं हैं। एसटीएफ ने मामले से जुड़े 396 लोगों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने बताया ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारियों ने पेपर लीक किया था। मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा और रवि अत्री ने पेपर के बॉक्स खोलने के लिए बिहार के एक्सपर्ट शुभम मंडल को बुलाया था। बाक्स खुलने के बाद कोड नंबर दो के पेपर की फोटो खींचकर आउट किया गया था। सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र किसने लीक किया था। इसको लेकर 178 मामले प्रदेश के अलग-अलग थानों में दर्ज किए गए थे।



सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में गिरफ्तार आरोपियों की जानकारी देते डीजीपी प्रशांत कुमार व एडीजी (कानून व्यवस्था) अमिताभ यश। अमृत विचार

### अहमदाबाद की ट्रांसपोर्ट कंपनी से निकाले थे पेपर

डीजीपी ने बताया सभी आरोपी अहमदाबाद की ट्रांसपोर्ट कंपनी टीसीएस एक्सप्रेस में मिले थे। कंपनी के ट्रेनिंग एग्जीक्यूटिव अभिषेक शुक्ला ने बताया वर्ष 2021 में प्रयागराज के अंकित मिश्रा से मिला, जो नोएडा के रवि अत्रि का दोस्त था। कंपनी में ही शिवम व रोहित मिले थे। रवि यत्री को मालूम था कि सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर ट्रांसपोर्ट कंपनी टीसीआई में ही छपने के बाद पहुंचेंगे। उसने पहले से ही रोहित, शिवम व अभिषेक को लगा दिया था।

### यूपीटीईटी का पेपर भी कराया था लीक

डीजीपी ने बताया मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा पेपर लीक कराने में एक्सपर्ट है। वर्ष 2021 में यूपीटीईटी का पेपर लीक करने में भी इसकी भूमिका रही थी।

## सेना भर्ती में फर्जीवाड़ा करने वाले तीन पूर्व सैनिक गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊः** भारतीय सेना में फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गुरुवार को कमांड अस्पताल के पास से गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ व मिलिट्री इंटेलीजेंस के संयुक्त आपरेशन में इस गिरोह का पर्दाफाश हुआ। पकड़े गए सदस्यों में सेना से रिटायर्ड, कोर्ट मार्शल से दंडित सैन्यकर्मी शामिल है। आरोपियों के पास से टीम ने कई नियुक्तिपत्र, सेना से संबंधित पत्र, मोहर व अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं। एसटीएफ के एएसपी अमित कुमार नागर के मुताबिक मिलिट्री इंटेलीजेंस से सेना भर्ती में फर्जीवाड़े की सूचना मिली। कैंट क्षेत्र स्थित कमांड अस्पताल के पास से राजस्थान के धौलपुर जनपद के माजिद का पुरा निवार हरिओम उर्फ नकुल, लखनऊ तेलीबाग के बल्देव बिहार निवासी रिटायर्ड सैनिक अजीत व वृंदावन योजना सेक्टर-9 निवासी कोर्ट मार्शल से दंडित सैनिक पोले वोहना बाला कसइया को गिरफ्तार किया गया है। अजीत रिटायर्ड सैनिक है। पोले वोहना बाला कसइया का गबन व फर्जी नौकरी दिलाने के मामले में सेना से कोर्ट मार्शल हो चुका है।

## ईसी की नियुक्ति पर रोक से इनकार

- याचिकाओं पर 21 मार्च को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने 2023 के उस कानून के तहत नए निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्तियों पर रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया जिसमें भारत के प्रधान न्यायाधीश को चयन समिति से बाहर रखा गया है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि निर्वाचन आयुक्तों के चयन के लिए एक बैठक पहले से प्रस्तावित थी।

इस पर न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ताओं से इस तथ्य का उल्लेख करते हुए एक अलग याचिका दायर करने को कहा। पीठ ने 2023 के कानून के तहत की गई नियुक्तियों पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि सामान्यतः और आम तौर पर, हम किसी कानून पर अंतरिम आदेश के जरिए रोक नहीं लगाते हैं। पीठ ने 2023 के कानून के तहत दो निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई 21 मार्च को करना निर्धारित किया। याचिकाकर्ता जया ठाकुर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने कहा कि जब कोई फैसला पारित किया जाता है तो उसका उल्लंघन नहीं हो सकता।

### ज्ञानेश कुमार, सुखबीर संधू ने संभाला कार्यभार

ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभाल लिया। केरल कैडर के ज्ञानेश कुमार और उत्तराखंड कैडर के डॉ. संधू भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1988 बैच के अधिकारी हैं।



मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ दोनों चुनाव आयुक्त।

## जयाप्रदा को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत

विधि संवाददाता, नई दिल्ली

- ईएसआईसी केस में मिली छह माह की सजा निलंबित



फिल्म अभिनेत्री व रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा को तमिलनाडु के ईएसआईसी (एम्प्लॉयमेंट स्टेट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन) केस में बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उनकी सजा को निलंबित कर दिया है। शीर्ष कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि उक्त मामले में सत्र न्यायाधीश के समक्ष जयाप्रदा की विचाराधीन अपील के निस्तारण तक उक्त सजा निलंबित रहेगी। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु के एक ट्रायल कोर्ट ने इस मामले में पूर्व सांसद को छह माह की सजा सुनाई थी। पूर्व सांसद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सोनिया माथुर व अधिवक्ता नचिकेता वाजपेयी तथा दिव्यांगना मलिक वाजपेयी ने दलील दी कि ट्रायल कोर्ट द्वारा जयाप्रदा को दोषसिद्ध करने के फैसले में कई खामियां हैं। मांग की गई कि अपील सत्र अदालत में विचाराधीन है लिहाजा अपील के विचाराधीन रहते, सजा को निलंबित कर दिया जाए। यह भी कहा गया कि ईएसआईसी द्वारा मांगी गई धनराशि को जयाप्रदा द्वारा जमा करा दिया गया है, बावजूद इसके ट्रायल कोर्ट ने उन्हें दोषसिद्ध करार दे दिया।

## सपा की तीसरी सूची जारी, भदोही सीट तृणमूल कांग्रेस के लिए छोड़ी

- बिजनौर, नगीना, मेरठ, अलीगढ़, हाथरस व लालगंज से सपा प्रत्याशी घोषित

**लखनऊ।** भदोही सीट ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लिए छोड़ते हुए समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार को 6 प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी कर दी। इसमें बिजनौर से यशवीर सिंह, नगीना से मनोज कुमार, मेरठ से भानुप्रताप सिंह एडवोकेट, अलीगढ़ से बिजेंद्र सिंह, हाथरस से जसवीर बाल्मिक और आजमगढ़ जिले की लालगंज सीट से दरोगा सरोज को चुनाव में उतारा है। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस से समझौते में मिली 63 सीटों में 36 पर प्रत्याशी उतार दिए हैं। इससे पहले सपा तीस सीटों पर प्रत्याशियों का एलान कर चुकी है। सपा और कांग्रेस उप्र में मिलकर चुनाव लड़ रही है। प्रदेश की कुल 80 सीटों में कांग्रेस को सपा ने 17 सीटें दी हैं, जबकि 63 सीटें अपने पास रखी हैं। टीएमसी ने भदोही से ललितेशपति त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस से पूर्व विधायक ललितेश दिग्गज नेता रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री कमलापति त्रिपाठी के परिवार से हैं।

## एल्यूमीनियम कारोबारी ने अपने माथे पर गोली मारकर की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सूदखोर की वसूली से था परेशान, घर के बाथरूम में घटना को दिया अंजाम
- बीबीडी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**अमृत विचारः** बीबीडी ग्रीन सिटी के लोटस इंक्लेव स्थित विला में बाराबंकी के एल्यूमीनियम कारोबारी हर्षित टंडन (46) ने लाइसेंसी रिवाल्वर से माथे पर गोली मार कर जान दे दी। वह बाराबंकी में भाजपा जिला कार्यकारिणी के सदस्य भी थे। सुसाइड नोट में बाराबंकी निवासी पेशे से वकील बताकर सूद पर रुपये बांटने वाले सुजीत शाह को मौत का जिम्मेदार ठहराया है। सुसाइड नोट में आरोप लगाया कि सूदखोर सुजीत की वसूली कर रहा था। इससे वह परेशान हो गए थे। सुजीत के खिलाफ कार्रवाई की अपील की है। हर्षित के पिता मदन मोहन टंडन की तहरीर पर पुलिस ने सुजीत शाह को गिरफ्तार कर लिया है।

पिता मदन मोहन टंडन ने बताया कि हर्षित ने सुजीत से रुपये लिये थे। पिता के मुताबिक सुजीत सूद पर रुपये देता है। उसकी प्रताड़ना से तंग आकर आत्मघाती कदम उठाया है। हर्षित इकलौता था, परिवार संग बीबीडी ग्रीन सिटी में रहते थे। गुरुवार रात पूरा परिवार साथ बैठा था। करीब नौ बजे हर्षित को काल आयी थी। वह किसी से कामता चौराहे पर मिलने की बात कर रहा था। इसके बाद 9.45 बजे मंजिल पर हर्षित ने पहले कमरे फिर बाथरूम में जाकर दरवाजा बंद कर खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुन परिजन भाग कर पहुंचे। कमरे का दरवाजा तोड़ पुलिस को सूचना दी। पुलिस व फारेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किये। मौके से सुसाइड नोट बरामद हुआ है। जिसमें सुजीत शाह के बारे में लिखा है। सुसाइड नोट पुलिस ने जांच के लिये लैब भेजा है। इंस्पेक्टर अजय नरायण सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर आरोपी सुजीत शाह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है।

तैयारी | इटावा के भदावरी फार्म में पशुपालन विभाग करेगा संरक्षण और प्रजनन

## बीहड़ में विलुप्तप्राय जमुनापारी बकरियों का बढ़ेगा कुनबा

- अप्रैल से होगा पालन, कम कीमत पर पशु पालकों को करेंगे बिक्री

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के बीहड़ क्षेत्रों में विलुप्तप्राय हो रहीं सबसे ज्यादा पाली जाने वाली जमुना पारी बकरियों का कुनबा पशु पालन विभाग इटावा से बढ़ाएगा। जो यहां के भदावरी फार्म में जर्जर व बंद बकरी संरक्षण केंद्र को अप्रैल में वृहद बनाकर जमुना पारी बकरियों का बड़ी संख्या में पालन करेगा। विभाग संरक्षण के लिए इस प्रजाति की बकरियां इटावा की सबसे बड़ी चकर नगर मंडी, आगरा, औरैया, जालौन, झांसी, भिंड आदि यमुना व चंबल नदी से लगे जिलों की बाजारों से खरीदेगा और प्रजनन कर पशु पालकों को योजना के तहत कम दाम पर बेचेगा। यह बकरियां जमुनापार के चंबल जैसे बीहड़ क्षेत्र की प्रजाति हैं। ऐसे स्थानों पर ही रहकर यह झाड़ियां, घास, पत्तियां आदि खाती हैं। इनकी संख्या दिन पर दिन कम होती जा रही है।

### दूध में औषधीय गुण, बकरी की कीमत 70 हजार तक

जमुनापारी बकरी सबसे ज्यादा इटावा के बीहड़ क्षेत्र के साथ आसपास यमुना व चंबल नदी से घिरे क्षेत्रों में होती हैं। इन बकरियों की बिक्री का यहां का चकर नगर मुख्य बाजार है। इन्हें सबसे अच्छी डेयरी के रूप में जाना जाता है। यह बकरी दो लीटर तक दूध देती है। दूध में मिनरल, साल्ट की मात्रा अधिक होती है। औषधीय गुण होने के साथ डेंगू समेत अन्य बीमारी में लाभकारी होता है। दूध महंगा बिकता है और बकरियों की कीमत भी 60 से 70 हजार रुपये तक है। यह जीवन काल में 13 से 15 बच्चे देती हैं। अन्य नस्लों की तुलना में इनकी लंबाई अधिक होती है। जो दो पैरों पर खड़े होकर झाड़ियों की पत्तियां खाती हैं। वजन भी 50-60 किलो तक होता है।

> बीहड़ क्षेत्र की मुख्य प्रजाति जमुना पारी बकरियां धीरे-धीरे विलुप्त हो रहीं हैं। इटावा के बकरी संरक्षण केंद्र का विस्तार कर संरक्षण करेंगे और प्रजनन के माध्यम से प्रजाति बढ़ाएंगे। पशु पालकों को योजना के तहत बकरी बिक्री करेंगे। इससे उनकी आय भी बढ़ेगी।
> - डॉ. अरविंद कुमार वर्मा, अपर निदेशक, लघु पशु।



### मथुरा बकरी संरक्षण केंद्र की देखरेख में होगा पालन

जमुनापारी बकरियों का संरक्षण करने की योजना उप्र पशु पालन विभाग की है। जो 200 बकरियों का संरक्षण कर शुरुआत करेगा। जबकि संचालन व देखरेख केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मथुरा करेगा। इस योजना में इटावा को इसलिए चुना गया क्योंकि जमुनापारी बकरियों का पालन, खरीद-बिक्री का केंद्र है। अन्य जिलों के बीहड़ क्षेत्र भी आसपास हैं और अनुसंधान संस्थान भी दूर नहीं है।

## एक नजर

### छह आईएएस अधिकारियों का तबादला

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले शुक्रवार को छह आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। आईएएस विपिन कुमार मिश्रा को शाहजहांपुर का नया नगर आयुक्त बनाया गया है, जबकि इसपर कार्यरत कामता प्रसाद सिंह का एडिशनल कमिश्नर फूड और सचिव सतर्कता आयोग के पद पर तबादला हुआ। अपूर्वा दुबे उपाध्यक्ष अलीगढ़ विकास प्राधिकरण बनाई गईं। नितिन गिरि को कानपुर, मदन गर्बयाल को पीलखुआ और अतुल वत्स को गाजियाबाद के विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

### होली से पहले एनएचएम कर्मियों को मिलेगा वेतन

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली से पूर्व 20 मार्च तक एनएचएम कर्मचारियों का वेतन निरागत जायेगा। इस सम्बन्ध में मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र. डॉ. पिंकी जोवल की ओर से शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया गया है। 24 व 25 मार्च को होली पर्व होने एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 के समाप्ति के दृष्टिगत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र के कर्मचारियों के लिए माह मार्च, 2024 के वेतन का भुगतान दिनांक 18 मार्च तक की उपस्थिति के आधार पर दिनांक 20 मार्च तक प्रत्येक दशा में निर्गत करने का निर्देश जारी किए गए है।

### शकुंतला विश्वविद्यालय ने भरा 5.16 करोड़ गृहकर

**अमृत विचार, लखनऊ :** शुक्रवार को नगर निगम जोन-6 में जोनल अधिकारी मनोज यादव के नेतृत्व में कर अधीक्षक अवधेश कुमार व राजस्व निरीक्षक अजय कुमार वर्मा ने अभियान चलाया। जिसमें डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय जाकर बकाया गृहकर के 5.16 करोड़ रुपये चेक के माध्यम से जमा किए।

# डबल इंजन सरकार में युवा के लिए आजीविका तो आस्था का भी सम्मान

## मुख्यमंत्री ने करोड़ों की योजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास



कार्यक्रम के दौरान छात्रा को स्मार्टफोन प्रदान करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में गोरखपुर के सांसद रवि किशन व अन्य। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार हर परिवार को जल्द फैमिली आईडी कार्ड जारी करेगी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में युवा के लिए आजीविका है तो आस्था का सम्मान भी है। बहन, बेटियों, व्यापारियों को सुरक्षा भी है। सरकार विकास को आगे बढ़ाने और विरासत के संरक्षण का कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की 1878 करोड़ की 76 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के साथ सिद्धार्थनगर में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में 24.69 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली फार्मेसी बिल्डिंग के शिलान्यास एवं स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 4000 विद्यार्थियों के टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण समारोह व सभाओं को संबोधित कर रहे थे।

### 11वें नंबर पर था भारत

सिद्धार्थनगर जनपद के पिछड़ेपन की चर्चा करते हुए कहा कि अब यह दंश मिट गया है। उन्होंने जनता से पूछा कि मुफ्त राशन, आवास, और स्वास्थ्य बीमा कांग्रेस, सपा और बसपा की सरकारें दे सकती थीं, क्या राममंदिर निर्माण पिछली सरकारों के दौर में संभव था, जनता की ओर से एक स्वर में "नहीं" की आवाज आई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत 11वें नंबर पर था लेकिन प्रधानमंत्री के प्रयासों से आज भारत दुनिया का 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा।

योगी ने कहा कि सरकार हर परिवार को जल्द फेमिली आईडी कार्ड जारी करने वाली है। इस कार्ड में परिवार के हर व्यक्ति का विवरण होगा। यदि किसी के पास काम नहीं होगा तो सरकार उसे काम दिलाएगी। जिसके पास मकान, शौचालय, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड नहीं होगा, उसके पास खुद जाकर सरकार यह सुविधा उपलब्ध कराएगी।

कहा कि फार्मा सेक्टर में उत्तर प्रदेश पहले कंज्यूमर (उपभोक्ता) स्टेट था। दवाएं व अन्य जरूरी मेडिकल उत्पाद बाहर से आते थे। अब यूपी फार्मा सेक्टर का उत्पादक और निर्यातक बन जाएगा। इसके लिए सरकार ललितपुर में 2000 एकड़ में फार्मा पार्क बना रही है। यूपी में मेडिकल डिवाइस पार्क भी बन रहा है। इससे फार्मेसी के क्षेत्र में युवाओं को भी व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे।

### पुलिस विभाग को भवनों के लिए मिले 17.53 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने पुलिस कर्मियों के लिये आवासीय व अनावासीय भवनों आदि के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए कमिश्नरेट कानपुर व गौतमबुद्धनगर के लिए 17 करोड़ 53 लाख 41 हजार रूपये की धनराशि स्वीकृत करके भेजी है।

यह जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत कमिश्नरेट कानपुर नगर के थाना विधनू के अन्तर्गत नवीन थाना सेन पश्चिम पारा के अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य हेतु धनराशि रूपये 816.42 लाख की लागत पर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में धनराशि रूपये 4 करोड़ 8 लाख 21 हजार निर्गत कर दी गयी है। इसी प्रकार कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के थाना ईकोटेक-3 के टाईप बी आवासीय भवनों के 22 नग के निर्माण कार्य हेतु धनराशि रूपये 936.99 लाख की लागत पर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में धनराशि रूपये 4 करोड़ 68 लाख 49 हजार अवमुक्त कर दी गयी है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए गये है।

# यीडा के आठ भूखंडों पर होगा 86 करोड़ का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 600 लोगों को मिलेगा रोजगार प्राधिकरण से भूखंडों के लिए ई ऑक्शन पूरा

**अमृत विचारः** यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) ने अपने आठ संस्थागत भूखंडों के ई ऑक्शन के जरिए 37 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि प्राप्त की है। इन भूखंडों पर आवंटी द्वारा लगभग 86 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जिससे लगभग 600 लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

प्राधिकरण की संस्थागत भूखंडों के आवंटन की योजना के तहत गुरुवार को ई ऑक्शन की प्रक्रिया पूर्ण हुई है। 8 भूखंडों के सापेक्ष कुल बिड प्राइज लगभग 31.48 करोड़ रुपये की थी। इस बिड प्राइज के सापेक्ष प्राधिकरण को 37.12 करोड़ की धनराशि प्राप्त होगी जो कि बिड प्राइज से 5.65 करोड़ रुपए अधिक है।

इस योजना में नर्सिंग होम के 6 भूखंडों के सापेक्ष कुल 14, कारपोरेट ऑफिस के 1 भूखंड के सापेक्ष 14 एवं सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 1 भूखंड के सापेक्ष 1 आवेदन प्राप्त हुए थे। भूखंडों में सबसे अधिक भूखंड (सीनियर सेकेंडरी स्कूल) का क्षेत्रफल 10115 वर्ग मीटर है जोकि 2.5 एकड़ से भी अधिक है। यह भूखंड मेसर्स सुभाष इंफ्राइंजीनियर्स प्रा. लि. को प्राप्त हुआ है। इसके अलावा कॉर्पोरेट ऑफिस का एक भूखंड जो मेसर्स फ्लक्स कैपिटल प्रा. लि. को प्राप्त हुआ। इसकी बिड प्राइज से लगभग दो गुना रेट पर बिड लगी है। इसी तरह, नर्सिंग होम के लिए भूखंड मेट्रो इंडिया लि., जेपीएस रीयल एस्टेट, आर आर मेडिकल सर्विसेज प्रा. लि., नवीन मेडिकेयर प्रा. लि.(2 बिड) और रामराज वेलनेस प्रा. लि. को प्राप्त हुआ है। इन सभी 6 भूखंडों पर बिड प्राइज से ज्यादा की बिड प्राप्त हुई है।

### उड़ान के लिए नियमित बुकिंग नहीं, 19 को चित्रकूट के लिए उड़ान

**अमृत विचार, लखनऊ :** 5 शहरों के लिए शुरू हुई उड़ान सेवा के लिए अभी पूरी तरह से बुकिंग नहीं हो पा रही है। बुकिंग विमान की उपलब्धता के अनुसार खोली जा रही है। अब 19 मार्च को चित्रकूट के लिए विमान उड़ान भरेगा।

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मुरादाबाद, आजमगढ़, अलीगढ़, श्रावस्ती और चित्रकूट के लिए फ्लाई बिग एयरलाइंस ने अपनी सेवाएं 11 मार्च से शुरू की थी। मुरादाबाद के लिए अभी तक विमान का संचालन नहीं हो सका है और न ही बुकिंग हो रही है। अन्य 4 जिलों के लिए भी नियमित तौर पर बुकिंग नहीं हो रही है। विमान की उपलब्धता के अनुसार बुकिंग हो रही है। चित्रकूट के लिए 19 मार्च को विमान उड़ान भरेगा और उसके लिए बुकिंग हो रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शेड्यूल में बदलाव संभव है इसलिए बुकिंग नियमित तौर पर नहीं हो रही है। अगले सप्ताह तक शेड्यूल जारी होने की संभावना है। साथ ही समय सारिणी में बदलाव हो सकता है। इसके बाद ही नियमित तौर पर बुकिंग होगी। अगले सप्ताह से ही मुरादाबाद के लिए विमान सेवा शुरू हो सकती है।

# इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करेगी नई बिजली कंपनी यूपी रेव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** अब प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग की समस्या दूर हो सकेगी। इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने का कार्य नई बिजली कंपनी यूपी रिन्यूवेबिल एंड ईवी इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (यूपी रेव) करेगी। शासन की स्वीकृति से नई कंपनी का गठन किया गया है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष नई कंपनी के पदेन अध्यक्ष बनाए गए हैं। राज्य सरकार इस कंपनी के लिए जल्द पूर्णकालिक प्रबंध निदेशक की नियुक्ति करेगी। कॉरपोरेशन की शत-प्रतिशत स्वामित्व वाली यह कंपनी कारपोरेशन के नियंत्रण में काम करेगी।

पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डा आशीष कुमार गोयल ने बताया है कि प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है। प्रति वर्ष इसमें लगभग 47 प्रतिशत वृद्धि की संभावना है। केंद्र सरकार भी इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित कर रही है। आने वाले वर्षो में इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए नई कंपनी का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि कारपोरेशन के पास पूरे प्रदेश में बडी संख्या में जमीन व इलेक्ट्रिक इन्फ्रास्ट्रक्चर मौजूद है। इसको देखते हुए पावर कारपोरेशन ने सरकार के पास नई कंपनी के गठन के लिये प्रस्ताव भेजा था।

### चार्जिंग पर वाहनों से शुल्क वसूलेगी नई कंपनी

कारपोरेशन के अध्यक्ष ने बताया कि नई कंपनी प्रदेश की वितरण, पारेषण व उत्पादन कपनियों के पास उपलब्ध भूमि बैंक, राज्य के विभिन्न राजमार्गो, राष्ट्रीय हाईवे, शहर व अन्य उपयुक्त स्थानों पर इलेक्ट्रिकल व्हीकल चार्जिंग इन्फास्ट्रक्चर का विकास और रखरखाव करेगी और लोगों से निर्धारित शुल्क वसूल करेगी।

# सत्ता के लिए जी-जान से जुट जाएं : मायावती

- सत्ता की चाबी प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने के लिए देनी होगी तन, मन व धन की कुर्बानी
- बसपा संस्थापक कांशीराम की 90वीं जयंती पर बसपा प्रमुख ने किया आह्वान

राज्य ब्यूरो,लखनऊ



कांशीराम स्मारक पर जयंती के अवसर पर एकत्रित बसपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचारः** बसपा के संस्थापक कांशीराम की 90वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सुप्रीमो मायावती ने कहा कि गुलाम मानसिकता वालों से अलग, अपनी एक जुटता दिखाये और केन्द्र व राज्यों की सत्ता अपने हाथ में लेने के लिए जी जान से जुट जाये। सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति आन्दोलन की सफलता के लिए तन, मन व धन की कुर्बानी देनी होगी।

बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को, लखनऊ स्थित अपने आवास पर कांशीराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद लोकसभा चुनाव को लेकर पदाधिकारियों को संबोधित भी किया। सोशल मीडिया पर अपने संदेश में उन्होंने कहा कि दलित, शोषित समाज को आत्मनिर्भर बनना है, इसके लिए सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करनी होगी।

### कांशीराम की जयंती मनाई

पुरानी जेल रोड आलमबाग स्थित कांशीराम स्मारक पर बसपा की जिला यूनिट द्वारा बुद्ध पूजा चिवरदान व पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कांशीराम की जयंती मनाई गयी। इस मौके पर एमएलसी भीमराव आंबेडकर, रामनाथ रावत, अखिलेश आंबेडकर, जिला प्रभारी ब्रजेश चौधरी व जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार गौतम आदि संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे।

### मायावती उसी से मिल रही हैं जिसका टिकट तय : भीमराव

लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को लेकर बसपा द्वारा अधिकारिक घोषणा तो नहीं की गई है। मगर बसपा प्रमुख से आशीर्वाद मिलने के बाद लगभग तय माना जा रहा है। लखनऊ मंडल के प्रभारी व विधान परिषद सदस्य भीमराव आंबेडकर का कहना है, संभावित प्रत्याशियों के नाम की सिफारिश मंडल प्रभारियों द्वारा की जा रहीं हैं। लखनऊ मंडल में उन्नाव सीट के लिए अशोक पाण्डेय और दोहरारा सीट पर श्याम किशोर अवस्थी को मायावती की सहमति मिल चुकी है, औपचारिक घोषणा समय आने पर पार्टी द्वारा की जायेगी।

# चुनावी बांड काले धन को सफेद करने की गारंटीः अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चंदा वसूली में ईडी, सीबीआई व आयकर जैसी केंद्रीय एजेंसियों का किया प्रयोग

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को चुनावी बांड को लेकर भाजपा पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि यह काले धन को सफेद करने की भाजपाई गारंटी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ईडी, सीबीआई व इनकम टैक्स जैसी केंद्रीय एजेंसियों का प्रयोग विपक्ष को परेशान करने व चुनावी चंदा वसूलने के लिए किया है। 'न खाएंगे न खाने देंगे' का असली चेहरा बेनकाब हो गया है।

सपा मुखिया ने शुक्रवार को प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि चुनावी बांड बेरोजगारी महंगाई शोषण व युवाओं का भविष्य खराब करने की भाजपाई गारंटी है। कहा कि चुनावी बांड का विवरण सामने आने के बाद यह साबित हो गया है कि भाजपा सबसे बड़ी खाऊ पार्टी है। चुनावी बांड महा घोटाले का सुप्रीमो है। इससे भाजपा का असली चेहर सबके सामने आ गया है।

### भाजपा हटाओ, नौकरी पाओ का दिया नारा

अखिलेश ने कहा कि कोरोना वैक्सीन को लेकर हमारे ऊपर क्या-क्या आरोप लगाए गए, आज यह सामने आ गया कि उसी वैक्सीन बनाने वाली कंपनी ने भाजपा को चुनावी चंदा दिया है। 'न खाएंगे न खाने देंगे' का नारा लगाने वाली भाजपा आज डकार भी नहीं रही है। महंगाई बढ़ने का कारण भी चुनावी बांड है। सपा अध्यक्ष ने एक बार फिर 'भाजपा हटाओ नौकरी पाओ' का नारा दिया।

### नैक ग्रेडिंग के लिए डॉ. बीआर विवि की समीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊः** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को राजभवन में डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के नैक ग्रेडिंग के लिए तैयार प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। उन्होंने विश्वविद्यालय को मापदंड के अनुसार रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

आगरा विश्वविद्यालय को इससे पूर्व नैक का 'बी प्लस प्लस' ग्रेड प्राप्त का चुका है। इसकी वैधता 2022 में समाप्त हो चुकी है। विश्वविद्यालय को वर्ष 2004 में 'बी' ग्रेड व वर्ष 2017 में 'बी प्लस प्लस' ग्रेड प्राप्त हुआ था। अब तीसरी बार मूल्यांकन के लिए तैयार विश्वविद्यालय की रिपोर्ट की बिंदुवार समीक्षा की गई।

समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा पंकज जानी, विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर आशु रानी आदि उपस्थित रहे।

# इलेक्टोरल बांड से उजागर हुआ भाजपा का भ्रष्टाचारःअजय



प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मेधा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रा ने अप्रैल 2023 में 140 करोड़ डोनेट किया

**अमृत विचारः** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि इलेक्टोरल बांड के आंकड़ों से उजागर भाजपा का भ्रष्टाचार उजागर हो गया है। उन्होंने कहा कि ईडी, सीबीआई व आईटी का इस्तेमाल कर भाजपा ने चंदा वसूली की है। प्रदेश अध्यक्ष शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि ऐसी कई कंपनियों के मामले हैं जिन्होंने इलेक्टोरल बांड दान किया है और इसके तुरंत बाद सरकार से भारी लाभ प्राप्त किया। मेधा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रा ने अप्रैल 2023 में 140 करोड़ डोनेट किया और ठीक एक महीने बाद इस कंपनी को 14,400 करोड़ रुपए की प्रोजेक्ट मिल गया।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि एसबीआई द्वारा पेश किए गए किये गये डेटा में मार्च 2018 से अप्रैल 2019 तक जारी इलेक्टोरल बांड का डेटा गायब है।

# कानपुर में इमरजेंसी सेवाओं का विस्तार, सीटी स्कैन मशीन भी लगी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने की वर्चुअल शुरुआत, 18 जिलों के मरीजों को मिलेगा लाभ

**अमृत विचारः** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कानपुर में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में गंभीर मरीजों को और बेहतर इलाज मिल सकेगा। इमरजेंसी में ही सीटी स्कैन जांच व अत्याधुनिक उपकरणों की उपलब्धता से स्पेशलिस्ट चिकित्सकों को इलाज करने में आसानी हो जाएगी।

उपमुख्यमंत्री ने शुक्रवार को एनेक्सी सभागार में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की नई सीटी स्कैन मशीन व 16 शैय्या युक्त अत्याधुनिक वार्ड (रेड जोन) आदि सुविधाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध लाला लाजपत राय चिकित्सालय में 16 शैय्या युक्त अत्याधुनिक इमरजेंसी सेवाओं से युक्त वार्ड (रेड जोन) का शुभारंभ किया गया है। इन सेवाओं से कानपुर के आसपास के 18 जिलों के गंभीर रोगियों को यहां त्वरित उपचार मिलेगा।

ब्रजेश पाठक ने बताया कि अस्पताल में 7.17 करोड़ रुपये की 128 स्लाइस वाली सीटी स्कैन मशीन भी स्थापित की गई है। इस मशीन के जरिए ब्रेन परफ्यूजन एवं बॉडी परफ्यूजन की भी सुविधा रहेगी। यह कैंसर एवं स्ट्रोक के मरीजों के लिए उपयोगी रहेगी। बायोप्सी की सुविधा भी चिकित्सालय में मिलेगी। उन्होंने बताया कि गंभीर मरीजों के इलाज के दौरान दिक्कत न हो, इसके लिए चिकित्सालय के एक वार्ड को 40 शैय्या युक्त इमरजेंसी वार्ड में परिवर्तित कर दिया गया है। इसमें कुछ बेड वेंटीलेटर युक्त हैं। मरीज के पूरे शरीर का एक्स रे करने के लिए लगभग 1.2 करोड़ रुपये का अत्याधुनिक डिजिटल रेडियोग्राफी सिस्टम भी स्थापित किया गया है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा, सचिव अपर्णा यू व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### यूपी के 121 लोग चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य

**अमृत विचार, लखनऊः** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के 121 लोगों को चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया है। आयोग की ओर से की इसकी सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजी गई है। अयोग्य घोषित हुए लोगों में कोई बड़ा नाम नहीं है। मुख्य निर्वाचन कार्यालय के सूत्रों के अनुसार इन पर 2027 तक प्रतिबंध लागू रहेगा। सूत्रों ने बताया कि समय से चुनाव खर्च जमा न करने व कई अन्य खामियों के कारण इन लोगों को दोषी पाया गया है।

# बसपा के दो पूर्व मंत्री समेत सपा के कई पूर्व विधायक भाजपा में शामिल



भाजपा में शामिल हुए जन प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व मंत्री स्वतंत्र देव सिंह। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूर्व राज्य मंत्री अच्छेलाल निषाद और सिद्ध गोपाल साहू ने भाजपा की ली सदस्यता

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के समक्ष शुक्रवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर बसपा के पूर्व राज्य मंत्री अच्छेलाल निषाद (बांदा), और पूर्व राज्य मंत्री सिद्ध गोपाल साहू (महोबा) समेत सपा के कई पूर्व विधायकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान नेताओं ने प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने के साथ मोदी की प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी ताजपोशी का संकल्प लिया।

भाजपा में शामिल होने वालों में सपा के पूर्व एमएलसी एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्याम सुंदर सिंह (झांसी), बसपा के पूर्व विधायक व सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मधुसूधन शर्मा (आगरा), माध्यमिक शिक्षक संघ से पूर्व शिक्षक क्षेत्र एमएलसी प्रत्याशी महेन्द्र नाथ राय (लखनऊ), बसपा के पूर्व विधायक डा. हाफिज इरशाद (आजमगढ़), सपा से पूर्व विधायक/पूर्व जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा (आगरा), सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बिपिन कुमार शुक्ला (बस्ती), आम आदमी पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी पुष्कर आदित्य सिंह (बस्ती), पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सियावती शुक्ला (उन्नाव), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अंजलि मौर्या (रायबरेली), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शेलेन्द्र सिंह (आगरा), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आशीष कुमार सिन्हा (लखनऊ), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी जगदत्त कोरी (लखनऊ), सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी/ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लाल सिंह लोधी (आगरा) ने बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसके साथ ही नगर निकायों और पंचायतों के सैंकड़ों प्रतिनिधियों ने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ली।

### सड़क निर्माण में उपयोग हो एफडीआर तकनीक

**अमृत विचार, लखनऊः** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सड़कों के निर्माण में ज्यादा से ज्यादा एफडीआर तकनीक का उपयोग करने का निर्देश दिया है। निर्देश में उन्होंने कहा कि इससे सड़कें मजबूत व टिकाऊ बन सकेंगीं।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई जा रही सड़कों में एफडीआर (फुल डेप्थ रिक्लेमेशन) तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण में अधिक से अधिक एफडीआर तकनीक का उपयोग किया जाय।

# त्रिनेत्र 2.0 से खुलेगी अपराधियों की कुंडली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




- डीजीपी प्रशांत कुमार व एसटीएफ चीफ अमिताभ यश ने लांच किया ऐप
- प्रदेश के सभी थानों और मालखानों के सामान की डिटेल की जाएगी दर्ज

**अमृत विचारः** यूपी पुलिस त्रिनेत्र 2.0 तकनीक से अपराधियों की कुंडली तैयार कर धरपकड़ करेगी। उनका आपराधिक रिकार्ड डिजिटलाइज किया जाएगा। मालखानों में रखे जाने वाले सामान की जानकारी भी ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। ऐप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक पर काम करेगा। इस पर क्लिक करते ही संबंधित गिरोह की डिटेल सहज उपलब्ध हो जाएगी।

डीजीपी प्रशांत कुमार और एसटीएफ के चीफ अमिताभ यश ने शुक्रवार को त्रिनेत्र 2.0 की शुरुआत की है। अफसरों ने दावा किया कि नई टेक्नोलॉजी शुरूकर इस पर बड़े काम कर रहे हैं। इस ऐप से क्राइम जीपीटी, फीचर से अपराधी के बारे में पता किया जा सकेगा। गिरफ्तार आरोपी की एआई तकनीक से जांच कर सकते हैं। बताया किसी की फोटो हम लेते हैं तो उसके बारे में तत्काल जानकारी मिलेगी। इसके अलावा थानों और मालखानों में रखे सामान की डिटेल भी इस पर अपलोड की जायेगी। जिससे पता किया जा सकेगा किस माल खाने में कितना और क्या-क्या सामान रखा है।

ग्राउंड जीरो पर पुलिस अफसर संदिग्ध को फोटो से कर सकेंगे सर्च

अफसरों ने बताया त्रिनेत्र एंड्रॉयड और आईओएस के साथ वेब डैशबोर्ड के रूप में संचालित किया जाएगा। इससे क्राइम हिस्ट्री को डिजिटलाइज किया जाएगा। त्रिनेत्र पुलिस को ऐप और वेब डैशबोर्ड के माध्यम से फेशियल रिकॉग्निशन की सुविधा प्रदान देगा। इससे ग्राउंड जीरो पर पुलिस ऑफिसर किसी संदिग्ध को उसके फोटो के माध्यम से सर्च कर सकेंगे।

### आवाज से भी हो सकेगी पहचान

अपराधी फोन कॉल से लोगों को धमकी दे शिकार बनाते हैं। त्रिनेत्र 2.0 पहली बार ऑडियो बेस्ड सर्च की सुविधा देगा। इससे किसी भी अपराधी की आवाज से पहचान हो सकेगी। ये एआई टेक्नोलॉजी किसी भी अपराधी को उसके रिकॉर्डेड ऑडियो से पहचानने में पुलिस की मदद करेगी। इसके अलावा एडवांस गैंग अनालिसिस का फीचर अपराधी और उसके गैंग की कुंडली चंद सेकेंड में उपलब्ध करायेगा।



5वां रोजा

शिया
सहरी : 4.44 बजे
इफ्तार : 6.27 बजे

सुन्नी
सहरी : 4.50 बजे
इफ्तार : 6.17 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## शहर में आज

- हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर पांच दिवसीय होली गंजिंग कार्निवाल- 11:00 बजे।
- आईसीएमएआई-सीएमए भवन, विकास खंड-1 गोमतीनगर में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम- 2:00 बजे।
- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में एपीजे अब्दुल कलाम अवार्ड वितरण समारोह- 2:00 बजे
- हलवासिया कोर्ट,हजरतगंज में स्नातक समारोह- 3:30 बजे
- संगीत नाटक अकादमी में नाटक एक इरादा अभिप्राय का मंचन- 6.30 बजे

# फ्लैट देने में देरी की, एलडीए दे 1 लाख हर्जाना

## उपभोक्ता फोरम ने रजिस्ट्री के रुपये भी 9 प्रतिशत ब्याज समेत लौटाने का दिया आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरगम अपार्टमेंट में फ्लैट खरीदने के लिए एक व्यक्ति ने पूरी धनराशि समय पर जमा कर दी। फिर भी उसे कब्जा 5 साल बाद मिला। रजिस्ट्री के 7 लाख रुपये और जमा कराए गए। उपभोक्ता की अपील पर राज्य उपभोक्ता आयोग ने एलडीए पर 1 लाख रुपये हर्जाना लगाया है।

राम निवास यादव पुत्र हर किशन यादव के मुताबिक उन्होंने 2011 में एलडीए से सरगम अपार्टमेंट में श्री बीएचके का फ्लैट 30.90 लाख रुपये का खरीदा था। आवंटन पत्र के साथ डेढ़ लाख रुपये दिए।

शेष रकम 2013 तक किस्तों में समय पर जमा की। फ्लैट पर कब्जा दो साल में देना था, लेकिन, समय पर फ्लैट तैयार न कर पाने के कारण 2019 में कब्जा दिया गया।

30.90 लाख रुपये में वाटर टैक्स, पार्किंग, सीवर, लाइट आदि सभी रुपये लिए गए। इसके बाद रजिस्ट्री अलग से

- **2011 में सरगम अपार्टमेंट में श्री बीएचके का फ्लैट बुक कराया था**
- **30.90 लाख रुपये पर भी जमा तिथि से 9 प्रतिशत ब्याज एलडीए को देना होगा**
- **भुगतान में देरी करने पर एलडीए पर 12 प्रतिशत ब्याज लगाया जाएगा**

7,07,460 रुपये लेकर कराई। इसकी शिकायत राज्य उपभोक्ता आयोग में की। इसकी सुनवाई न्यायमूर्ति/अध्यक्ष अशोक कुमार ने की। न्यायमूर्ति ने पूछा रजिस्ट्री के रुपये अलग से क्यों लिए गए। इसका एलडीए जवाब नहीं दे सका। इस पर एलडीए पर 1 लाख रुपये हर्जाना लगाने के साथ आदेश दिया कि 7,07,460 रुपये जमा तिथि से 9 प्रतिशत ब्याज के साथ वापस करें।

साथ ही देरी पर 30.90 लाख रुपये पर जमा तिथि से 9 प्रतिशत ब्याज दिया जाए। व्यय के 25 हजार भी देने होंगे। भुगतान में देरी पर 12 प्रतिशत ब्याज लगाया जाएगा।

# प्रसूता की मौत, होम्योपैथिक चिकित्सक दे 25 लाख हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डालीगंज में एक होम्योपैथिक चिकित्सक ने अपने नर्सिंग होम पर एलोपैथिक उपचार कर महिला का प्रसव कराया। इससे महिला की मौत हो गई। मामला राज्य उपभोक्ता आयोग में पहुंचा तो चिकित्सक पर लाखों रुपये हर्जाना लगाया है।

लखीमपुर बिजुआ निवासी विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि गर्भवती पत्नी संगीता को 15 जनवरी 2014 को लखनऊ के डालीगंज स्थित मनकामेश्वर नर्सिंग होम लाए थे। यहां बोर्ड व पर्चे में डॉ. मीना पांडेय स्त्री रोग विशेषज्ञ लिखा था। डॉक्टर ने संगीता को भर्ती कर लिया, उसे सामान्य प्रसव हुआ। खून की कमी बताकर डॉक्टर ने व्यवस्था करने के लिए कहा। जब वह खून लेकर पहुंचे तो पत्नी की मृत्यु हो गई।

बाद में पता चला कि डॉ. मीना होम्योपैथिक डॉक्टर हैं जबकि एलोपैथिक दवाओं से गलत उपचार किया। इस पर उन्होंने राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। इसकी सुनवाई प्रिसाइडिंग जज राजेन्द्र सिंह व सदस्य विकास सक्सेना ने की और हाईकोर्ट की रूलिंग के विपरीत बताया। कहा, होम्योपैथ या आयुर्वेद के डॉक्टरों को एलोपैथ चिकित्सा का अधिकार नहीं है। आयोग ने डॉक्टर को 25 लाख रुपये हर्जाना देने का आदेश दिया है। इसके अलावा 5 लाख रुपये व 20 हजार रुपये के व्यय भी डॉक्टर को देना होगा। 30 दिन में हर्जाना का भुगतान न करने पर 15 प्रतिशत ब्याज देना होगा। डॉक्टर को पीड़ित पक्ष को कुल 66.44 लाख रुपये देना होगा।

## भाकियू लोकतांत्रिक की सदस्यता ली

**अमृत विचार काकोरी लखनऊ :** भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान की अध्यक्षता में पारा के मोहान रोड स्थित एक होटल में शुक्रवार को विशेष चर्चा के साथ सदस्यता अभियान प्रारंभ किया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने किसान यूनियन लोकतांत्रिक की टोपी बिल्ला लगाकर सदस्यता ग्रहण की। जिसमें अभिषेक यादव रिशु, मनीष यादव, सत्येंद्र यादव,अमित यादव, सतीश यादव ने सदस्यता ली।

# राजधानी में बीएसएनएल की 4 जी सेवाएं शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बीएसएनएल ने राजधानी में अपने ग्राहकों के लिए 4जी की सुविधा शुरू कर दी है। अभी शुरुआत में महानगर और कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं शुरू हुई हैं। जल्द ही पूरे शहर में 4जी की सुविधा मिलने लगेगी।

एक ओर जहां कई टेलीकाम कंपनियां ग्राहकों को 5जी की सुविधा दे रही है। बीएसएनएल अपने ग्राहकों को 2जी एवं 3जी की सुविधा प्रदान कर रहा है। इसी क्रम में बीएसएनएल ने भी 4जी की सुविधा देनी शुरू कर दी है। पूरे जिले में 4जी सेवा शीघ्र

- **ग्राहक सेवा केंद्र पर जाकर 2जी व 3जी सिम को 4जी में ग्राहक निशुल्क कराएं परिवर्तित**

शुरू हो जाएगी। जिसके क्रम में बीएसएनएल के मोबाइल उपभोक्ताओं को हाई स्पीड इंटरनेट सुविधा का लाभ मिलेगा।

मुख्य महाप्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि इस सुविधा का लाभ लेने के लिए ग्राहकों को बीएसएनएल के मोबाइल उपभोक्ता को अपने पास मौजूदा 2जी या 3जी सिम कार्ड को बीएसएनएल के किसी भी ग्राहक सेवा केंद्र पर जाकर 4जी सिम में परिवर्तित करवाना पड़ेगा। ग्राहकों का सिम निशुल्क बदला जाएगा।

# गोशाला निरीक्षण के दौरान चाक चौबंद मिली व्यवस्था

**अमृत विचार, मलिहाबाद:** अस्थायी गो आश्रय केन्द्र माधौपुर का अपर निदेशक लखनऊ मण्डल डॉ. वीके सिंह द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने टैगिंग के निर्देश देने के साथ प्रधानप्रतिनिधि सरोज यादव कीं गौशाला में साफ सफाई देख सराहना की।

विकास खण्ड मलिहाबाद की ग्राम पंचायत माधौपुर में बनी गोशाला का औचक निरीक्षण अपर निदेशक लखनऊ मण्डल डॉ. वीके सिंह द्वारा किया गया। गोशाला में साफ सफाई चौबंद मिली। पशुओं के लिये पर्याप्त भूसा व हरे चारे के रूप में बरसीएम मिली। पशुओं को देने के लिये नमक व खनिज लवण के साथ पशु आहार पाया गया। आश्रय स्थल पर कुल 93 गोवंश मौजूद मिले।



मिशन भरोसा के तहत स्कूल वैन के चालकों को कार्ड देतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब, साथ में अन्य। अमृत विचार

# मिशन भरोसा से दूर होगी अभिभावकों की चिंता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार, लखनऊ :** मिशन भरोसा के शुरू होने से अभिभावकों की अपने बच्चों को लेकर चिंता कम होगी। स्कूली बच्चों के साथ होने वाले हादसों में भी कमी आएगी।

मंडलायुक्त ने डॉ. रोशन जैकब ने उक्त बात मिशन भरोसा परियोजना में पंजीकृत स्कूली वाहन चालकों को भरोसा स्मार्ट कार्ड देने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मिशन भरोसा प्रोजेक्ट स्मार्टसिटी लखनऊ के लिए अच्छी पहल है। इसके तहत समय समय पर चालकों की "ड्राइविंग रिफ्रेशर ट्रेनिंग" और उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाएगा। जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, आरटीओ, पुलिस और सीएमओ समेत अन्य विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करेंगे। स्कूली चालक-परिचालक और स्कूली वाहनों को बच्चों के लिए पूर्ण रूप से सुरक्षित बनाएंगे।

कार्यक्रम के अंत में सर्वेभ्यो फाउंडेशन संस्था की ओर से मिशन भरोसा प्रोजेक्ट पर बनी शिक्षाप्रद वीडियो भी दिखाया गया। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, संयुक्त निदेशक शिक्षा प्रदीप कुमार सिंह, आरटीओ (प्रशासन) उदय वीर सिंह, डीआईओएस राकेश पांडेय, एसीओ पंकज श्रीवास्तव, सर्वेभ्यो फाउंडेशन के निदेशक आलोक सिंह आदि मौजूद रहे।

स्मार्ट प्रदेश
उत्तर प्रदेश



नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर एवं आगरा में मेट्रो रेल सेवा
17 नगर निगम एवं गौतमबुद्धनगर में सेफ सिटी परियोजना का क्रियान्वयन
मेरठ से दिल्ली तक देश की प्रथम रेल रैपिड रेल सेवा

स्मार्ट सिटीज रैंकिंग में देश के टॉप-10 शहरों में उत्तर प्रदेश के आगरा एवं वाराणसी महानगर शामिल

इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव-2023 में उत्तर प्रदेश 10 विभिन्न श्रेणियों में अचीवर स्टेट, नार्थ जोन की टॉप स्मार्ट सिटी के रूप में वाराणसी महानगर पुरस्कृत

स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत प्रदेश के 10 शहरों (आगरा, अलीगढ़, बरेली, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और वाराणसी) में ₹9313 करोड़ की 670 परियोजनाओं पर कार्य गतिमान

10 स्मार्ट सिटीज में 6 श्रेणियों में स्वीकृत कार्यों में से 646 कार्य पूर्ण

राज्य स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत अयोध्या, फिरोजाबाद, गोरखपुर, गाजियाबाद, मथुरा-वृंदावन, मेरठ एवं शाहजहांपुर का स्मार्ट सिटी के रूप में विकास

अमृत योजना के अंतर्गत पेयजल की 157, सीवरेज की 84, हरित भूमि एवं पार्क की 530 परियोजनाएं पूर्ण, 91 परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर

इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर एवं सीसीटीवी कैमरों से जन-जन को सुरक्षा कवच

महिलाओं, वृद्धों, दिव्यांगों एवं बच्चों के लिए आवश्यक सुविधाओं का विकास

नवसृजित/ सीमा विस्तारित/उच्चीकृत नगर निकायों में मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना संचालित, ₹550 करोड़ का प्रावधान

100 आकांक्षी नगर निकायों के समग्र विकास हेतु आकांक्षी नगर योजना शुरू

3सी दृष्टिकोण यानी कन्वर्जेंस (अभिसरण), कोलैबरेशन (सहयोग) और कॉम्पिटिशन (प्रतिस्पर्धा) के आधार पर आकांक्षी नगर योजना का क्रियान्वयन

आकांक्षी नगरीय निकायों में मुख्यमंत्री फेलो के रूप में 100 प्रोफेशनल्स की नियुक्ति

9 लाख व्यक्तिगत शौचालयों, 69,381 सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण

निकायों में 1,100 पिंक शौचालयों का निर्माण

प्रदेश के 75 पर्यटक और ऐतिहासिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान

51 शहरों में 63 शहरी आजीविका केन्द्रों के माध्यम से 1.50 लाख कामगारों का पंजीयन करते हुए 48,501 से अधिक कामगारों को रोजगार

जनसामान्य की सुविधा के लिए सभी नगरीय निकायों में ई-नगर सेवा लागू

सीवर एवं सेप्टिक टैंक की सफाई हेतु सफाई मित्रों के सहयोग के लिए इमरजेंसी रिस्पॉन्स सैनिटेशन यूनिट का गठन

शहरों में 'चलो ऐप' द्वारा बसों की लाइव मॉनिटरिंग

59 अमृत शहरों में जीआईएस आधारित मास्टर प्लान तैयार कराने तथा 15 नगर निगमों में जीआईएस आधारित प्रापर्टी टैक्स मैनेजमेंट सिस्टम का कार्य प्रगति पर

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 17 लाख 62 हजार आवासों का निर्माण

लखनऊ में ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज पर आधारित लाइट हाउस प्रोजेक्ट के अंतर्गत 1,040 आवासों का निर्माण

इंडिया स्मार्ट सिटीज अवॉर्ड कॉन्टेस्ट में
उत्तर प्रदेश का देश में तीसरा स्थान

जन समस्याओं की सुनवाई हेतु 'सम्भव' पोर्टल तथा प्रदेशव्यापी
टोल फ्री नं. 1533 संचालित

Smart City
MISSION TRANSFORM-NATION










काम असरदार-डबल इंजन की सरकार

## एक नजर

### मताधिकार के महत्व पर बल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाइयों के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आरंभ विवि की डीन स्टूडेंट वेलफेयर एवं डायरेक्टर आईक्यूएसी प्रो. संगीता साहू द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने स्वयं सेवकों को मताधिकार के महत्व की जानकारी दी। प्रोग्राम अधिकारी डॉ. आनंद बल्लभ जोशी ने अगले सात दिनों में आयोजित होने वाली गतिविधियों को बताया।

### केकेसी : प्रतियोगिता का समापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज में चल रहे दो दिवसीय केकेसी लिट फेस्ट 2024 का शुक्रवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक जीसी शुक्ला उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि लिट्फ़ेस्ट में छात्र-छात्राओं की प्रतिभागिता ने उन्हें उत्साहित किया है और भविष्य में इस तरह के मूल्यवर्धक आयोजन किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान विभागाध्यक्ष सहित काफी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

# यू-डायस पोर्टल पर घटी छात्रों की संख्या

## बीएसए ने प्रधानाध्यापकों को रजिस्टर सहित किया तलब, सभी का वेतन रोकने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या यू-डायस पोर्टल पर पिछले साल की अपेक्षा इस बार घट गई है। अलग-अलग विद्यालयों की समीक्षा के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी ने पाया कि शहर में 228 ऐसे सरकारी विद्यालय हैं जिनमें बच्चों की संख्या पिछले साल की तुलना में पोर्टल पर इस साल कम दिख रही है। इस स्थिति को देखते हुए सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का वेतन रोकने की चेतावनी बीएसए ने दी है।

समीक्षा में पाया गया कि जिन विद्यालयों में अंतिम वर्ष में बच्चों की संख्या 520 थी, वहां घटकर 387 पहुंच गई है। 133 बच्चो का ब्योरा नहीं है। ऐसे करीब 18 विद्यालय हैं जहां प्रत्येक विद्यालय के अनुसार गायब होने वाले बच्चों की संख्या 100 से अधिक है। जबकि 210 विद्यालय ऐसे हैं जिनमें कहीं 80 तो कहीं 70 बच्चों का ब्योरा उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में बीएसए ने चेतावनी देते हुए पोर्टल पर सभी बच्चों का ब्योरा अपलोड करने के लिए कहा है। इसके अलावा प्रधानाध्यापकों को शनिवार को कार्यालय में उपस्थिति पंजिका सहित तलब किया गया है।


जोन-1 के सरकारी विद्यालय में निरीक्षण करते बेसिक शिक्षा अधिकारी। अमृत विचार

▸▸ राजधानी के 228 सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या ऑनलाइन हुई कम

**इन विद्यालयों में छात्रों की संख्या हुई कम :** चिनहट ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय मलेशेमऊ में अंतिम वर्ष में 520 बच्चे पंजीकृत थे। इसमें 387 का डाटा पोर्टल पर अपलोड है। 133 का गायब है। इसी तरह से प्राथमिक विद्यालय जुग्गौर में 593 बच्चे अंतिम वर्ष में थे। इसमें 474 का डाटा है बाकी बच्चे गायब हैं। प्राथमिक विद्यालय मुहराकला में 254 बच्चे अंतिम वर्ष में थे, इसमे 140 का डाटा है बाकी 114 बच्चे गायब हैं। गोसाईगंज प्राथमिक स्कूल केवाली में 273 बच्चे अंतिम वर्ष में थे 164 का डाटा पोर्टल पर है बाकी 109 का पता नहीं है। चिनहट के प्राथमिक विद्यालय गनेशपुर में भी 274 बच्चे अंतिम वर्ष में थे में इस बार 168 का डाटा है 106 बच्चे गायब हैं। ये तो एक बानगी भर है इसी तरह से कुल 228 स्कूलों का भी कुछ ऐसा ही हाल है।

### समस्या का कारण निकला आधार कार्ड

इस बारे में प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षत स्नातक एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष लल्ली सिंह कहती हैं कि स्कूलों में छात्रों की संख्या कम होने का सबसे बड़ा कारण आधार है। बच्चो के आधार बनने का रास्ता आसान नहीं है। इस स्थिति में जिन बच्चों का आधार होता है उनका डाटा फीड किया जाता है बाकी रजिस्ट्रर पर पंजीकृत है। लल्ली सिंह ने कहा कि कई बच्चे ऐसे भी हैं जिनके आधार में त्रुटियां हैं, ऐसे में प्रत्येक विद्यालय में आधार बनाने की सुविधा जब तक नहीं होगी ये समस्या आती रहेगी।

> प्रत्येक विद्यालय में पंजीकृत समस्त बच्चों का ब्योरा यू-डायस पोर्टल पर अनिवार्य है। समीक्षा में पाया गया कि प्रधानाध्यापकों की ओर से लापरवाही की जा रही है। सभी को चेतावनी दी गई है यदि डाटा पूरा अपलोड नहीं हुआ तो अग्रिम आदेश तक वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी।
>
> –राम प्रवेश, बेसिक शिक्षा अधिकारी

## एबेकस प्रतियोगिता में छात्र चैम्पियन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज द्वितीय कैम्पस के कक्षा 6 के छात्र अर्णव पाण्डेय ने एबेकस कम्पटीशन में चैम्पियन ट्राफी अर्जित किया। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित ब्रेनोब्रेनफेस्ट-2024 के अन्तर्गत आयोजित की गई। प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने विद्यालय के इस मेधावी छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है। मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच छात्र ने एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
My name in my High School marksheet is wrongly mentioned as Viplava Misra instead of Viplove Misra R/o House No. 622, Sector 3, Udyan -1, Eldeco Bangala Bazar, Lucknow

**सूचना**
सूचित हो कि मैं Mustab Siraa पत्नी नौशाद हुसैन निवासिनी :– रानीमऊ भट्टी, पो0– रानीमऊ भट्टी, अयोध्या की हूँ, मैने अपना नाम Mustab Sira Khatoon से बदलकर Mustab Siraa रख लिया हैं, आज से मुझे Mustab Siraa के नाम से ही जाना व पहचाना जाये ।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड व अन्य प्रपत्रों में मेरा नाम अरुणा देवी अंकित है जबकि बैंक खाते में अरुणा कुमारी है। मेरे नाम अरुणा देवी व अरुणा कुमारी को एक ही माना जाए। अरुणा देवी/अरुणा कुमारी पत्नी स्वर्गीय रामेश्वर दयाल,निवासी महोबिया टोला,औरैया जिला औरैया।

**आवश्यकता है**
महिला फील्ड ऑफिसर, टीम लीडर, फील्ड वर्कर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों में।
अपना बायोडाटा whatsapp करें– मो0– 7081974868

**सूचना**
सूचित हो कि शीरीन खान पत्नी राकी खान, निवासी– नया मकान नं0–2/9/127, पुराना म0नं0 807, मोहल्ला–हसनु कटरा कैन्ट फैजाबाद/अयोध्या, मेरा सही नाम शीरीन खान SHIRIN KHAN है जबकि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवश शीरीन खान SHIREEN KHAN अंकित हो गया है। अतः मेरे पासपोर्ट में मेरा सही नाम शीरीन खान SHIRIN KHAN अंकित किया जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम SHATROHAN था अब मैने बदलकर अपना नाम SHATROHAN KANOJIA रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। SHATROHAN KANOJIA S/O: SHIVLAL DWARIKA KANOJIA, R/O: 120,GODWA DATLI THANA MALIHABAD, LUCKNOW

# उच्च शिक्षा में बढ़ी नामांकन संख्या, खुलेंगे नए महाविद्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पिछले शैक्षिक सत्र की अपेक्षा इस बार यूपी के उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। इसकी वजह ये है कि योगी सरकार के प्रयास से शैक्षिक गुणवत्ता में काफी सुधार देखने को मिला है।

ये जानकारी प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने शुक्रवार को दी है। उन्होंने कहा कि सरकार प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के साथ उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और प्रसार के लिए भी प्रयास कर रही है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में राज्य विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में मौजूदा शैक्षणिक सत्र में लंबे वक्त के बाद रिकॉर्ड दाखिले हुए हैं। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से तैयार वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार कुल 62 विश्वविद्यालयों और 7925 महाविद्यालयों में 54 लाख से अधिक युवाओं ने दाखिला लिया है।

▸▸ वर्तमान शैक्षणिक सत्र में 54 लाख,76 हजार ,441 छात्र-छात्राओं ने परंपरागत पाठ्यक्रमों में लिया दाखिला

महत्वपूर्ण बात यह भी है कि पिछले साल की तुलना में रजिस्ट्रेशन में भी इस साल दस लाख से अधिक का इजाफा हुआ है। इसके अतिरिक्त इस सत्र में उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने वाली कुल विद्यार्थियों में छात्राओं की संख्या छात्रों से अधिक है। इस सत्र में कुल प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या में 26,68,971 छात्रों ने प्रवेश लिया तो वहीं 28,07,470 छात्राओं ने उच्च शिक्षा में प्रवेश लिया है। छात्रों की बढ़ती संख्या को देखकर 156 नये महाविद्यालय प्रयागराज मंडल में खुलने जा रहे हैं। इनको संबद्धता प्रो. राजेंद्र सिंह राज्य विश्वविद्यालय की ओर से दी जायेगी।

## 2100 बच्चों को पढ़ाई के लिए धनराशि का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में जिले के 12 सौ से अधिक पात्रों को धनराशि का इंतजार है। बिल बनकर तैयार हैं लेकिन भुगतान के लिए बजट का इंतजार है।

मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे को दिया जाता है। इसमें माता-पिता दोनों, माता या पिता में से किसी एक या अभिभावक को खो देने वाले बच्चे शामिल हैं। बच्चों को 2500 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जाती है। योजना के तहत पात्रों को भुगतान तिमाही किया जाता है। वित्तीय वर्ष का अंतिम सप्ताह चल रहा है और 2134 बच्चों का विवरण बनाकर बिल तैयार कर लिया गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि एक-दो दिन में बजट मिलने की उम्मीद है। बजट मिलते ही धनराशि पात्रों के खातों में भेज दी जाएगी।

## सार-संक्षेप

### अनुभूति 2024 : डीजे पर थिरके छात्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रीराम स्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय कार्यक्रम का दूसरा दिन डीजे ट्रेसर के नाम रहा। शुक्रवार को सांस्कृतिक व रचनात्मक गतिविधियों से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस श्रृंखला दूसरे दिन के कार्यक्रम की शुरुआत युगल नृत्य से की गई। दूसरे दिन के कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के चांसलर ई. पंकज अग्रवाल, प्रो-चांसलर ई. पूजा अग्रवाल, वाईस चांसलर प्रो. (ड़ॉ.) देवेन्द्र कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार डॉ. नीरजा जिन्दल समेत कई लोग उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा संचालित क्लबों ने अपने विशेष कार्यक्षेत्र से संबधित कार्यक्रमों को आयोजित किया।

### लविवि में क्रिकेट जर्सी का अनावरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीते वर्षों की तरह इस वर्ष भी आईपीएल क्रिकेट के लिए लखनऊ सुपर जाइंट्स टीम के लिए एलएसजी क्रिकेट जर्सी का अनावरण किया गया। इस अवसर पर एलएसजी की टीम से साक्षी उपस्थित रहीं। छात्र प्रशांत पांडे को फैन ब्रिगेड का समन्वयक बनाया गया। बताते हैं कि जल्द ही लखनऊ सुपर जाइंट्स टीम के प्रचार के लिए टीम के कप्तान केएल राहुल भी फैन ब्रिगेड के साथ जुड़ेंगे।

### प्रतिभाएं बनेंगी प्रेरणा, छात्र होंगे प्रोत्साहित: प्रो. अमरपाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुलपति प्रोफेसर अमरपाल सिंह ने कहा है कि प्रतिभाओं को प्रेरित करते हुए मुख्य पंक्ति तक लाया जाएगा। ताकि अन्य छात्र उससे प्रेरणा ले सकें। कई बार छात्रों को दिया गया प्रोत्साहन ही मील का पत्थर साबित होगा। विधि विवि के कुलपति पदभार ग्रहण करने के बाद संकायाध्यक्षों को संबोधित करते हुए अपनी राय साझा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के तौर पर शोधार्थियों की रिसर्च, बिल्डिंग, कनवोकेशन सहित अन्य विषय कार्यों पर फोकस करेंगे। बैठक के दौरान शामिल संकायाध्यक्षों से कुलपति ने तमाम से सवाल भी किये।


लविवि में क्रीड़ा परिषद के बाहर प्रदर्शन करते छात्र। अमृत विचार

### एसोसिएशन के विरुद्ध विरोध मुखर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एसोसिएशन के विरुद्ध छात्रों का विरोध मुखर हो गया है। इसको लेकर छात्रों द्वारा क्रीड़ा परिषद के बाहर धरना देते हुए प्रदर्शन भी किया गया। लखनऊ विवि और उससे संबद्ध केकेसी महाविद्यालय की टीम गैर प्रांत में प्रतियोगिता में सम्मिलित होने गई थी। आरोप था कि उन्हें लखनऊ यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एसोसिएशन के जिम्मेदारों द्वारा सुविधाओं से वंचित किया गया। ऐसे में तमाम खिलाड़ियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसी के बाद छात्रों का विरोध मुखर हो गया। शुक्रवार को विवि के छात्रों ने क्रीड़ा परिषद के बाहर धरना देते हुए प्रदर्शन किया। जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग भी की गई।

### छात्रों की चुनौतियों पर विशेषज्ञ की दो टूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में इंटरएक्टिव सेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से डॉ. तनु डंग द्वारा विद्यार्थियों से बातचीत कर उनके प्रश्नों के उत्तर दिये गए। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके भविष्य में आने वाली चुनौतियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रुचिता सुजय चौधरी, डॉ. काजिम असगर रिजवी, डॉ. शचींद्र शेखर, डॉ. नसीब, चितवन मिश्रा, सैयद मोहसिन हैदर, मुस्कान अंसारी तथा छात्र – छात्राएं उपस्थित रहे।

### मुख्य अतिथि बनने से डर लगता है : अतुल

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुझे अब किसी भी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनने से डर लगता है। श्री ईडियट्स फिल्म में एक बार मुख्य अतिथि बना था। वहां जो कुछ हुआ, उसके बाद मुझे बड़ा संभाल कर मुख्य अतिथि बनना पड़ता है। यह बातें प्रख्यात लेखक और अभिनेता अतुल तिवारी ने चुटकी लेते हुए कहीं। वह श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज (केकेसी) में आयोजित साहित्य सम्मेलन में अतिथि रहे। केकेसी में लखनऊ विरासत और नफासत थीम पर दो दिवसीय साहित्य सम्मेलन का समापन समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। सम्मेलन में प्रो. अनिल त्रिपाठी ने स्क्रिप्ट राइटर और अभिनेता अतुल तिवारी के साथ लखनऊ की फिल्में व रंगमंच विषय पर संवाद किया। शिक्षा जगत में विषमताओं के बीच उभर रहे हास्य से भरपूर घटनाओं का उल्लेख किया गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्र, उप प्राचार्य प्रो. केके शुक्ला समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षणेत्तर कर्मियों ने कहा, 62 साल पर कीजिए रिटायर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ ने पार्क रोड स्थित शिक्षा निदेशक कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर काला फीता बांध कर प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन ने नौ सूत्रीय ज्ञापन शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ महेंद्र देव को सौंपा। इस दौरान कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त उम्र सीमा 62 किए जाने की मांग की।

धरने का नेतृत्व करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह चौहान ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हर दल की सरकारों में शिक्षणेत्तर कर्मियों के प्रति दोहरा रवैया अपनाया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि निदेशालय स्तर से प्रबंध समिति में भागीदारी व उपार्जित अवकाश के राशि करण का प्रस्ताव सन् 2020 में शासन को भेजा गया है। लेकिन 'सबका साथ सबका विकास का नारा' देने वाली मौजूदा भाजपा सरकार में शिक्षणेत्तर कर्मचारी खुद को ठगा सा महसूस कर रहा है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महावीर प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि लगभग एक वर्ष पूर्व शिक्षामंत्री (माध्यमिक) से संगठन ने भेंट कर ज्ञापन सौंपा लेकिन आज तक शासन स्तर पर कोई वार्ता संपन्न नहीं हुई। जिसके फलस्वरूप किसी भी मांग पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है।


निदेशक डॉ. महेन्द्र देव को ज्ञापन सौंपते शिक्षणेत्तर कर्मचारी। अमृत विचार

▸▸ माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर किया प्रदर्शन, निदेशक को सौंपा ज्ञापन

# करो योग-रहो निरोग के जरिए दिए सेहत के टिप्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** फैकल्टी ऑफ योग एण्ड अल्टरनेटिव मेडिसिन तथा मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के तत्वाधान में लखनऊ विश्वविद्यालय में योग महोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों के अलावा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

लखनऊ विवि में कॉमन योग प्रोटोकॉल का योगाभ्यास कराया गया। इसमें आसन, प्राणायाम, ध्यान सम्मलित रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व दिल्ली विश्विद्यालय के पूर्व निदेशक प्रो. राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि फेफड़ों की शक्ति बढ़ाने के लिए धनुरासन सर्वाधिक लाभकारी है। इन्हीं जानकारियों के बीच कई जिज्ञासाओं के उत्तर दिये गए। छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षकों द्वारा अभ्यास कराया गया।

### मधुमेह और तनाव से बचना हो तो करें ये आसन

फैकल्टी कोआर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि मधुमेह से बचने के लिए कटिचक्रसन, पादहस्तासन, अर्धमत्सेंद्रासन, मयूरासन लाभकारी है। वहीं तनाव दूर करने के लिए शशांक आसन, हलासन तथा मर्जरी आसन के साथ ही अनुलोम विलोम एवं भ्रामरी प्राणायाम प्रमुख है। साथ ही उच्च रक्तचाप के प्रबंधन के लिए उत्कटासन भद्रासन को मुख्य बताया।

# आवासीय कोचिंग सेंटर को पुस्तकें खरीदने के लिए मिलेगी धनराशि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आवासीय कोचिंग सेंटर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्रओं को पुस्तकों की कमी से जूझना नहीं पड़ेगा। कोचिंग सेंटरों में इसी महीने 1 लाख रुपये तक की प्रतियोगी पुस्तकें खरीदी जाएंगी।

समाज कल्याण विभाग की ओर से अभ्युदय और आवासीय कोचिंग सेंटरों का संचालन किया जाता है। इनमें ग्रामीण क्षेत्र और निर्बल आय वाले परिवारों के प्रतिभावान छात्रों को सिविल सेवा, जेईई, नीट, एनडीए, सीडीएस आदि की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग दी जाती है। कोचिंग में 10 हजार छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

▸▸ 10 हजार छात्र-छात्राएं कर रहे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने कोचिंग सेंटरों के लिए तत्काल पुस्तकें खरीदने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रत्येक आवासीय कोचिंग सेंटर में एक-एक लाख रुपये की पुस्तक खरीदने के लिए कहा है। सख्त हिदायत दी है कि राशि का उपयोग किसी अन्य मद में न किया जाए। पुस्तकों की खरीद कर उसका पूरा विवरण निदेशालय भेजने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने बताया कि इस माह के अंत तक सभी 8 आवासीय कोचिंग सेंटर में पुस्तकें आ जाएंगी।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए– 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं !!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

# प्रश्नोत्तरी में छात्राओं का वार-पलटवार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नवयुग कन्या महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने एक बिजनेस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में बीकॉम और एमकॉम की छात्राओं ने भाग लिया।

छात्राओं के कौशल का मूल्यांकन करने के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में कुल 11 टीमों एवं 22 छात्राओं ने भाग लिया। बिजनेस क्विज चार राउंड में आयोजित की गई। प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने प्रतिभागियों को ऐसी सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष और प्रवक्ता उपस्थित रहे।


प्रमाण पत्रों के साथ विजयी टीम की छात्राएं, साथ में अन्य। अमृत विचार

▸▸ प्राचार्य ने छात्राओं को गतिविधियों में भाग लेने के लिए किया प्रोत्साहित

**अनिका रही प्रतियोगिता में अव्वल :** प्रतियोगिता में अनिका मिश्रा अव्वल रहीं। फिर पलक गुप्ता की टीम ने बाजी मारी। अपूर्वा तिवारी और अप्सा वर्मा दूसरे स्थान पर रहीं। तीसरे स्थान पर मानसी गुप्ता और शिवांगी विश्वकर्मा की टीम रही।

## देहरादून में लखनऊ विवि ने जीता रजत

**अमृत विचार, लखनऊ :** देहरादून में आयोजित तीन दिवसीय स्फूर्ति इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम को बढ़त मिली। कई मुकाबलों के बीच विवि की टीम ने रजत पदक हासिल किया है। 13 से 15 मार्च तक देहरादून स्थित डीआईटी विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय स्फूर्ति इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में उप्र सहित अन्य प्रांतों से आई विवि की टीमों ने प्रतिभाग किया। लविवि की महिला खिलाड़ियों की टीम कई राउंड पार कर फाइनल मुकाबले में पहुंची, ऐसे में उन्हें रजत पदक प्राप्त हुआ। स्पर्धा में लविवि का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बधाई दी। महिला टीम के सदस्यों में निधि पाल, जाह्नवी रावत, दिव्यांशी शर्मा, विदुषी गुप्ता आदि खिलाड़ी सम्मलित रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### मुनव्वर राणा की दूसरी बेटी उरुसा राणा भी हाउस अरेस्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीएए को लेकर विरोध-प्रदर्शन व हंगामे की स्थिति उत्पन्न न हो, इसको लेकर लखनऊ पुलिस अलर्ट मोड में है। पुलिस ने शुक्रवार को मुनव्वर राणा की दूसरी बेटी कांग्रेस नेता उरुसा राणा को भी हाउस अरेस्ट कर दिया। यह भी बताया जा रहा है कि गुरुवार को एक संगठन की प्रेसवार्ता होनी थी, जिसे रोक दिया गया था। सपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सपा महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुमैया राना को पुलिस ने गुरुवार रात उनके आवास पर नजरबंद कर दिया था। शुक्रवार को उनकी बहन कांग्रेस नेता उरुसा राणा को भी उनके घर पर नजर बंद कर दिया गया।

### विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर हुआ आयोजन

**अमृत विचार, मलिहाबाद:** खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन किया गया।विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय द्वारा विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय उपोषण बागवानी संस्थान के निदेशक मुख्य अतिथि टी दामोदरं ने किया। इस अवसर पर उप कृषि विपणन सलाहकार गजेन्द्र सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी पदम शेखर मौर्य, यू एस शुक्ला, ए के उपाध्याय अतुल द्विवेदी, डॉ आशीष यादव एआर पी सत्य प्रकाश पाण्डेय फहीम बेग अवधेश कुमार प्रणय कुमार ममता त्यागी शशि प्रभा सिंह अभिषेक गुप्ता धीरज सिंह आदि मौजूद रहे।

# सर्वे के आधार पर गरीब विस्थापितों को मिलेंगे निशुल्क आवास

## आज से अकबर नगर का सर्वे करेगा एलडीए, राजस्व विभाग, नगर निगम व डूडा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उपाध्यक्ष ने बनाई रूपरेखा मौके पर सर्वेक्षण फार्म पर अंकित किया जाएगा ब्योरा

**अमृत विचार :** अकबर नगर प्रथम व द्वितीय के अत्यंत गरीब विस्थापितों को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) सर्वे के आधार पर निशुल्क आवास देगा। शनिवार से एलडीए, राजस्व विभाग, नगर निगम व डूडा की संयुक्त टीम सर्वे करेगी। शुक्रवार को उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने प्राधिकरण में इस संबंध में बैठक कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को सर्वेक्षण की रूपरेखा बताई।

कहा, प्रपत्र उपलब्ध कराने व फार्म भरने आदि की औपचारिकताएं पूर्ण कराने में विस्थापितों को पूरा सहयोग करें। बैठक में सचिव विवेक श्रीवास्तव व अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा समेत राजस्व विभाग, नगर निगम, डूडा व एलडीए के सभी सम्बंधित अधिकारी, अभियंता व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**बनी 5 टीम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार शामिल :** उपाध्यक्ष ने बताया कि सर्वेक्षण के कार्य के लिए 5 टीमें गठित की गई हैं। प्रत्येक टीम में सक्षम स्तर के अधिकारियों की अगुवाई में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अभियंता, लेखपाल, सर्वेयर, ड्राफ्टमैन, सुपरवाइजर, मेट व गैंगमैन आदि कर्मचारियों को लगाया है। टीमें शनिवार सुबह से अकबर नगर प्रथम एवं द्वितीय में सर्वे करके पात्र विस्थापितों को चिन्हित करेंगी। टीमें मौके पर ही सर्वेक्षण फार्म पर ब्योरा अंकित करेंगी।

**ये विस्थापित होंगे निशुल्क आवास के पात्र :** अकबर नगर प्रथम एवं द्वितीय के ऐसे विस्थापित जो झुग्गी, अर्द्ध कच्चा, कच्चा, टीनशेड, खपड़ैल, ट्टर, पन्नी आदि में निवास कर रहे हैं, इनके पास मोटर साइकिल या उससे उच्च स्तर के वाहन नहीं हैं। साथ ही उनकी अधिकतम आय सीमा डेढ़ लाख रुपये है या फिर वे अंत्योदय कार्ड धारक हैं, ऐसे विस्थापित निशुल्क आवास के लिए पात्र माने जाएंगे।


एलडीए में आवास आवंटन के संबंध में बैठक करते उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, साथ में अन्य। अमृत विचार

### 30 साल की लीज पर मिलेगा मकान

एलडीए पात्र विस्थापितों को 30-30-30 साल की लीज के आधार पर निशुल्क प्रधानमंत्री आवास देगा। पात्र विस्थापित को मात्र एक हजार रुपये पंजीकरण शुल्क जमा कराना होगा। इस प्रस्ताव को हाल में प्राधिकरण बोर्ड ने पारित किया है। प्रस्ताव के मुताबिक निशुल्क आवास पाने वाले आवंटियों द्वारा न तो भवन का लीज हस्तांतरण किया जा सकेगा और न ही भवन किराये पर दे सकेंगे। हालांकि, आवंटी अपने वारिस के पक्ष में लीज हस्तांतरण कर सकेंगे। इसके अलावा मकान का बिजली बिल, गृह कर, जल-सीवर कर समेत अन्य करों का भुगतान भी आवंटी को स्वयं करना होगा।

**10 नहीं तो 15 वर्ष में अदा कर सकेंगे किस्त :** अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि विस्थापित जो उपरोक्त पात्रता में नहीं आते हैं वह उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत भवन प्राप्त करने के लिए प्राधिकरण द्वारा अकबर नगर में संचालित शिविर में एक हजार रुपये जमा कराकर पंजीकरण करा सकते हैं। इन विस्थापितों को 10 वर्ष की आसान किस्तों पर भवन आवंटित करेंगे। यदि 10 वर्ष किस्तें अदा करने में सक्षम नहीं हैं, उनकी किस्तें पांच वर्ष के लिए बढ़ाई जाएंगी।

### 31 तक खाली करना है क्षेत्र, पंजीयन कराने को निकले लोग

अकबर नगर में बने मकान, दुकान व शोरूम कुकरैल नदी के सुंदरीकरण में बाधा बने हैं। करीब 100 से अधिक शोरूम व 1200 के आसपास स्थाई व अस्थाई मकान हैं। जो पूरी तरह से ध्वस्त किए जाने हैं। इससे पहले कुछ एलडीए ने कुछ शोरूम व मकान तोड़े हैं। कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई रोकते हुए 31 मार्च तक का विस्थापितों को आवास देकर क्षेत्र खाली करने का समय दिया गया है। इस क्रम में एलडीए ने तीन विशेष शिविर लगाए हैं। जो 21 मार्च तक संचालित होंगे। जैसे-जैसे समय नजदीक आ रहा वैसे लोग घर खाली करने से पहले पंजीयन कराने लगे हैं। जबकि इससे पहले लगे शिविर में सन्नाटा छाया था। शुक्रवार को शिविर में लोग आए और पंजीयन कराया। कर्मियों ने उन्हें बताया कि मोबाइल फोन से संपर्क कर जानकारी दी जाएगी।

## प्रतिबंधित प्लास्टिक ग्लास व कैरी बैग जब्त, जुर्माना

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को इंजीनियरिंग कॉलेज रोड पर प्रतिबंधित पॉलिथीन व प्लास्टिक जब्त कर दुकानदारों से जुर्माना वसूल किया।

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर जोन-3 अंतर्गत टीम ने इंजीनियर कॉलेज रोड पर प्रतिबंधित प्लॉस्टिक व पॉलिथीन की बिक्री, परिवहन व स्टाक की जांच की। 20 दुकानों और 30 फूड कार्ट पर छापा मारा गया। कुछ में 3 किलो ग्राम प्रतिबंधित पॉलिथीन के कैरी बैग व 300 प्लास्टिक के गिलास जब्त किए गए। चालान कर 14 हजार रुपये का अर्थ दंड लगाया और मौके पर 3500 रुपये जमा कराए। कुल 17,500 रुपये निगम कोष में कार्रवाई के दौरान जमा किए गए। जेडएसओ जितेंद्र गांधी के नेतृत्व में मुख्य/सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पुष्कर सिंह पटेल, विशुद्धानंद त्रिपाठी, सत्येंद्र नाथ, संचिता मिश्रा व प्रवर्तन दल 296 के सदस्य रहे।

# पीसीएस अधिकारी को चिट्ठी भेज कर दी जान से मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अधिकारी की तहरीर पर वजीरगंज पुलिस ने अज्ञात पर दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** ..बड़का अफसर न बन, सुधर जा, नहीं तो लाश पर कोई रोने वाला नहीं बचेगा। पूरे परिवार को जान से मार दूंगा। ऐसी धमकी राजस्व परिषद में तैनात पीसीएस अधिकारी राजकुमार द्विवेदी को पत्र के जरिये दी गई है। पत्र रजिस्टर्ड डाक से अधिकारी के पते पर भेजा गया। धमकी के बाद से अधिकारी का परिवार परेशान है। पीड़ित की तहरीर पर वजीरगंज थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

पीसीएस अधिकारी राजकुमार द्विवेदी वजीरगंज के प्रयाग स्ट्रीट डीपी गर्ल्स कॉलेज के पास परिवार सहित रहते हैं। राजकुमार की तैनाती राजस्व परिषद कार्यालय में विशेष कार्याधिकारी के पद पर है। उन्होंने बताया कि बीती 12 मार्च की शाम डाक से लिफाफा मिला। अंदर तीन पेज का पत्र था। जिसमें उप जिलाधिकारी, प्रयागराज के तौर पर वर्ष 2015 में भू-राजस्व के अंतर्गत उनके द्वारा निस्तारित मामलों की सूची लिखी है। अंतिम पेज पर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया गया है। साथ ही उन्हें व पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई है। अधिकारी ने सुरक्षा की मांग की है।

### प्रेषक में डाला बड़े भाई का नाम

राजकुमार द्विवेदी ने पुलिस को बताया कि डाक से मिले पत्र में प्रेषक में उनके बड़े भाई विजय कुमार द्विवेदी का नाम लिखा था। जो इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अधिवक्ता हैं। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने जीपीओ के काउंटर नंबर 5 के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से आरोपी की पहचान होने की बात कही है। इंस्पेक्टर वजीरगंज ने बताया अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# आरबीआई करेंसी चेस्ट में मिले 1.31 लाख के नकली नोट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सहायक प्रबंधक ने महानगर कोतवाली में दर्ज कराई एफआईआर

**अमृत विचार :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की करेंसी चेस्ट में 114 नकली नोट मिले हैं। जांच में पुष्टि होने के बाद आरबीआई के सहायक प्रबंधक सतवीर सिंह ने महानगर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। नकली नोट 1,31,200 रुपये की कीमत के हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र के मुताबिक, आरबीआई के सहायक प्रबंधक सतवीर सिंह ने करेंसी चेस्ट में नकली नोट मिलने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में सहायक प्रबन्धक ने बताया कि फरवरी में स्थानीय बैंकों व मुद्रा प्रकोष्ठों से प्राप्त अनिर्गमनीय नोटों के प्रेषण के परीक्षण के दौरान बैंक के पब्लिक काउंटर पर 114 नकली नोट मिले हैं। इनमें 50 रुपये के 32 नोट, 100 के 14, 200 रुपये का 1 नोट, 500 रुपये के 4 और 2000 रुपये के 63 नोट हैं। कुल 1,31,200 रुपये की कीमत के नोट हैं। सहायक प्रबंधक का कहना है कि करेंसी चेस्ट से हर माह नकली नोट मिलने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आज से

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- लखनऊ सहित 260 केंद्रों पर किया जाएगा मूल्यांकन
- 3.1 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं का 13 दिनों में करना है मूल्यांकन

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड 10वीं व 12वीं की कॉपियों का मूल्यांकन शनिवार 16 मार्च से शुरू हो जायेगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि इस बार लखनऊ सहित 260 केन्द्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं को जांचा जायेगा। सभी केंद्रों पर तैयारियां पूरी हैं, शुक्रवार को इसकी समीक्षा कर ली गई है। मूल्यांकन के लिए 1.5 लाख परीक्षकों की तैनाती की गई है।

परीक्षक केन्द्रों पर समय से पहुंचें, इसकी निगरानी के निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दिए गये हैं, ताकि मूल्यांकन समय से पूरा हो। सचिव ने बताया कि मूल्यांकन प्रक्रिया 31 मार्च तक चलेगी। जिसमें 3 करोड़ से अधिक कॉपियां चेक की जायेंगी। हाईस्कूल के लिए 131 एवं इंटर की उत्तरपुस्तिकाओं के लिए 116 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। 13 मूल्यांकन केंद्र मिश्रित बनाए गए हैं। इनमें हाईस्कूल एवं इंटर दोनों की कापियां जांची जाएंगी।

बोर्ड ने कुल 260 मूल्यांकन केंद्र बनाए हैं। इनमें 83 राजकीय तथा 177 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा में 29,47,311 एवं इंटर में 25,77,997 समेत कुल 55,25,308 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। हाईस्कूल परीक्षा की 1.76 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 94,802 एवं इंटर परीक्षा की 1.25 कापियों के मूल्यांकन के लिए 52,295 परीक्षकों की नियुक्ति की गई है। इस प्रकार कुल 3.01 करोड़ कॉपियां चेक होंगी।

### लखनऊ में ये कॉलेज बने मूल्यांकन केंद्र

- राजकीय बालिका विद्यालय विकास नगर
- हुसैनाबाद इंटर कॉलेज
- राजकीय जुबली इंटर कॉलेज
- राजकीय निशातगंज इंटर कॉलेज
- राजकीय बालिका विद्यालय गोमती नगर



विभिन्न बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार। अमृत विचार

# काटकर छोड़े गए एंगल व पोल बने जानलेवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कृष्णा नगर में माही डायग्नोस्टिक के पास गिरकर घायल हो रहे राहगीर
- चपेट में आकर पलट जाते हैं दो पहिया वाहन, टक्कर से फट जाते टायर

**अमृत विचार :** लखनऊ-कानपुर हाईवे के साइकिल ट्रैक भी सुरक्षित नहीं हैं। इसमें गड्ढों के साथ टूटे लोहे के एंगल व बिजली के पोल जानलेवा बने हैं। कृष्णा नगर अंतर्गत माही डायग्नोस्टिक के पास साइकिल ट्रैक पर पोल व एंगल नीचे से काटकर छोड़ दिए गए। लोहे के टुकड़ों से रोजाना हादसे हो रहे हैं। लोगों का पैदल चलना तक मुश्किल है, लोग ठोकर खाकर चोटिल हो रहे हैं। कई बार दो पहिया वाहन भी पलट जाते हैं।

राहगीरों के साथ स्थानीय लोग व आसपास के दुकानदार परेशान हैं। कोई रेलवे, कोई विद्युत विभाग, नगर निगम तो कोई नेशनल हाईवे को जिम्मेदार बताता है। समस्या के समाधान की ओर किसी का ध्यान नहीं है।

**5 से 6 वर्ष पहले काटे गए थे एंगल, नाले भी खुले**

आसपास दुकानदारों के अनुसार लोहे के एंगल व पोल बिजली के थे। जिन्हें 5 से 6 साल पहले निर्माण कार्य के दौरान हटाने की बजाए ऊपर से काटकर छोड़ दिया गया। हाईवे पर जाम लगने के कारण ट्रैक पर वाहनों की संख्या बढ़ जाती है और हादसे भी ज्यादा होते हैं। इसी ट्रैक पर करीब 1 किमी बल्दी खेड़ा चुंगी के पास जगह-जगह नाले खुले हैं। नाले करीब 10 फिट गहरे हैं। यहां भी अक्सर हादसे होते हैं।


माही डायग्नोस्टिक के पास बीच से काटा गया बिजली का पोल।


कृष्णा नगर क्षेत्र के माही डायग्नोस्टिक के पास सड़क पर लगा एंगल। अमृत विचार

**दुकानदारों ने बताई परेशानी**

हरिशंकर मिश्रा ने बताया कि पास में काफी समय से चाय की दुकान लगा रहे हैं। करीब 6 साल पहले एंगल व पोल काटे गए थे, तब से ऐसे ही टुकड़े निकले हैं। रोजाना 10-12 लोग घायल होते हैं। कई बार इसकी शिकायत कर चुके हैं।

दुकानदार दीपक ने बताया कि उनकी दुकान पास में हैं। यहां अक्सर लोग इन टूटे एंगल की चपेट में आकर जख्मी हो चुके हैं। जाम लगने पर ज्यादा दिक्कत होती है। वाहन फंसते हैं तो टायर तक फट जाते हैं।

दुकानदार निराला मिश्रा ने बताया कि लगभग 5 साल से खंभा ऐसे ही कटा पड़ा है। इसे हटाना तो दूर देखने तक कोई नहीं आया। पैदल चलना तक मुश्किल है। कई बच्चे व बड़े गिरकर घायल हो चुके हैं।

## नए वित्तीय वर्ष में 37, 308 करोड़ के ऋण बांटने का लक्ष्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** बैंकों को प्रत्येक राजस्व ग्रामों से कम से कम 10-10 इकाइयों को ऋण देने के लिए चिह्नित करना होगा। नए वित्तीय वर्ष में 11 सौ बैंक शाखाओं को 37, 308 करोड़ का ऋण वितरित करने का लक्ष्य है। शुक्रवार को जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति (डीएलआरसी) की बैठक में कही। जिलाधिकारी ने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों की संयुक्त सभा अतिशीघ्र इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कराने के लिए सीडीओ को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य कर रहे शाखा प्रबंधकों को प्रशस्ति पत्र देने के लिए एलडीएम को निर्देश दिए। उन्होंने वार्षिक ऋण योजना के लक्ष्यों के 150% उपलब्धि पर समस्त बैंकों एवं एलडीएम की प्रशंसा की। इस दौरान संभाव्यता युक्त ऋण योजना (पीएलपी) का विमोचन किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार जैन, अग्रणी जिला प्रबंधक मनीष पाठक, नाबार्ड डीडीएम प्रेरणा राज, भारतीय रिजर्व बैंक से पुष्कर मिश्र आदि मौजूद रहे।

# होली पर बाजार में मोदी-योगी का जलवा


मोदी के चित्र वाली पिचकारी दिखाता युवक। अमृत विचार



दुकान में मौजूद मोदी-योगी के चित्र वाली पिचकारी। अमृत विचार

नीरज मिश्र, लखनऊ

- डबल इंजन की सरकार वाली पिट्ठू पिचकारी भी चर्चा में
- बाजार में छाया चुनावी सुरूर
- मास्क छाए, कह रहे खरीदार रंग तो रंग, चुनाव में भी आएंगे काम

**अमृत विचार :** होली का उल्लास अब धीरे-धीरे शहर के बाजारों में छाने लगा है। चुनावी खुमार भी नजर आ रहा है।बाजार में 'मोदी' और 'योगी' का जलवा बरकरार है।

मोदी के मास्क लोगों के पसंदीदा आइटम में से एक हैं तो उनकी तस्वीरों वाली पाइप पिचकारी भी खूब धूम मचा रही है।

भाजपा के कमल निशान और दोनों की तस्वीरों वाली पिट्ठू पिचकारी डबल इंजन की सरकार को चुनावी चर्चा में बनाए हुए है। भाजपा की चुनावी तैयारी से भरपूर कई चीजें बाजार की रंगत बढ़ा रही हैं। इन्हें बड़ी संख्या में लोग खरीद रहे हैं। आम ग्राहक हों या फिर राजधानी और आसपास के जिलों से आए दुकानदार, सभी नए आइटम पहले ही बाजारों से उठाना चाह रहे हैं। यहियागंज थोक बाजार में तमाम वैरायटी खरीदारों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

**दो नाल गोली नहीं, रंग फेंकती है:** हूबहू दो नाल की तरह बंदूकें दुकानों पर हैं। यहां दो नाल बंदूक गोली नहीं चलाती, रंग फेंकती है। रंग भरने के बाद इसके एक हिस्से को आगे पीछे करते रहना है और रंग की लंबी फुहार दूर तक होरियारों को भिगोते चली जाएगी। इसकी कीमत 150 रुपये है।

### पिस्तौल में रंगों की बुलेट भरिए और उड़ा दीजिए खुशबूदार गुलाल

बब्लू पाल बताते हैं कि नया आइटम पैरोगन पिस्तौल लोगों की पसंदीदा है। इसके खरीदार बाजार में हैं। एक पिस्तौल और इसके साथ 6 बुलेट का बक्शा मिलता है। गन की कीमत 150 से 200 रुपये प्रति पीस है तो कारतूस 6 पीस 300 रुपये के हैं।





### मोदी के मास्क और डबल इंजन सरकार की पिचकारियों की मांग



स्वप्निल ट्रेडर्स के अभिनव पाल बताते हैं कि मास्क लोग खूब ले रहे हैं। उनका मानना है कि न केवल होलीकोत्सव पर्व में यह काम आएंगे, बाद में चुनाव के दौरान 'मैं हूं मोदी का परिवार' में भी इन मास्क की उपयोगिता खूब होगी। दो तरह के मास्क हैं। इनकी कीमत 40 से 50 रुपये प्रति पीस है। वहीं मोदी, योगी और भाजपा के कमल निशान वाली पाइप पिचकारी तीन साइज में है। इसकी कीमत 120, 180 और 200 रुपये प्रति पीस है। दुकानदार ने हाथों में इन पिचकारियों और मास्क के साथ कई तस्वीरें साझा कीं। यही नहीं भाजपा के कमल निशान और मोदी-योगी की तस्वीरों और डबल इंजन की सरकार वाली पिट्ठू पिचकारी ग्राहकों की पसंदीदा हैं। इसके अतिरिक्त कई अन्य आइटम भाजपा के चुनावी समीकरण में पूरी तरह से फिट दिख रहे हैं।

### धोखे से रंग डालना हो तो लें मैजिक गिलास, पानी भरो हो जाएगा रंगीन



मैजिक गिलास के 10 पीस का एक पैकेट है। बब्लू पाल ने गिलास में पानी डालकर तैयार हुए रंग को दिखाया। गिलास देखने में खाली लगता है, लेकिन इसमें जैसे ही पानी भरेंगे वह रंग से भर जाएगा। लोग समझेंगे कि गिलास में पानी पीने जा रहे हैं, लेकिन ऐसा होगा नहीं, आप चंद पलों में चुपके से उन्हें रंग से भिगो सकते हैं। धमाके वाले ऐसे-ऐसे आइटम मौजूद हैं जो माचिस की तीली से जलते हैं और गुलाल का गुबार छोड़ते हैं। राजधानी के इंदिरानगर, भूतनाथ, गोमतीनगर, पत्रकारपुरम, अलीगंज, डंडहिया, आलमबाग, चौक, रकाबगंज, यहियागंज, नाका हिंडोला समेत शहर के सभी प्रमुख बाजारों में दुकानें सज गई हैं। रात तक खरीदारों की भीड़ बाजारों में उमड़ रही है।




### स्टील-पीतल की टंकियां आउट

करीब दो से ढाई दशक पहले बर्तन बाजार में स्टील की टंकियों और पीतल की पिचकारियों के खरीदार बाजार में उमड़ना शुरू हो जाते थे। होली आते ही पुरानी टंकियां और पिचकारियों के 'वॉशर' देखे जाने लगते थे। अगर गड़बड़ या जाम है तो मिस्त्री के पास ले जाकर उसे दुरुस्त कराते थे। देर रात तक रखरखाव वाली दुकानों पर भीड़ उमड़ी रहती थी। अब यह ट्रेंड बदल चुका है। प्लास्टिक की टंकियों और प्रेशर गन आदि कई आइटम ने ले लिया है। टंकिया महंगी होने के कारण ग्राहकों का इनसे मोहभंग होने लगा। बाजार में पिट्ठू, पाइप पिचकारी, छोटी पिस्तौल समेत बच्चों वाली तमाम पिचकारियां अलग-अलग साइज में मौजूद हैं। यहियागंज युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष कुश मिश्र बताते हैं कि बाजारों का ट्रेंड बदल गया है। अब बच्चे पुराने आइटम नहीं मोबाइल पर देखकर नई डिजाइनर और धूम मचाने वाली पिचकारियों पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं।

## हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर पांच दिवसीय होली गंजिंग कार्निवाल आज से

**अमृत विचार, लखनऊ:** हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर 5 दिवसीय होली गंजिंग कार्निवल शनिवार से शुरू होगा। मेगा कार्निवल में हस्तशिल्प, बेकरी, गृह सज्जा, सिरेमिक प्लांट, प्लांट आदि में पूरी तरह से ''भारत में निर्मित'' स्वदेशी वस्तुओं का प्रदर्शन और बिक्री होगी। 20 मार्च तक चलने वाले कार्निवाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। अवध लोक संगीत (अवध की शाम) का आयोजन 22 मार्च को होगा। इसी दिन अवध संस्कृति, इतिहास और होली समारोह पर एक टॉक शो भी कराया जाएगा। दर्शकों के लिए सेल्फी स्टैंड भी बनाए जाएंगे। साथ ही फूड स्टॉल भी लगाया जाएगा। लोग रात में आठ बजे तक फूड स्टॉल पर विभिन्न व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे।

**होली वाले दिन दोपहर से चलेगी मेट्रो :** होली वाले दिन शहर के मेट्रो स्टेशन के गेट दोपहर में खुलेंगे। 2:30 बजे से मेट्रो का संचालन शुरू होगा जो रात 10:00 बजे तक चलेगा।

## एक नजर

### एयर टिकट बुकिंग के नाम पर धन उगाही का आरोप

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर के ओमेक्स सिटी निवासी देवाशीष त्रिपाठी ने इलाके के ही अंसल सिटी निवासी विशाल कुमार और विकास कुमार के खिलाफ एयर टिकट बुकिंग के नाम पर रुपए लेने के बाद भी टिकट न कराने और रुपए मांगने पर धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। देवाशीष का कहना है कि बीती 7 नवंबर 2023 को विशाल कुमार ने एयर टिकट बुकिंग के लिए उससे रुपये माँगे। आरोपी ने विभिन्न तिथियों में उससे 35 हजार रुपये ऑनलाइन लिए थे। देवाशीष के ऑफिस पहुंचकर 35 हजार रुपये नगद लिए। आरोप है कि बाद में रुपए मांगने पर आनाकानी की और टिकट भी नहीं दी।देवाशीष की तहरीर पर बिजनौर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शादी से इंकार करने पर दुष्कर्म की धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट थाने में एक युवती ने शोहदे के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर शिकायत की है।प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली युवती (22) ने गोमतीनगर विज्ञान खंड-भरवारा क्रासिंग निवासी सुमित यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में युवती का आरोप है कि सुमित आए दिन मोबाइल पर आपत्तिजनक मैसेज भेज शादी का दबाव बनाता है। विरोध करने पर आरोपी उसे घर से अगवा कर दुष्कर्म करने की भी धमकी देते है। पीड़िता का कहना है कि उसके परिजनों ने आरोपी को बेटी से दूर रहने की हिदायत दी तब वह उनकी हत्या करने की धमकी देने लगा। थाने में कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने पुलिस आयुक्त से शिकायत की। जिनके निर्देश पर पुलिस ने सुमित यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# पिकप में फंस घिसटता चला गया बाइक सवार

## इलाज के दौरान अस्पताल में तोड़ा दम, पत्नी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता काकोरी लखनऊ

**अमृत विचार:** पारा थानाक्षेत्र अंतर्गत बुद्धेश्वर ओवरब्रिज पर गुरुवार देर रात अनियंत्रित पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार पिकअप में फंस कर करीब 50 मीटर तक घिसटता चला गया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। जहां, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी ने पिकअप चालक के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।

पारा प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा के मुताबिक, भपटामऊ निवासी सुरेंद्र रावत (35) गुरुवार देर रात गोमतीनगर से बाइक से घर लौट रहे थे। बुद्धेश्वर ओवरब्रिज पर चढ़ने से पहले दुबग्गा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार प्लाई लदे पिकअप उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही सुरेंद्र का हेलमेट सिर से निकल कर दूर जा गिरा। वह बाइक सहित पिकअप में फंस गए और 50 मीटर तक घिसटते चले गए। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हुई है। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और पिकअप चालक को पकड़ कर धुन दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सुरेंद्र को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पत्नी पूनम ने पिकअप चालक के खिलाफ के पारा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गाड़ी कब्जे में ली गई है। पिकअप चालक की तलाश की जा रही है।

### सड़क पर पलटा अनियंत्रित टेम्पो, चालक की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौक कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दरिया वाली मस्जिद के पास गुरूवार देर रात एक टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में टेम्पो चालक गंभीर रुप से जख्मी हो गया। चालक के साथी ने उसे नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। जहां शुक्रवार तड़के उसकी मौत हो गई। मूलरूप से सीतापुर जनपद के सिधौली के आदतपुर गांव निवासी फुरकान (35) मां शहनाज व छोटे भाई गुफरान के साथ फैजुल्लागंज के नया पुरवा में रहता था। फुरकान टेंपो चलाकर घर का भरण पोषण करते थे। मृतक के दोस्त संतोष के मुताबिक वह और फुरकान गुरुवार रात अपनी-अपनी टेंपो लेकर सवारी लेने जा रहे थे। फुरकान आगे थे व संतोष पीछे चल रहे थे। तभी दरिया वाली मजिस्द के पास टेंपो की रफ्तार तेज होने के कारण वह पलट गई। हादसे में फुरकान गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे से आ रहे उनके दोस्त ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने उन्हें बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी शुक्रवार तड़के मौत हो गई।

### जमीन दिलाने ने नाम पर सर्राफ से ऐंठे 52 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजनौर थानाक्षेत्र अंतर्गत एक जालसाज ने सर्राफ को कम दर में जमीन दिलाने का झांसा देकर उससे 52 लाख रुपये हड़प लिए हैं। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित थाने में तहरीर दी। बावजूद इसके पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद सर्राफ ने आरोपी व उसके साथियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर मदद की गुहार लगाई है। ठाकुरगंज थानाक्षेत्र के सराय माली खां निवासी सर्राफ देवेंद्र रस्तोगी ने बताया कि एक जालसाज ने बिजनौर के गेहरु गांव में जमीन दिलाने के नाम पर 52 लाख रुपये ऐंठ लिए है। जमीन न मिलने पर सर्राफ ने जालसाज से रुपये वापस मांगे तो वह धमकाने लगा। सम्बन्धित थाने में लिखित शिकायत देते के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की है। हताश होकर सर्राफ ने मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ, प्रमुख सचिव गृह से मदद की गुहार लगाई है।

# सीएए लागू होने के बाद कड़ी सुरक्षा में हुई जुमे की पहली नमाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पुराने शहर से लेकर ग्रामीणों क्षेत्रों तक रहा पुलिस का पहरा

**अमृत विचार :** सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) की नोटिफिकेशन जारी होने के बाद रमजान में जुम्मे की पहली नमाज सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

सुबह से ही शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक पुलिस विभाग के आलाधिकारी अर्द्धसैनिक बलों से साथ पुरानी मस्जिदों व अन्य इबादतगाहों के आसपास भ्रमण करते रहे। पश्चिम जोन के करीब 15 संवदेनशील क्षेत्र में फ्लैग मार्च भी निकाला गया। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल के मुताबिक, रमजान, होली पर्व और नजदीकी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस पूरी तरह से सक्रिय है। शहर में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए सुरक्षा बरती जा रही है। एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) नोटिफिकेशन जारी होने के बाद जुम्मे की पहली नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा हुई। जिसको लेकर अर्द्धसैनिक बलों के साथ पश्चिम जोन की टीले वाली मस्जिद, पुराने इस्लामिक सेंटर, नक्खास, चौक, सआदतगंज, वजीरगंज बाजारखाला, काकोरी, मलिहाबाद और रहीमाबाद में फ्लैग मार्च किया गया।

# सड़क जाम कर प्रदर्शन करने वाले पिकप चालकों पर प्राथमिकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ गोमतीनगर पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** गोमतीनगर थानाक्षेत्र अंतर्गत शहीद पथ ओवर ब्रिज के नीचे हुसड़िया चौराहे गुरुवार को पिकअप चालकों ने गाड़ी खड़ी कर जाम लगाकर प्रदर्शन किया था। जिससे यातायात संचालन बाधित हो गया था। इस मामले में पुलिस प्रदर्शन करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडे के मुताबिक थाने में तैनात दरोगा बफाती हुसैन ने सात पिकअप चालक समेत 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि गुरुवार शाम शहीद पथ ओवर ब्रिज के नीचे हुसड़िया चौराहे पर कुछ पिकअप चालक गाड़ियों के संचालन को लेकर प्रदर्शन करने लगे थे। गाड़ियों को सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़ा कर सड़क जाम कर दी थी। पुलिस ने सभी समझाने का प्रयास किया लेकिन सभी अपनी जिद पर अड़े रहे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि यातायात संचालन बाधित होने पर दरोगा ने गाड़ियों की नंबर प्लेट के आधार पर सात वाहन चालक और 30 वाहन स्वामियों पर एफआईआर दर्ज कराई है।

### शार्ट सर्किट से लगी आग चार टैंकर पानी से पाया काबू

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम इलाके में एक घर में आग लगने से अंदर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। जान बचा बाहर निकले लोगों ने दमकल को सूचना दी। कर्मियों ने एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। इलाके के सेक्टर जे में राम मोहन अवस्थी परिवार के प्रथम तल पर रहते हैं। घर के भूतल पर किरायेदार प्रखर दीक्षित पत्नी श्वेता के साथ रहते हैं। राम मोहन ने बताया शुक्रवार दोपहर तीन बजे प्रखर की पिछले कमरे में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। लपटों व धुआं देख प्रखर शोर मचाते हुए पत्नी के साथ बाहर निकले।आनन-फानन बिजली आपूर्ति बंद कर दी। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने चार गाड़ियों से मदद से आग पर काबू पाया। एफएसओ बीकेटी प्रशांत कुमार ने बताया जिस कमरे में आग लगी थी, खिड़कियां नहीं थीं। कमरे में धुआं भरने से कर्मियों को सांस लेने में समस्या हुई। स्मोक एग्जॉस्टर मंगा धुआं निकाल कर आग पर काबू पाया जा सका।

# गोली व चाकू के वार से घायल प्रॉपर्टी डीलर की मौत

▸▸ दिनदहाड़े प्रॉपर्टी डीलर को मारी गई थी गोली

▸▸ 16वें दिन अस्पताल में तोड़ा दम

संवाददाता बीकेटी, लखनऊ



युवक की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन, इनसेट में आनन्द यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बीकेटी के कोटवा गांव में विवादित जमीन पर कब्जा जमाने की नीयत से जेल से छूटे अपराधियों ने प्रॉपर्टी डीलर आनन्द यादव (25) को दिनदहाड़े गोली मार कर जख्मी कर दिया था। उसका इलाज केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में चल रहा था। गुरुवार को प्रॉपर्टी डीलर ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। 28 फरवरी को बन्नौर गांव निवासी प्रॉपर्टी डीलर आनंद यादव साथी तरूण व नसीम के साथ जानकीपुरम के अजनहर गांव में एक प्लाट दिखाने गए थे। तभी सैरपुर के मुबारकपुर गांव निवासी लवकुश यादव साथी सुरेंद्र सिंह, रविशंकर रावत और सोनू यादव को लेकर वहां पहुंच गया। रुपयों के लेनदेन को लेकर उनमें बहसबाजी शुरू हो गई। जिसके बाद दबंग प्रॉपर्टी डीलर की पिटाई करने लगे थे। मारपीट के दौरान लवकुश यादव ने अवैध तमंचे से प्रॉपर्टी डीलर आनंद पर फायर झोंक दिया था। आनंद अपने साथियों के साथ कोटवा गांव की तरफ भागा। लेकिन हमलावरों ने उनका पीछा कर कोटवा गांव के बाहर शिवरानी विहार में चल रही एक प्लाटिंग में आनंद के बाएं हाथ में गोली मार दी थी। आरोपियों ने प्रॉपर्टी डीलर के पूरे शरीर पर चाकू से 16 बार वार कर उसे लहुलूहान कर दिया था। पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराकर हमलावरों को जेल भेज दिया था। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह ने बताया कि लवकुश यादव साथी सुरेंद्र सिंह, रविशंकर रावत और सोनू यादव के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी में हत्या की धारा बढ़ाई गई है। हत्यारोपियों को रिमांड पर लेकर कई पहलुओं पर पूछताछ की जाएगी।



नहर में गिरी कार, दुर्घटना में बाल-बाल बचे दंपति। अमृत विचार

### इंदिरा नहर में गिरी तेज रफ्तार कार

**अमृत विचार, गोसाइगंज :** गोसाईंगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत सुक्खाखेड़ा गांव के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर इंदिरा नहर में गिर गई। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र के मुताबिक, क्षेत्र के विजयनगर सेक्टर-बी निवासी अभिषेक कुमार सिंह पत्नी चेतना के साथ अपनी कार से कहीं जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो, कार की रफ्तार काफी तेज थी। सुक्खाखेड़ा गांव के पास एक मोड़ पर उनका संतुलन बिगड़ गया और कार अनियंत्रित होकर इंदिरा नहर में जा गिरी। इसके बाद ग्रामीणों की भीड़ नहर के इर्द-गिर्द एकत्र हो गई। इसी बीच ग्रामीणों ने नहर में कूद कर दंपतिको सुरक्षित बाहर निकला। इसके बाद ग्रामीणों ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। देर शाम को हादसे से जुड़ा वीडियो और फोटोग्राफ सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी वायरल होने लगा।

### नशीला रुमाल सुंघा बुजुर्ग दंपति के उतारे आभूषण

**अमृत विचार, बीकेटी:** बीकेटी थानाक्षेत्र अंतर्गत बड़ी बाजार के पास टेम्पो से उतरे बुजुर्ग दपंत्ति को उचक्कों ने रास्ता पूछने के बहाने पास बुला उन्हें नशीला रुमाल सुंघा दिया। इसके बाद उच्चके दंपति के आभूषण और रुपये लूट कर भाग निकले। मूलरुप से गोण्डा जनपद के लक्ष्मण पुरवा परसपुर निवासी चन्द्रवती सिंह के पति राजबख्श सिंह कैंसर की बीमारी से ग्रासित है। राज बख्श सिंह रेलवे से रिटायर्ड है। उनका इलाज डा. राममनोहर लोहिया अस्पताल से चल रहा है। चन्द्रावती पति के इलाज के लिए बीकेटी बाजार के पास रहने वाले भांजे शैलेन्द्र सिंह के घर आई थी। बुधवार को वह लोहिया अस्पताल से पति की दवाई लेकर भांजे के घर जा रही थी। वह टेम्पो से बीकेटी के बड़ी बाजार के पास उतरी। इसी दौरान वहां दो उचक्कों ने सीतापुर जाने के लिए रास्ता पूछने के बहाने भीड़ से कुछ दूर बुलाया और नशीला रुमाल सुंघाकर चेन, अंगूठी, कान के बाला और छह हजार रुपए लेकर भाग निकले।

# प्रशिक्षण के दौरान गिरा टेंट एक दर्जन जवान घायल

संवाददाता, मोहनलालगंज

**अमृत विचार :** मण्डलीय प्रशिक्षण केन्द्र मऊ में चल रहे पीआरडी प्रशिक्षण केंद्र में लगा टेंट तेज हवा के झोंके से जवानों पर गिर गया। जवानों पर टेंट गिरने से दर्जनों लोग जख्मी हो गए।

पीआरडी जवानों ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर को हरदोई व लखनऊ जिले के करीब दो सौ महिला पुरुष जवान मऊ के मिनी स्टेडियम के मैदान में प्रशिक्षण के लिये टेंट के नीचे बैठकर सभी जवान प्रशिक्षण ले रहे थे,तभी अचानक से तेज हवा चलने के चलते टेंट उड़कर जवानों के ऊपर गिर गया। सीएचसी अधीक्षक डा०अशोक कुमार ने बताया प्रशिक्षण के दौरान टेंट गिरने से घायल पीआरडी जवानों को इलाज के लिये उनके विभाग द्वारा सीएचसी लाया गया है जहां पर पीआरडी जीतेन्द्र कुमार मिश्रा निवासी हरदोई की हालत गम्भीर देखते ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। घायल पीआरडी अरविंद ,शिल्पी,गुंजा,विद्या,राजेन्द्र, रामल ली,रामकिशोर,प्रतीक,शिवदेवी,पुष्पा को हल्की चोटे आयी थी जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया प्रशिक्षण के दौरान तेज हवा के चलते टेंट गिरने से कुछ पीआरडी जवान मामूली रूप से घायल हुये हैं।

### बीच सड़क छात्र की जूते से पिटाई, पुलिस ने शुरू की जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसएसबी महिला सिपाही द्वारा छात्र को जूते से पीटने के मामले में विभागीय आईजी से शिकायत की गई है। एसीपी विभूतिखंड अनिंद्य विक्रम सिंह ने बताया मामले की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। चिनहट में किराये के मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाला जौनपुर निवासी छात्र बुधवार दोपहर कमता जा रहा था। रास्ते में अवध बस अड्डे के समीप एक कार को ओवरटेक करते समय उल्टी दिशा से आई स्कूटी से उसकी बाइक टकरा गयी। हादसे में स्कूटी सवार महिला सिपाही गिर गई थी। उसने उठते छात्र को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद जूते से पिटाई शुरू कर दी। राहगीर ने वीडियो बना कर गुरुवार को वायरल कर दिया था। जिसकी शिकायत एसएसबी के आईजी से की गई है।

## सार-संक्षेप

### क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दे हड़पे 89 हजार

**अमृत विचार, आलमबाग :** कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला को साइबर अपराधियों ने झांसे में लेकर उसके खाते से 89,649 रुपये पार कर दिये। इलाके के पटेल नगर निवासी माधवी मिश्र पत्नी अंकित दुबे ने बताया तीन माह पहले इंडसेन्ड बैंक से एक लाख रुपये की लिमिट का क्रेडिट कार्ड बनवाया था। जबकि 1 फरवरी की दोपहर कॉलर ने उनके मोबाइल नम्बर पर फोन कर कार्ड की लिमिट बढ़ाकर 2 .70 लाख करने का झांसा दिया। आरोपी के बताये अनुसार प्रक्रिया पूरी की, इस बीच आया ओटीपी बता दिया। इसके बाद उनके क्रेडिट कार्ड से दो बार में कुल 89,649 रुपये ट्रांसफर हो गये। मैसेज आने पर ठगी का पता चला। घटना की शिकायत साइबर सेल व कोतवाली में की है। पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### ईएसएम के बंद मकान से गहने व नकदी चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैंट थानाक्षेत्र अंतर्गत चोरों ने रेलवे में कार्यरत ईएसएम के बंद मकान के ताला तोड़कर लाखों की ज्वैलरी और नकदी बटोर ली। वहीं, आशियाना में व्यापारी नेता की बुलेट लेकर चोर भाग निकले। कैंट प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, निलमथा भगवंत नगर निवासी रामकुमार रेलवे में ईएसएम के पद पर कार्यरत है। गत 9 मार्च को वह सपरिवार ससुराल गए थे। अगले दिन वह वापस लौटे तब मेन गेट का ताला टूटा मिला। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने अलमारी से कीमती ज्वैलरी और अस्सी हजार की नकदी पार कर दी। हालांकि, घटना के चार दिन बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। वहीं, मानकनगर के समर विहार निवासी व्यापारी नेता पवन मनोचा का बेटा हार्दिक बुलेट से एलडीए मल्टी एक्टिविटी सेंटर के सामने चाय पीने गया था। करीब 45 मिनट बाद हार्दिक चाय पीकर लौटा, तो उसकी खड़ी बाइक चोरी हो चुकी थी।

### स्कूटी सवार बदमाश महिला की चेन लूट फरार

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर इलाके में दिन दहाड़े स्कूटी सवार बदमाश महिला की चेन लूट कर फरार हो गये। थाना अंतर्गत आशुतोष नगर निवासी राशी यादव ने बताया उनके पति रामरेश यादव रेलवे कर्मी हैं। 13 मार्च की दोपहर वह पांच वर्षीय बेटी के साथ घर से बाजार निकलीं थी। दोनों घर से कुछ दूरी पर पहुंची थीं। इसी बीच शिवम पार्क के सामने से आये सफेद रंग की स्कूटी सवार बदमाश गले पर झपट्टा मार चेन लूट कर फरार हो गया। शोर सुन आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस को पीड़िता ने घटना बताई। पुलिसकर्मियों आरोपियों की पहचान के लिये घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

### रियल एस्टेट कारोबारी पर धोखाधड़ी का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभूतिखंड थाने में एक महिला ने रियल एस्टेट कारोबारी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि कारोबारी ने प्लॉट देने का दावा कर उससे 3 .82 लाख रुपये ऐंठ लिए है।कैंट के निलमथा निवासी माया ने बताया कि वर्ष 2021 में प्लॉट खरीदने के लिए उसकी मुलाकात वसुंधरा लोट्स इंफ्रा के निदेशक सुधीर सिंह से हुई थी। आरोप है कि निदेशक ने आसान किस्तों में प्लॉट का झांसा देकर उससे करीब 3 .82 लाख रुपये जमा कराए थे। दो साल में जमीन दिए जाने का दावा था। वक्त पूरा होने के बाद भी प्लॉट नहीं मिला। इस पर उसने सुधीर से रुपये वापस मांगे तब वह अभद्रता करने लगा। पीड़िता ने एसीपी विभूतिखंड से मुलाकात कर घटना की जानकारी दी।

### आबकारी टीम ने 200 किलो लहन किया नष्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव और होली को देखते हुए अवैध शराब बनाने, बिक्री और परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 मयस्टॉफ थाना माल अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर, नारू खेड़ा,रामनगर के संदिग्ध अड्डों और संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की गई। इसमें लगभग 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई और 200 किलो लहन नष्ट किया गया। आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 1 अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### जालसाजों ने उड़ाए हजारों रुपए

**अमृत विचार, लखनऊ :** इन्दिरानगर के गर्ग इन्क्लेव इंदिरानगर निवासी सुगंध श्रीवास्तव के मुताबिक बीते दिनों उनके नंबर पर वाट्सऐप फोन कर जालसाज ने रुपए दोगुना करने का झांसा दिया। उनके टेलीग्राम पर लिंक भेज कर लॉगिन करने को कहा। पीड़िता ने बताया कि लिंक को लॉगिन करते ही उनके खाते 99 हजार रुपए कट गए गए। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही हैं।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मडियांव पुलिस ने शुक्रवार को चौक कोतवाली के फिरदौसी कालोनी नक्खास निवासी मो . इम्तियाज को गिरफ्तार किया। आरोपी ने युवती से दोस्ती कर अपने प्रेम जाल में फंसाया, फिर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने जब शादी का दबाव बनाया, तब इम्तियाज ने शादी से इनकार कर उसे जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़िता ने मो . इम्तियाज के खिलाफ दुष्कर्म की धारा में एफआईआर दर्ज कराई थी।

### दो चोर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास पुलिस ने चोरी की बाइकें बरामद किया। वहीं नगराम पुलिस ने चोरी के गैस सिलेंडर के साथ चोर को गिरफ्तार किया है। अलीगंज पुलिस टीम ने कोटवाधाम बाराबंकी निवासी अजयराज दीक्षित को गिरफ्तार किया।

# सेना के अधिकारी बनकर फर्जीवाड़ा कर रहे थे पूर्व सैनिक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बाला ने अपने ससुर के खाते में मंगाए थे ठगी के 21 लाख

▸▸ पत्नी करती है खाते का संचालन रखती है लेखाजोखा

**अमृत विचार :** सेना से कोर्ट मार्शल किया गया नायक पोले वोहना बाला कसइया लखनऊ में आलीशान मकान बनाकर रहता है। गुरुवार को उसे एसटीएफ और मिलिट्री इंटेलीजेंस की टीम ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि गुरुवार को कई अभ्यर्थियों को कमांड अस्पताल पर मेडिकल टेस्ट के लिए बुलाया गया था। फर्जीवाड़े की पूरी कहानी लिखी जा चुकी थी। इसमें बाला और उसका साथी अजीत सेना का अधिकारी बनकर मेडिकल टेस्ट कर रहे थे।

एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक गिरोह ने गुरुवार को सुमित, अमन, अंकित सिंह को नौकरी दिलवाने के लिए बुलाया था। आरोपी पोले वोहना बाला ने कुबूल किया कि मेडिकल टेस्ट में पास कराने के लिए अभ्यर्थियों से 4 से 5 लाख रुपये वसूले गए थे। यह रकम बाला ने अपने ससुर के खाते में 21 लाख रुपये जमा कराए। खाते का पूरा लेखाजोखा उसकी पत्नी नागेश्वरी रखती है।

**ओपीडी बंद होने के बाद अभ्यर्थियों को बुलाया**-संयुक्त टीम के अधिकारियों के मुताबिक सेना भर्ती में शारीरिक दक्षता पास कर चुके अभ्यर्थियों का मेडिकल टेस्ट पास होना अनिवार्य है। इस टेस्ट को पास कराने के नाम पर यह गिरोह वसूली कर रहा था। आरोपियों ने अभ्यर्थियों को ओपीडी बंद होने के बाद कमांड अस्पताल परिसर में बुलाया था। वहां पर फर्जी तरीके से मेडिकल टेस्ट कराकर प्रमाणपत्र दिए जाने की तैयारी थी।

**जेल से छूटने के बाद बनाया गिरोह**-अधिकारी के मुताबिक 2022 में जेल से छूटने के बाद सेना में युवकों की फर्जी भर्ती कराने लगा। पोले वोहना ने पूछताछ में बताया कि जेल से छूटने के बाद उसका संपर्क पूर्व सैनिक अजीत, अभिषेक मिश्रा उर्फ योगीराज और हरिओम उर्फ नकुल से हुआ। इसके बाद सभी ने गिरोह बनाकर सेना में भर्ती के नाम पर ठगी करने लगे। आरोपियों के खिलाफ कैंट कोतवाली में जालसाजी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने की एफआईआर दर्ज कराया गया।

### गबन व फर्जी नौकरी दिलाने में हुआ था कोर्ट मार्शल

एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों में पोले वोहना बाला कसइया से पूछताछ की गई। उसने बताया कि 2001 में सेना में नायक के पद पर भर्ती हुआ। 2021 में सेना में रुपये के गबन व फर्जी तरीके से नौकरी दिलवाने के आरोप में पकड़ा गया था। इसके बाद उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। बाद में कोर्ट मार्शल कर जेल भेज दिया गया। गबन के मामले में उसके साथी स्वप्निल सूर्यवंशी व पवन राज को भी सेना से निकाला गया था।

# संदिग्ध हालात में ट्रक के केबिन में फंदे से लटका मिला चालक का शव

संवाददाता, निगोहां

▸▸ निगोहां के मदन खेड़ा के समीप ढाबे के पास खड़ा था ट्रक

**अमृत विचार:** निगोहा थाना क्षेत्र में एक ढाबा के पास खड़े ट्रक के केबिन के अंदर चालक का शव संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला।

पुलिस के अनुसार कानपुर देहात के थाना डेरापुर अंतर्गत ग्राम जीरेपुर निवासी राजेंद्र कुमार उर्फ राजन पाल (37) ट्रक चालक थे। वह राजस्थान के मालिक का ट्रक चला कर जीवन यापन करते थे। चचेरे भाई कुंवर सिंह पाल ने बताया राजेन्द्र दो माह पूर्व घर से निकले थे। 11 मार्च को सतना के पन्ना की किसी फैक्ट्री से ट्रक में जीके सीमेंट लादकर लखनऊ निकले थे। शुक्रवार सुबह राजेन्द्र का शव निगोहां के मदाखेड़ा के पास लाल चारपाई ढाबे के सामने ट्रक के केबिन में मिलने की पुलिस ने सूचना दी। जब वह मौके पर पहुंचे तो वह ट्रक के केबिन के पंखे से रस्सी के फंदे से संदिग्ध हालात में लटका मिला। दूसरे ट्रक चालक ने ट्रक खड़ा देख रुककर अंदर झांका तो घटना सामने आई। कुंवर सिंह ने भाई के साथ अनहोनी की आशंका जताई है। पुलिस टीम ने मौका मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**खुलासा** — गुरुग्राम के रिसार्ट में करीब 1000 अभ्यर्थियों को रटाये उत्तर

# सिपाही भर्ती परीक्षा से 10 दिन पहले ही लीक हो गया था पेपर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूपी में सिपाही भर्ती परीक्षा 17 और 18 फरवरी को हुई थी। जबकि गिरोह के सदस्यों ने पांच से आठ फरवरी के बीच यानी परीक्षा से 10 दिन पहले ही प्रश्नपत्र मोबाइल से स्कैन कर हासिल कर लिये थे। यही नहीं हरियाणा के गुरुग्राम स्थित एक रिसार्ट में करीब एक हजार के आसपास सिपाही भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्रों की कुंजी तैयार कर बाकायदा उत्तर भी रटाये थे।

डीजीपी ने सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में शामिल गिरोह का भंडा फोड़ किया। बताया कि एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने गिरोह के तीन सदस्यों को गाजियाबाद के लालकुआं फ्लाईओवर के पास विजयनगर इलाके में कार से दबोचा था। आरोपियों से पूछताछ में कई चौंकाने वाली जानकारियां सामने आईं। एक फरवरी 2024 को शिवम ने अभिषेक को पेपर सील बंद ट्रंक यानी संदूकों में वेयर हाउस आने की सूचना दी। इसके चलते तीन को अभिषेक अहमदाबाद पहुंचा। चार को शिवम ने ट्रंक की फोटो अभिषेक को भेजी, जो रवि और राजीव को दी गई। रवि और राजीव ने पांच फरवरी को अहमदाबाद में शिवम को तीन लाख रुपये एडवांस दिए। आरोपी दशमेश होटल में रुके। पांच फरवरी की रात दो कोड का पेपर और 8 को तीसरे कोड के पेपर मोबाइल से स्कैन कर लीक करा लिया गया। वेयर हाउस में भीड़ के कारण चौथे कोड का पेपर नहीं मिल सका।

**इनको बेचे गये थे पेपर**-रवि अत्री और राजीव नयन मिश्रा ने पेपर लीक कराने के बाद विक्रम पहल, मोनू ढाकला, विक्रम दहिया, महेंद्र शर्मा, गौरव चौधरी, मोनू पंडित, सतीश धनकड़ (नेचर वेली रिसोर्ट गुरुग्राम का मालिक), नीटू निवासी वाजिदपुर बागपत, धीरज उर्फ गोल्डी (वालीवुड रेस्टोरेंट सोनीपत का मालिक) को बेचा था। गुरुग्राम में मानेसर स्थित नेचरवेली रिसोर्ट में एक हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों को पेपर लीक होने के बाद प्रश्न-उत्तर पढ़ाए गए थे। राजीव ने साथियों के साथ उत्तर कुंजी तैयार कराई थी। जिसे तीन कोड के पेपर को लाखों में तय करने के बाद बेचा गया। रवि अत्री निवासी नीमका गौतमबुद्धनगर, राजीव नयन मिश्रा निवासी धर्मपुरा शुकुलपुरा प्रयागराज (हाल निवासी भोपाल), अंकित मिश्रा निवासी प्रयागराज और हवलदार विक्रम पहल निवासी हरियाणा के अलावा 50 अन्य आरोपी फरार हैं।



एसटीएफ द्वारा पकड़े गए सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक के आरोपी। अमृत विचार

### यूपी के वेयरहाउस में भी सेंधमारी की थी तैयारी

एसटीएफ की माने तो गिरोह ने पेपर लीक कराने फुलप्रूफ साजिश रची थी। अहमदाबाद में पेपर हाथ नहीं आता तो यूपी के वेयरहाउस से निकलवाया जाना था। इसकी भी फील्डिंग लगाई थी। एसटीएफ ने खुलासा किया कि यूपी सिपाही भर्ती का पेपर अहमदाबाद की प्रेस में छपने के लिए आया था। रवि अत्री और राजीव मिश्रा को इनपुट मिला कि पेपर को छापने के बाद सील लगे बक्सों में प्रिंटिंग प्रेस से उठाने और यूपी तक पहुंचाने टीसीआई कंपनी को जिम्मेदारी दी है।रवि अत्री और डॉ. शुभम मंडल पुराने दोस्त हैं। शुभम सील लगे बक्से खोलने में माहिर है। अंकित मिश्रा प्रयागराज में ही कंसल्टेंसी ऑफिस चलाता है। रवि व राजीव नयन का दोस्त व पार्टनर है। अभिषेक शुक्ला प्रयागराज का है और टीसीआई कंपनी का पूर्व कर्मी है।

## एक नजर

### व्यापारियों ने डीसीपी को सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार, लखनऊ : आलमबाग नटखेड़ा रोड व्यापारियों ने शुक्रवार को युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा, महामंत्री उपकार सिंह, उपाध्यक्ष रूबल सिंह समेत संगठन मंत्री गौतम नागपाल ने डीसीपी साउथ तेज स्वरूप सिंह के कार्यालय पहुँचकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें होली सहित अन्य त्योहारों से रूबरू कराते हुए 18 साल से कम उम्र के ई-रिक्शा चालकों के हाथ में बैटरी रिक्शा नहीं दिए जाने, परमिट व लाइसेंस धारी बैटरी रिक्शा चालकों का जबरन दुकानों के बाहर उसे खड़ा करना समेत विरोध करने पर गाली-गलौज करने पर कार्रवाई की मांग की गयी है।

### पुल की मरम्मत को लेकर 17 दिनों तक डायवर्जन

अमृत विचार, लखनऊ : लोनिवि मानकनगर रेलवे उपरिगामी सेतु की मरम्मत का कार्य कर रहा है। जिसको लेकर 15 मार्च से 31मार्च तक यातायात में बदलाव किया गया है। इस दौरान तिकोनिया से बाराबिरवा की तरफ आने वाले सभी प्रकार के वाहन उपरिगामी पुल के मध्य लेन का प्रयोग करके बाराबिरवा (अवध चौराहा) की ओर जायेगें। अवध चौराहा से तिकोनिया जानें वाला सामान्य यातायात सामान्य रुप से अपनें गंतव्य को जा सकेगा। निर्माण कार्य के दौरान एक लेन से वाहनों के आवागमन से यातायात दवाब रहने की सम्भावना है।

### इंस्टाग्राम पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में मारपीट

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुड़म्बा थानाक्षेत्र अंतर्गत इस्टाग्राम पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में दबंगों ने एक युवक की पिटाई पर उसे लहूलुहान कर दिया। हालांकि, पुलिस ने चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है। गुडम्बा के बीडी कान्वेंट नीरज कुमार वाल्मीकि ने इस्टाग्राम पर एक रील्स अपलोड की थी। उस पर सलमान ने अभद्र टिप्पणी की। पीड़ित ने सलमान की हरकत का विरोध किया। तब आरोपी ने उसे बहाने से बुलाया और साथी जावेद, फरहान, जैद, जिशान ने अन्य साथियों के साथ मिलकर मारपीट कर घायल कर दिया।

### मन्दिर का ताला तोड़कर दान पेटी चोरी

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर थानाक्षेत्र अंतर्गत सरोजनीनगर निबंधक कार्यालय के पास गुरुवार रात चोरों ने शीतला मंदिर का ताला तोड़ दानपात्र गायब कर दिया। हालांकि, चोरों की हरकत मंदिर में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई। शुक्रवार सुबह पुजारी मुकेश ने संबंधित थाने में मंदिर में हुई चोरी की एफआईआर दर्ज कराई है।

# खर्राटे बन सकते हैं सड़क हादसे का कारण

## विश्व निद्रा दिवस

## केजीएमयू में चिकित्सकों ने दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में 'विश्व निद्रा दिवस' के अवसर पर शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निद्रा (नींद) का महत्व एवं इसके साथ-साथ नींद में आने वाले खर्राटों का स्वास्थ पर होने वाले दुष्प्रभाव की चर्चा की गई। विभागाध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने बताया जब खर्राटे आते हैं तो सांस का प्रवाह कम हो जाता है या कई बार रुक जाता है, जो एक नई बीमारी 'ऑब्स्ट्रक्टिव स्लीप ऐपनिया' को जन्म देता है। इस बीमारी से ग्रसित मरीज जहां भी उनको मौका मिलता है, थोड़ी देर के लिए वहां वह सोने लगते हैं। कई बार तो लोग अपने कार, स्कूटर व मोटरसाइकिल को ड्राइव करते-करते सो जाते हैं और एक्सीडेंट हो जाता हैं।


जानकारी देते डॉ. सूर्यकांत।

▶▶ रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में आयोजित हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**इन लोगों को ज्यादा खतरा:** डॉ. आरएएस कुशवाहा ने बताया ऐसे लोगो को खर्राटे का खतरा ज्यादा है जो लोग मोटे है एवं जिनकी गर्दन छोटी और मोटी है, जिनके शर्ट का कॉलर साइज 17 इंच( 42 नम्बर) से ज्यादा है, जिनकी थोठी अंदर धंसी हुई है या छोटी है, जिनकी नाक की हड्डी टेढ़ी है, जिनका तालु बहुत नीचे है या जिनकी जीभ का पिछला हिस्सा बहुत मोटा है। डॉ. राजीव गर्ग ने अपील करते हुए कहा अगर आपके आस-पास, परिवार में या कहीं भी ऐसे लोग दिखते हैं तो उन्हें केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में जाने की सलाह दें और उन्हें अवगत करायें कि विभाग में खर्राटे की पहचान एवं स्लीप स्टडी की जांच एवं उपचार उपलब्ध है। अवसर पर विभाग के डॉ. अजय कुमार वर्मा, डॉ. आनन्द श्रीवास्तव, डॉ. दर्शन बजाज, डॉ. ज्योति बाजपेयी मौजूद रहे।

### शोध में हुई पुष्टि

डॉ. सूर्यकांत बताते हैं कि बीते दिनों रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के द्वारा शोध ऐसे लोगों पर शोध किया। जिन्होंने ड्राइवरी लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। जिसमें यह पाया गया था कि ऐसे 17 प्रतिशत लोग है जो सोते समय तेज खर्राटे लेते हैं व जिनमें ऑब्स्ट्रक्टिव स्लीप ऐपनिया के लक्षण पाए गए। डॉ. सूर्यकांत ने अपील करते हुए बताया कि ड्राइवरी लाइसेंस देने से पहले उनका खर्राटे का परीक्षण करना चाहिए।

# खाद्य पूर्ति अधिकारी और निरीक्षक पर धांधली का आरोप

निज संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार :** विहिप जिलाध्यक्ष राम प्रकाश सिंह ने बख्शी का तालाब तहसील में खाद्य पूर्ति अधिकारी व पूर्ति निरीक्षक पर बड़े पैमाने पर धन उगाही व सरकारी निर्देशों के अनुसार कार्य न किए जाने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद विभाग व अन्य अधिकारियों को पत्र लिखकर मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

विहिप जिलाध्यक्ष ने बताया कि खाद्य आपूर्ति अधिकारी व पूर्ति निरीक्षक बीकेटी खुले आम कांटे पर गल्ला तौल करते समय बाल्टी व तसला रखवाकर घटतौली कराकर कोटेदारों से मनमानी कमीशन ले रहे है। वहीं अंत्योदय कार्ड धारकों को यूनिट जुड़वाने के लिए दौड़ाया जाता है। खाद्य आपूर्ति अधिकारी बीकेटी लखनऊ के पास तहसील मलिहाबाद का भी प्रभार है व उनकी पत्नी गोदाम प्रभारी बीकेटी के पद पर तैनात हैं।

मामला संज्ञान में नहीं है, शिकायत मिलने पर जांच कराई जाएगी। अगर दोषी पाए जाते हैं तो उच्चाधिकारियों को कार्रवाई हेतु रिपोर्ट भेजी जाएगी।
**सतीश चंद्र त्रिपाठी**
**उपजिलाधिकारी, बख्शी का तालाब**

### बच्चे भी हो रहे फैटी लिवर के शिकार

अमृत विचार, लखनऊ : एक तिहाई बच्चों में फैटी लिवर की समस्या पाई जा रही है। जिसके पीछे की प्रमुख वजह खानपान और आरामतलबी है। यदि हालात न बदले तो आने वाले समय में फैटी लिवर महामारी का रूप ले सकता है। यह जानकारी एसजीपीजीआई के पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के डॉ.अर्घ्य सामंत ने दी है। डॉ.अर्घ्य सामंत ने बताया कि यदि समय रहते लोग सचेत नहीं हुये तो फैटी लिवर पीड़ितों का यह आंकड़ा लगातार बढ़ता ही जाएगा। उन्होंने बताया कि फास्ट फूड से दूरी और शारीरिक श्रम बच्चों के लिए जरूरी है। इन बातों पर ध्यान रखकर ही बच्चों को स्वस्थ रखा जा सकता है। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों की पेट संबंधित बीमारियों और उसके इलाज को लेकर 16 और 17 मार्च को कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएन्ट्रोलाजी और हेपेटोलॉजी के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

# केजीएमयू में कटा हाथ मुंह में दबा कर घूमता रहा कुत्ता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू के शताब्दी फेस - टू में शुक्रवार को इंसान का कटा हाथ मुंह में दबाकर कुत्ता इधर-उधर भागता रहा। यह नजारा देख लोग दहशत में आ गए। इसकी सूचना संस्थान प्रशासन को दी गई। कर्मचारियों ने हाथ को बरामद कर लिया है। इस घटना ने केजीएमयू में कटे अंगों के निस्तारण में लापरवाही को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे शताब्दी फेस-2 परिसर में एक कुत्ते के मुंह में कटा हुआ हाथ देख कर अफरा-तफरी मच गई। कुत्ते ने कई जगह उसे रखकर नोचकर खाने की कोशिश की। इससे चिथड़े उधर-उधर बिखर गए। सुरक्षा गार्डो के भगाने पर कुत्ता भाग गया। इस संबंध में केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. सुधीर का कहना है कि कटा हाथ बरामद कर लिया गया है। जांच कराई जा रही है। संबंधित विभाग के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। फिलवक्त, अगर पुलिस की कोई कार्रवाई नहीं होती है तो मानव अंग निस्तारण प्रक्रिया के तहत बरामद हाथ के निस्तारित करने की कार्रवाई की जायेगी।

केजीएमयू के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीके ओझा का कहना है कि मरीज में किसी को काटना जरूरी होता है तो परिजनों से संबन्धित फार्म भरवाया जाता है और सर्टिफिकेट के साथ कटा हुआ अंग परिजनों को सौप दिया जाता है। बरामद किया गया हाथ कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। स्थानीय थाने को सूचित कर दिया गया है। कहां से आया है और किसका है जांच का विषय है।

**फिंगर प्रिंट बताएगा किसका है हाथः** कुत्ते के मुंह से बरामद कटे हुए हाथ की अंगुलियों के निशान लेकर, आधार कार्ड से मैच कराने में संबन्धित मरीज की पुष्टि संभव है। इसके अलावा फोरेंसिंक विभाग द्वारा पता लगाया जा सकता है कि हाथ कितने दिन पहले कटा हुआ है।


केजीएमयू परिसर में कटे हाथ को ले जाते हुए कुत्ते को देखते लोग। अमृत विचार

### कटे हाथ व पैर तीमारदारों को सौंपने का है नियम

केजीएमयू के सीएमएस प्रो .बीके .ओझा ने बताया कि परिजन की इच्छा पर किसी बीमारी में जब मरीज के हाथ या पैर काटे जाते हैं तो उन अंगों को मरीजों के परिजनों को दे दिया जाता है। साथ ही एक फार्म भी भराया जाता है। इस मामले में लापरवाही कैसे हुई इस पर जांच कराई जा रही है।

### जांच में जुटी पुलिस

केजीएमयू प्रशासन का कहना है कि संस्थान में कटे अंगों का निस्तारण करने के नियम तय है। इसकी निगरानी भी की जाती है। ऐसे में कुत्ते द्वारा अंग को बाहर से भी लाने की आशंका है। लिहाजा मामले की सूचना पुलिस को भी दे दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### निडिल चुभने के मामले में हटाई गई एएनएम

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज सीएचसी में बच्चे को टीका लगवाने आई महीला को निडिल चुभने के मामले की जांच शुरू हो गई है। सीएमओ की ओर से गठित जांच समिति ने पीड़ित महिला को सीएचसी बुलाकर बयान दर्ज किया है। साथ ही जांच पूरी होने तक आरोपी एनएम को टीकाकरण के कार्य से हटा दिया है।

मड़ियांव की रहने वाली शिप्रा अपने साढ़े तीन माह के बच्चे को लेकर सोमवार सुबह अलीगंज सीएचसी पर टीकाकरण कराने गई थी। आरोप है एएनएम ने सिरिंज भरकर बच्चे के बजाए मां के हाथ में लगा दी। सुई चुभते ही महिला चीख पड़ी। उसने टीकाकरण बच्चे का करने की बात कही। इस पर आरोप कि एएनएम ने बिना सिरिंज बदले ही बच्चे का टीकाकरण कर दिया। जबकि, सिरिंज पर महिला का खून भी लगा था। इसके बाद महिला ने जमकर हंगामा किया था। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल का कहना है रिपोर्ट आने बाद आगे की कार्रवाई होगी

# इलाज के लिए गिड़गिड़ाता रहा बुजुर्ग, पुत्र की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की ओपीडी में शुक्रवार को इलाज के लिए आए एक युवक की मौत हो गई। मृतक के पिता का आरोप है कि उसकी मौत समय से इलाज न मिलने के कारण हुई है। बेटे को देखने के लिए वह डॉक्टरों व कर्मचारियों गिड़गिड़ाता रहा। उसे स्ट्रेचर तक नहीं मिल सका। ओपीडी में पड़ी लोहे की कुर्सियों पर ही मरीज तड़पता रहा।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बुजुर्ग शेख मोहम्मद अपने बीमार बेटे जीशान (40) को लेकर शुक्रवार को ओपीडी में आए थे। आरोप है कि उसे स्ट्रेचर तक नही मिल सका। मरीज को ओपीडी में पड़ी लोहे की कुर्सियों पर लिटा कर बुजुर्ग पंजीकरण काउंटर से लेकर डॉक्टरों के केविन तक दौड़ लगाता रहा, लेकिन कहीं भी सुनवाई नहीं हुई। इस बीच करीब एक घंटे का समय निकल गया। कुछ मरीजों व तीमारदारों उसे ट्रॉमा सेंटर में ले जाने की सलाह दी। बुजुर्ग अकेले मरीज को ले जाने में असमर्थ था। मरीज उठ तक नहीं पा रहा था। देखते ही देखते मरीज की मौत हो गई। इससे आहात बुजुर्ग ने समय से इलाज न मिलने का आरोप लगाते हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर आए डॉक्टरों ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि मरीज की हालत ज्यादा खराब थी, सम्बंधित विभाग में इलाज को लेकर कर्मचारियों को माड़ को मदद करनी चाहिए थी।

> मरीज गंभीर हालत में ओपीडी लाया गया था। उसे न्यूरो विभाग में दिखाना था, उसे मानसिक दिक्कत भी बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार उसके पिता पर्चा बनवा रहे थे, तभी उसकी मौत हो गई। फिलहाल मामले की जांच कराई जा रही है।- **डॉ. सुधीर सिंह**, प्रवक्ता, केजीएमयू

### डॉक्टर पर लगा महिला मरीज से अश्लीलता का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुराने लखनऊ स्थित एक न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के एक डॉक्टर पर स्वास्थ्य चेकअप के बहाने अश्लील हरकत करने का आरोप लगा है। इस मामले वीडियो भी सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा है।

शहर में सीएमओ के आधीन करीब 52 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का संचालन हो रहा है। पुराने लखनऊ के एक केंद्र पर रिटायर्ड डॉक्टर तैनात हैं। आरोप है डॉक्टर इलाज के बहाने महिला मरीजों से आए दिन गलत हरकत करते हैं। शुक्रवार को पीएचसी में एक महिला मरीज इलाज के लिए आई थी। डॉक्टर इलाज के बहाने महिला मरीज से अश्लील हरकत की। तीमारदार ने गुपचुप तरीके से इसका वीडियो बना कर वायरल किया है। इस मामले में सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच कराई जाएगी। आरोप सही मिलने पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### गोरखपुर ,अहमदाबाद व वडोदरा के बीच होली स्पेशल ट्रेनें आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** रेलवे स्टेशनों पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे ने होली स्पेशल ट्रेनों के संचालन की तैयारी की है। रेलवे होली स्पेशल ट्रेनें 16 मार्च से चलाने जा रहा है। सभी पांच ट्रेनें लखनऊ होकर आवागमन करेंगी। ट्रेन नंबर 05537/05538 का दोनों दिशाओं से दरभंगा-दौराई-दरभंगा का संचालन दरभंगा से 16 से 30 मार्च और दौराई से 17 से 31 मार्च तक तीन फेरों के लिए किया जाएगा। ट्रेन नंबर 09111/09112 दोनों दिशाओं से बड़ोदरा-गोरखपुर-वडोदरा वाया लखनऊ होली सुपरफास्ट विशेष ट्रेन बड़ोदरा से 18 मार्च को और गोरखपुर से 20 मार्च एक फेरे के लिए चलाई जाएगी। ट्रेन नंबर 09195/09196 दोनों दिशाओं से बड़ोदरा-मऊ-वडोदरा होली सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष ट्रेन का संचलन बड़ोदरा से 23 और 30 मार्च को किया जाएगा। ये ट्रेनें दो फेरों के लिए चलेंगी। ट्रेन नंबर 09061/09062 दोनों दिशाओं से वलसाड-बरौनी-वलसाड होली विशेष ट्रेन बलसाड से 19 मार्च दिन मंगलवार को और बरौनी से 21 मार्च गुरुवार को एक-एक फेरे के लिए चलेगी।

### नॉन इंटरलॉकिंग के चलते आधा दर्जन ट्रेनें निरस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुरादाबाद मण्डल के दरपुर स्टेशन पर नॉन इंटरलाकिंग कार्य के चलते डबल डेकर समेत आधा दर्जन ट्रेनों को निरस्त किया गया है। कई अन्य ट्रेनों को टर्मिनेट व रिशेड्यूल्ड भी किया गया है। ट्रेन नंबर 15012 चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस 21 से 23 मार्च तक निरस्त रहेगी। ट्रेन नंबर 14308 बरेली-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस 22 से 24 मार्च, ट्रेन नंबर 14236 बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस 22 से 24 मार्च, ट्रेन नंबर 12584 डबल डेकर एक्सप्रेस 22 से 24 मार्च, ट्रेन नंबर 22554 मेरठ सिटी-लखनऊ राज्य रानी एक्सप्रेस 22 से 24 मार्च, ट्रेन नंबर 15044 काठगोदाम-लखनऊ एक्सप्रेस 22 से 23 मार्च, ट्रेन नंबर 14235 वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस 21 से 23 मार्च, ट्रेन नंबर 14307 प्रयागराज संगम-बरेली एक्सप्रेस 22 से 24 मार्च, ट्रेन नंबर 15011 लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस 20 से 22 मार्च, ट्रेन नंबर 12583 डबल डेकर एक्सप्रेस 22 से 24 मार्च, ट्रेन नंबर 15044 लखनऊ-काठगोदाम एक्सप्रेस 21 से 22 मार्च तक निरस्त रहेगी।

### गलत दबाव नहीं किया जाएगा स्वीकार : संदीप

**अमृत विचार, लखनऊ :** जीएसटी अफसरों की टीम का गलत दबाव कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अचानक दुकान पर बैठे व्यापारी को घेरकर मनमाने तरीके से कागज पर हस्ताक्षर कराए जाने की कोशिशें स्वीकार नहीं की जाएंगी। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने शुक्रवार को लालबाग स्थित पंजाब ऑटो के प्रोपराइटर मिंटू सिंह के यहां सर्वे पर नाराजगी जताते हुए कही। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के सम्मान के साथ खिलवाड़ कतई नहीं होने दिया जाएगा। इस सिलसिले में जल्द ही वित्त एवं संसदीय मंत्री सुरेश खन्ना और राज्यकर आयुक्त मिनिस्ती एस. से मिलकर शिकायत दर्ज करायी जाएगी। व्यापारी नेता ने कहा कि बड़ी संख्या में अधिकारी दुकान में पहुंच व्यापारी को घेर कर इतना दबाव बना देते हैं कि वह भय से ग्रस्त होकर कागजों में साइन करने को मजबूर हो जाता है। सर्वे-छापे की सूचना मिलने पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल महानगर के अध्यक्ष सुरेश छबलानी, महामंत्री अनुज गौतम, युवा प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम अचानक लालबाग पहुंचे और व्यापारी से मिले और उन्हें आश्वस्त किया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली 37 महिला रोडवेज कर्मी सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** सप्रू मार्ग स्थित परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में शुक्रवार को 37 महिला रोडवेजकर्मियों को सम्मानित किया गया। इनमें चालक, परिचालक, कम्प्यूटर आपरेटर, बुकिंग लिपिक, वरिष्ठ लिपिक समेत विभिन्न कैटेगरी की महिला कर्मचारी हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने रीजन की इन सभी महिला कर्मियों को पुरस्कार दिया। प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस दौरान सेवा प्रबंधक विनोद कुमार, एआरएम वित्त एसपी शुक्ला, एआरएम एमपी सिंह, रायबरेली डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक दिनेश चंद्र श्रीवास्तव, कार्यालय अधीक्षक मयंक सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।


क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में सम्मानित होने वाली महिला कर्मी व अन्य। अमृत विचार

### त्वरित उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयार रहे : पार्थ सारथी

अमृत विचार, लखनऊ : परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि इस बार 10 से 30 अप्रैल तक चलने वाला दस्तक अभियान एक सप्ताह अधिक चलाया जायेगा। प्रदेश में कहीं भी कोई किसी प्रकार का आउटब्रेक न हो किन्तु यदि किसी जगह पर रोग चिन्हित हो तो त्वरित उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग भी तैयार रहे। प्रमुख सचिव, शुक्रवार को एनेक्सी भवन के सभागार में एक अन्तर्विभागीय बैठक संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा तथा बाल विकास विभाग यह सुनिश्चित कराएं कि उनके यहां पढ़ने वाले बच्चे ऐसे कपड़े पहने जिससे उनका शरीर ढका रहे तथा मच्छरों से अधिकतम बचाव हो सके। स्कूल में यदि किसी बच्चे को बुखार इत्यादि की समस्या हो तो तत्काल स्वास्थ्य टीम को सूचित करें। बैठक में सचिव रंजन कुमार, एनएचएम निदेशक पिंकी जोवल, स्वास्थ्य महानिदेशक ब्रजेश राठौर व विभागवार नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# अल्ट्रावायलेट रेज और माड़्यूल देगा फ्रिज के खाने को संजीवनी

▶▶ कोल्ड स्टोरेज और बड़े संस्थानों में खाद्य सामग्री लंबे समय तक रखी जा सकेगी सुरक्षित

▶▶ भाषा विश्वविद्यालय के छात्रों को मिली देश का पहला पेटेंट कराने में सफलता

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** फ्रिज में रखा खाना खराब होने का डर अगर आपको सता रहा है तो निश्चिंत हो जाइये। भाषा विश्वविद्यालय ने एक इनोवेशन तैयार किया है, जिसके सहारे फ्रिज में खाद्य सामग्री को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकेगा। इसे पेटेंट भी करा लिया गया है। यह देश का पहला और सबसे सस्ता आधुनिक इनेवेशन होगा।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह ने बताया कि विवि के बीटेक के छात्र दीपक मौर्या और सूर्यांश मिश्रा को इनोवेशन के तैयार करने में छह माह का समय लगा। इनोवेशन को खरा उतरने पर भारत सरकार ने इसे पेटेंट कर बाजार में ले जाने की अनुमति दे दी है। शोधार्थी दीपक कहते हैं कि फ्रिज, रेफ्रिजरेटर, कोल्ड स्टोरेज और बड़े संस्थानों में इस इनोवेशन को इस्तेमाल कर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और पौष्टिकता लंबे समय तक बनाए रखी जा सकेगी।

**एआई चिप के सहारे होगा नियंत्रण:** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) व्यवस्था को शोधार्थियों द्वारा इस्तेमाल में लाया गया है। इसमें लगे सेंसर्स, अल्ट्रावायलेट रेज और कूलिंग माड्यूलर को एआई चिप से नियंत्रित रखेंगे। एआई के निर्देशों के आधार पर ही अल्ट्रावायलेट रेज खाद्य सामग्रियों पर अपना प्रभाव छोड़ेगी।

**इस तरह से इनोवेशन करेगा अपना कार्यः** नए इनोवेशन को शोधार्थियों ने स्मार्ट रेफ्रिजरेशन डिवाइस विद स्पॉइलेज प्रवेंशन सिस्टम का नाम दिया है। नार्मल रेफ्रिजरेटर और कूलिंग सिस्टम खाद्य सामग्री को लंबे समय तक ठंडा रख सकते हैं, लेकिन उनकी पौष्टिकता को सुरक्षित नहीं कर सकते। नया शोध अल्ट्रावायलेट रेज और माड्यूलर के सहारे खाने को लंबे समय तक सुरक्षित रखने का कार्य करेगा।


प्रमाण पत्रों के साथ शोधार्थी और विवि की रजिस्ट्रार डॉ. भावना मिश्रा। अमृत विचार

### उपकरणों के कार्य

- इन्फ्रारेड सेंसर (आईआर सेंसर)- एक संवेदनशील ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक घटक है। इससे निकलने वाली इन्फ्रारेड तरंग खाद्य सामग्री की निगरानी का कार्य करेगी।
- गैस सेंसर्स - अलग अलग तरीके से खाद्य सामग्री में निकलने वाली गैस और दूषित कारकों का पता लगाएगी।
- एआई चिप- ये सभी उपकरणों को नियंत्रित और निर्देशित करने का कार्य करेगी।

### सस्ती और सुलभ है व्यवस्था

जहां लोग सेहत के लिए हजारों-लाखों रुपया खर्च कर देते हैं। शोधार्थियों का दावा है कि नए शोध की कीमत फ्रिज में रखे सामान के बराबर है। जो आमजन के लिए सस्ता, सुलभ और लाभकारी रहेगा।

### अल्ट्रावायलेट रेज से नहीं होगा नुकसान

इनोवेशनकर्ता दीपक मौर्या और सूर्यांश मिश्रा का दावा है कि अमूमन, अल्ट्रावायलेट रेज कुछ हद तक आमजन और खाद्य सामग्री को नुकसान पहुंचाती है। नई तकनीकी इससे इतर है। अल्ट्रावायलेट रेज खाने की पौष्टिकता को नुकसान न पहुंचाकर लाभकारी रहेगा।

# रीढ़ की हड्डी में दर्द, प्रोस्टेट कैंसर और ग्रंथि बढ़ने के संकेत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रोस्टेट ग्रंथि का बढ़ना और प्रोस्टेट कैंसर का लक्षण लगभग एक जैसा होता है। दोनों ही समस्याओं में यूरिन की धार कम होना, बार - बार होना और पीठ वा रीढ़ की हड्डी में दर्द होना, प्रोस्टेट कैंसर और ग्रंथि बढ़ने के लक्षण हो सकते हैं। ऐसी स्थिति पर तत्काल चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए। यह जानकारी किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में यूरोलॉजी विभाग के डॉ. मनोज कुमार ने दी है। वह विभाग में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

दरअसल, 16 और 17 मार्च को उत्तर प्रदेश यूरोलॉजिकल एसोसिएशन का 11वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित हो रहा है। यह सम्मेलन लखनऊ यूरोलॉजी संगठन, केजीएमयू, लोहिया संस्थान और एसजीपीजीआई के सहयोग से हो रहा है। केजीएमयू स्थित अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन में करीब 300 डॉक्टर और विशेषज्ञ शामिल होंगे। डॉ. मनोज ने बताया कि इस सम्मेलन में यूरिन संबंधित बीमारियों के इलाज की नवीन तकनीक पर चर्चा होगी।

### बुजुर्गों को ज्यादा ध्यान देने की जरूरत

यूरोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. हरविंदर सिंह पहवा ने बताया कि वैसे तो अनियमित जीवनशैली के कारण ज्यादातर बीमारियां बढ़ी है। इनमें कम उम्र के लोग भी चपेट में आ रहे हैं। लेकिन ग्रंथि बढ़ने और प्रोस्टेट कैंसर की समस्या ज्यादातर 50 साल से ऊपर वाले लोगों में देखने को मिलती है। हालांकि अब लोग यूरिन से संबंधित बीमारियों को लेकर जागरूक हो रहे हैं। समय से डॉक्टर का परामर्श मिलने से मरीजों को अधिक समस्या का सामना नहीं करना पड़ता है।



## एक नजर

### डीआरएम इलेवन की जीत

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन की देखरेख में मंडल स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट उत्तर रेलवे स्टेडियम पर आयोजित किया जा रहा है। पहला मैच डीआरएम शाखा और विद्युत शाखा के बीच खेला गया। डीआरएम शाखा की तरफ से कैप्टन हरजिंदर सिंह तथा विद्युत शाखा की तरफ से कैप्टन दीनानाथ थे। क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सचिन्द्र मोहन शर्मा चौका लगाकर किया। पहले मैच में के डीआरएम शाखा ने जीत दर्ज की।

### सौरभ के खेल से जीता कल्पना फाउंडेशन

अमृत विचार, लखनऊ : मैन ऑफ द मैच सौरभ जायसवाल (35 रन, 2 विकेट) के आलराउंड खेल से कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में शाकुंभरी क्लब के खिलाफ 8 रन की जीत से पूरे अंक हासिल किए। गियर क्रिकेट ग्राउंड पर कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने निर्धारित 40 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 39 .1 ओवर में 188 रन बनाए। जवाब में शाकुंभरी क्लब लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 180 रन ही बना सका।

# एलएसजी के सितारे आज से शुरू करेंगे अभ्यास

## मुख्य कोच ने इकाना में किया पिच का निरीक्षण, एलएसजी के चार खिलाड़ी पहुंचे राजधानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



युधवीर सिंह


लखनऊ पहुंचे काइल मायर्स का पारंपरिक तरीके से स्वागत करती महिला। अमृत विचार


आयुष बडोनी

अमृत विचार : लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) शनिवार से अभ्यास शुरू करेगा। इसके लिए शुक्रवार को टीम के चीफ कोच जस्टिंग लैंगर ने अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम का निरीक्षण किया। अभ्यास सत्र के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स के अन्य खिलाड़ियों के आने का सिलसिला आज भी जारी रहा। आज आयुष बडोनी, शिवम मावी, काइल मायर्स और युधवीर सिंह राजधानी पहुंचे।

कोच जस्टिन लैंगर ने शुक्रवार दोपहर इकाना स्टेडियम के मुख्य ग्राउंड के अलावा बी ग्राउंड पहुंचे। टीम प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार, मुख्य ग्राउंड में एक काली मिट्टी और एक लाल मिट्टी वाली पिच अभ्यास के लिए तैयार की गई है। बी ग्राउंड में दो काली और दो लाल मिट्टी वाली पिच को अभ्यास के लिए संवारा गया है। शनिवार

▸▸ मुख्य ग्राउंड में काली और लाल मिट्टी वाली पिच अभ्यास के लिए की गई तैयार

को लखनऊ सपुर जायंट्स की टीम दोपहर बाद तीन से छह बजे तक अभ्यास करेगी। रविवार को खिलाड़ी पांच से आठ बजे से अभ्यास करेंगे। इस कड़ी में 18 को टीम के खिलाड़ी अभ्यास नहीं करेंगे, जबकि 19 मार्च को टीम के खिलाड़ी मुख्य स्टेडियम में अभ्यास मैच खेलेंगे।

**एलएसजी 10 किलोमीटर दौड़ कल :** एलएसजी के सीईओ कर्नल विनोद बिष्ट ने बताया कि 17 मार्च को होने वाली एलएसजी-10 के रन में भी टीम के कुछ खिलाड़ी व कोच शामिल होंगे और दौड़ को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ ही विजेता धावकों को पुरस्कृत करेंगे।

### 30 को होगा पहला मैच

सुपर जायंट्स अपने सभी सात घरेलू मैच बीआरएसएबीवी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगा। एलएसजी 30 मार्च को इकाना स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने घरेलू अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद दूसरा घरेलू मैच सात अप्रैल को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ होगा।

### घर बैठे मिलेगा मैच का टिकट

लखनऊ सुपर जाइंट्स ने टाटा आईपीएल के लिए क्रिकेट प्रेमियों को आसानी से टिकट उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। ऑनलाइन प्लेटफार्म बुक माई शो को एलएसजी ने टिकटिंग पार्टनर बनाया है। यहां से क्रिकेट प्रेमी ऑनलाइन टिकट बुक करने के साथ ही उसे होम डिलीवरी ऑप्शन से अपने घर मंगा सकते हैं। बुक माई शो एलएसजी के सभी घरेलू मैचों के टिकट क्रिकेट प्रेमियों को आसानी से उपलब्ध कराएगा। एलएसजी प्रबंधन की ओर से बुक माई शो के सहयोग से शहर के मध्य में कई स्थानों पर बॉक्स ऑफिस भी स्थापित किए जाएंगे।

# गोकुल से राधा के ननिहाल तक बिखरेंगे होली के मनभावन रंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आगामी 21 मार्च को गोकुल में छड़ीमार होली होगी। इसी दिन बांके बिहारी मंदिर में फूलों की होली होगी। 24 मार्च को द्वारकाधीश मंदिर में होली होगी। चौबे समाज का होलीगेट तक डोला निकलेगा और होलिका दहन होगा। इसकी तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। इस संबंध में प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह और प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 25 मार्च को पूरे ब्रज में होली का उत्सव (धुलेंडी) मनाया जाएगा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की ओर से रंगोत्सव-2024 की तैयारियां चल रही हैं। रंगोत्सव में जगह-जगह होली के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसमें स्थानीय कलाकारों के लिए विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक मंच बनाये जा रहे हैं। 26 मार्च को बलदेव में दाऊजी के हुरंगा में मंदिर परिसर में फूलों के रंगों से होली खेली जाएगी। इसमें पंडा समाज (अधिवासी ब्राह्मण) के लड़कों पर महिलाएं रंग फेंकने के बाद कोड़े बरसाएंगी।

27 को गिडोह व बठेन में होली का आयोजन है। 31 मार्च को छड़ीमार होली पुरानी महावन में और 1 अप्रैल को श्रीरंग जी मंदिर वृंदावन में होली के साथ समापन होगा।


पर्यटन विभाग के सभागार में ब्रज रंगोत्सव पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते पर्यटन एवं संस्कृतिक मंत्री जयवीर सिंह, प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

### एमिटी के मंच पर एकजुट हुए उद्यमी

अमृत विचार, लखनऊ : छात्रों के भीतर उद्यमशीलता की भावना पैदा करने और उन्हें अपने उद्यमों को प्रदर्शित करने के लिए एमिटी बिजनेस स्कूल, एमिटी यूनिवर्सिटी ने स्टार्टअप लॉन्चपैड- शिखर सम्मेलन सह प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रो. डॉ. शैलजा दीक्षित ने कार्यक्रम की थीम का परिचय देते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को आत्मनिर्भर बनाना और उनमें उद्यमिता की प्रेरणा जगाना है। प्रो. रोहित कुशवाहा ने कहा कि आज समय बहुत तेजी से बदल रहा है, आज नौकरी लेने वाले से ज्यादा महत्वपूर्ण है नौकरी देने वाला बनना। एमिटी टेक्नोलॉजी इनक्यूबेटर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय वीर सिंह ने एमिटी इनोवेशन इनक्यूबेटर का परिचय दिया और कहा कि हम हर तरह से एमिटी में उभरते उद्यमियों के साथ खड़े हैं। इस दौरान सेठ एण्ड एसोसिएट के सह-संस्थापक जतिन श्रीवास्तव, नीरज भल्ला, विंग कमांडर. डॉ. अनिल कुमार (सेवानिवृत्त), डिप्टी प्रो वाइस चांसलर एमिटी यूनिवर्सिटी प्रो. डॉ. रोहित कुशवाहा, डॉ. शैलजा दीक्षित सहित अन्य उपस्थित रहे।

### लोस चुनाव को लेकर लोक कृष्णायानी देशम की बैठक

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोक कृष्णायनी देशम की एक बैठक जानकीपुरम में आयोजित हुई। इस चुनाव में बेरोजगारी, अलगाववाद, साम्प्रदायिकता और बढ़ती महंगाई का सवाल उठाने की बात कही गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि एसपी सिद्धार्थ मोहनलालगंज से और राम कुमार बंसल बाराबंकी से लोकसभा का निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। संस्था के उपाध्यक्ष आनंद मिश्रा ने कहा कि यह सरकार सबका साथ-सबका विकास का नारा तो दे रही है लेकिन जाति, धर्म और वर्ग के आधार पर नागरिकों का बंटवारा करने में लगी है। भारत कृषि प्रधान देश है लेकिन किसान अपने बच्चों डॉक्टर, इंजीनियर बनाने के लिए रात दिन मेहनत कर पढ़ाता है लेकिन नौकरी के लिए उसे सड़कों पर भटकना पड़ रहा है। बैठक में कहा गया कि गरीब मजदूर को सत्ता में भागीदारी दिलाने के लिए संघर्ष किया जायेगा।

### इस्तेमाल वाले गहनों पर जकात फर्ज नहीं होती

अमृत विचार, लखनऊ : रोजेदारों की समस्याओं के समाधान के लिए आयतुल्लाह अल उजमा सैय्यद सादिक हुसैन शीराजी के कार्यालय से जारी हेल्पलाइन पर चार रमजान को पूछे गये सवालों के जवाब मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नकवी और अन्य उलेमा के पैनल ने दिए। शिया हेल्पलाइन पर रोजा, नमाज या किसी अन्य धार्मिक समस्या के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब दिए जाते हैं। मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर रोजना सुबह 10 बजे से 12 बजे तक सवाल पूछे जा सकते हैं। अगर कोई महिला सवाल पूछना चाहती है तो उसे 6386897124 पर सम्पर्क कर सकती हैं। चार रमजान को हेल्पलाइन के सामने यह सवाल आया कि रमजान के महीने में रोजेदार के लिए नवरोज पर रंग खेलने के बारे में क्या हुक्म है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि इस्लाम में रंग खेलने का उल्लेख नहीं है। रंग मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी है, लेकिन अगर कोई रंग खेलता है तो उसे तहारत (गन्दगी से बचाव) का ध्यान रखना होगा, इससे रोजा नहीं टूटेगा। हेल्पलाइन के सामने यह सवाल आया कि बेटी के दहेज के लिए रखे गहनों पर जकात फर्ज है या नहीं? इस सवाल के जवाब में कहा गया कि जकात बिस्किट या गिन्नी के रूप में रखे सोने पर फर्ज होती है। इस्तेमाल वाले गहनों पर जकात फर्ज नहीं होती है।

### बच्चों में बढ़ते अवसाद के लिए अभिभावक जिम्मेदार :शिवानी

अमृत विचार, लखनऊ : आध्यात्मिक पथ प्रदर्शक ब्रह्मकुमारी शिवानी ने लखनऊ के जीडी गोयनका पब्लिक इंटर कालेज में कहा कि आध्यात्मिकता आज जीवन का आवश्यक अंग बन चुकी है। इसे सीख लेने से एक सही सोच पैदा होती है और काम के दौरान खुशी का अहसास होता है। कॉलेज में ब्रह्मकुमारीज गोमतीनगर की ओर से आयोजित किए गए लिव राइट, थिंक राइट, क्रिएटिंग राइट कर्म ऑलवेज कार्यक्रम में जनसभा को दिए संबोधन में उन्होंने आज के समाज की तस्वीर दिखाई। उन्होंने कहा कि आजकल तो बच्चे भी अवसाद का शिकार होते जा रहे हैं। बच्चों की इस स्थिति के लिए ज्यादा जिम्मेदार अभिभावक हैं, क्योंकि वह बच्चों को कठिन परिस्थितियों का सामना मजबूत आंतरिक स्वस्थिति से कैसा किया जाता है, इसका अपने जीवन से व्यावहारिक अनुभव नहीं दे पा रहे हैं। उनको केवल कड़ी शिक्षाएं देने से यह शक्ति उनके अंदर जागृत नहीं की जा सकती। जरूरत है कि हम स्वयं के संस्कारों में परिवर्तन करें जिसे देखकर हमारे बच्चे स्वतः ही परिवर्तित होने लगेंगे। कार्यक्रम में डीजी फायर अविनाश चंद्रा और जिला जज की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

### खुशबू और अमित ने बिखेरा जलवा

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना स्थित महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का वार्षिक क्रीड़ा समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। आज आयोजित हुई चक्रप्रक्षेपण प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में बीए तृतीय वर्ग की खुशबू रावत और बालक वर्ग में बीए तृतीय वर्ष के अमित ने बाजी मारी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.सुमन गुप्ता ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. गुंजन शाही ने महाविद्यालय के खेल गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# नवयुग कन्या महाविद्यालय बना विजेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सुरेंद्र नगर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह आयोजित किया गया।

क्रीड़ा समारोह के द्वितीय दिवस के समापन सत्र में मुख्य अतिथि महाविद्यालय की संरक्षक महापौर सुषमा खर्कवाल एवं विशिष्ट अतिथि अरूण कुमार गुप्त अपर नगर आयुक्त (शिक्षा) उपस्थित रहे।

▸▸ कबड्डी बालक वर्ग में डीएवी कॉलेज रहा विजयी

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष चन्द्र पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत कर सम्मानित किया। आज आयोजित हुई कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में नवयुग कन्या महाविद्यालय विजेता और बालक वर्ग में डीएवी कॉलेज विजयी रहे। रस्साकस्सी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में नवयुग कन्या महाविद्यालय और बालक वर्ग में अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज विजेता बना।

क्रीड़ा समारोह की आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को महापौर सुषमा खर्कवाल ने पदक और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

### पवन के खेल से आर्य अकादमी क्वार्टर फाइनल में

अमृत विचार, लखनऊ : मैन ऑफ द मैच पवन यादव के दमदार खेल की बदौलत आर्य क्रिकेट अकादमी ने प्रथम एमएमल मिश्रा स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। डीएवी ग्राउंड पर खेले गए मैच में शुक्रवार को आर्य अकादमी ने एसएमआर क्रिकेट कल्ब को चार विकेट से हराया।

# अवध उत्सव में नाटक हंसी के पल ने खूब हंसाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


वाल्मीकि रंगशाला में आयोजित नाटक हंसी के पल में प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

अमृत विचार : अवध कला अकादमी द्वारा आयोजित अवध उत्सव-2024 के तहत संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में हास्य नाटक हंसी के पल का मंचन किया गया। अवध कम्बाइंड नाट्य अकादमी द्वारा मंचित इस नाटक का लेखन व निर्देशन इमरान खान ने किया। इससे पहले यहां अंकिता वाजपेयी के निर्देशन में कई नृत्य संरचनाएं प्रस्तुत की गईं। नाटक में आरसी गुप्ता, अमर पाठक, सत्यनारायण, सीता सिंह और प्रखर सारस्वत की भूमिकाएं उल्लेखनीय थीं।

संगीत नाटक अकादमी की रसमंच योजना के तहत हुए इस आयोजन में अंकिता वाजपेयी के निर्देशन में कासवी, संचिता, सैम,

▸▸ अंकिता वाजपेयी के निर्देशन में कई नृत्य संरचनाएं हुईं प्रस्तुत

अयान, सार्थक, अनम, आराध्या, आयत और स्नेहा रस्तोगी ने होलिया में उड़े रे गुलाल, बाजे अयोध्या में बधइया, पिया तो से नैना लागे रे और हंसता हुआ नूरानी चेहरा जैसे गीतों पर मनभावन नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई।

इस मौके पर नीशू त्यागी, राजेन्द्र मिश्रा, अंकिता वाजपेयी, कुमार मुकेश, स्नेहा रस्तोगी और राजेन्द्र विश्वकर्मा को गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

**कवि सम्मेलन के बाद बही भजन की धारा**

अमृत विचार। निष्काम सेवा संस्थान ने उद्यान भवन के प्रेक्षागृह में रामराज्य की संकल्पना विषयक संगोष्ठी और कवि सम्मेलन का आयोजन किया। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और कवि डॉ. अखिलेश निगम की अध्यक्षता में हुए कवि सम्मेलन में श्रीराम के सर्वकालिक महत्व पर रचनाओं का पाठ किया गया। शाम के समय यहां भजन और नृत्य की महफिल ने इस आयोजन को त्रिवेणी में बादल दिया।

# कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और पेटेंट से करें बौद्धिक संपदा की सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ दो दिवसीय राष्ट्रीय आईपी यात्रा कार्यक्रम का हुआ समापन

अमृत विचार : पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और ऑफिस ऑफ डेवलपमेंट कमिश्नर (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) एमएसएमई मंत्रालय (भारत सरकार) के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय आईपी यात्रा कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हुआ। राष्ट्रीय आईपी यात्रा कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार और एमएसएमई मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पीएचडीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारियों और यूनाइटेड एंड यूनाइटेड के प्रसिद्ध आईपीआर विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम में एमएसएमई, स्टार्ट-अप क्षेत्र और कानून और तकनीकी विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों सहित 100 से अधिक लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान यूनाइटेड एंड यूनाइटेड के अनमोल कक्कड़ ने नवाचारों की नकल या चोरी को रोकने में आईपी सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के लिए विभिन्न रणनीतियों जैसे कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और पेटेंट पंजीकृत करने, गोपनीयता संविदा ड्राफ्ट करने और सुरक्षा उपायों को करने के बारे में विस्तार से बताया।

एनएलयू के एसोसिएट प्रो. डॉ विकास भाटी ने निवारण के रूप में अदालत से स्थायी निषेधाज्ञा आदेश प्राप्त करने के महत्व पर जोर देते हुए आईपीआर उल्लंघन के कानूनी पहलुओं पर चर्चा की । तकनीकी सत्र के बाद एमएसएमई और आईपीआर ने एक हेल्पडेस्क शिविर का आयोजित किया। इसमें शिविर के माध्यम से आईपीआर से संबंधित कई प्रश्नों का समाधान किया गया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/ वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैः- **क्रम सं.-1,** कार्य का नामः बनारस स्टेशन, वाराणसी सिटी स्टेशन, डीआरएम कार्यालय, अधिकारी क्लब, अधिकारी विश्राम गृह के रेलवे परिसर/कैम्पस के भीतर एक वर्ष के लिये मासिक किराये के आधार पर पूरी तरह से विकसित पॉटेड सजावटी पौधो, विभिन्न प्रजातियों के मौसमी फूलो का लाइव इनडोर और आउटडोर रख-रखाव के साथ आपूर्ति और प्रदर्शन। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2023-244, अनुमानित लागतः ₹ 1,22,90,094/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 2,11,500/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 04-04-2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/ अवधि की तिथिः 12 माह। **क्रम सं.-2,** कार्य का नामः गोरखपुर छावनी-पनियहवा अनुभाग में स्टैण्डराईजेशन एवं ट्राली रिफ्यूज बनाना। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2023-245, अनुमानित लागतः ₹ 40,70,759/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 81,400/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 10-04-2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/ अवधि की तिथिः 06 माह। **क्रम सं.-3,** कार्य का नामः महराजगंज-मसरख खण्ड के बीच एलएसएसडब्लू संख्या 39 पर शेड का प्रावधान। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2023-246, अनुमानित लागतः ₹ 60,42,678/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 1,20,900/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 10-04-2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 04 माह।
• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2023-244 दिनांक 04-04-2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2023-245 से एनईआर-बीएसबी-2023-246 दिनांक 10-04-2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), वाराणसी

मुजाधि/डब्लू-582

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


# यूपी की सशक्त बेटियों को मिला नव अंशिका तेजस्विनी सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नव अंशिका फाउंडेशन द्वारा आयोजित द ग्रेट शक्ति स्वरूपा उत्सव में सम्मानित होने वाली महिलाएं। अमृत विचार

अमृत विचार : नव अंशिका महिला माह के तहत हर शुक्रवार को मनाये जा रहे द ग्रेट शक्तिस्वरूपा उत्सव के क्रम में इस शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश की सशक्त बेटियों को नव अंशिका तेजस्विनी सम्मान से अलंकृत किया गया।

विभिन्न क्षेत्रों में यश अर्जित करने वाली बेटियों को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों से दूसरी बेटियों को प्रेरणा देने के मकसद से यह आयोजन किया गया। रचना आर्ट्स की निदेशक रचना सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया।

अलंकरण समारोह में पीजीडीडीई की विशेष शिक्षक और अभिभावक परामर्शदाता जागृति मिश्रा, प्रोफेशनल कथक नृत्यांगना अंकिता मिश्रा, उत्तर प्रदेश की पहली महिला पियानो वादक वैष्णवी शर्मा, लोकप्रिय युवा गायिका श्वेता शुक्ला, पत्रकार नीलू वैश्य, गौरी त्रिवेदी, राजाजीपुरम स्थित स्टार्म फिटनेस और यूनिसेक्स जिम की प्रबन्धक प्रतीक्षा गुप्ता का सम्मान किया गया। संस्था की उपाध्यक्ष नीरा लोहानी ने कविताओं के माध्यम से समारोह का संचालन किया। नव अंशिका फाउंडेशन संस्था की अध्यक्ष नीशू त्यागी ने बताया कि इस कड़ी की शुरुआत 1 मार्च से हुई थी।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली ई-निविदा नोटिस सं0 01802024**
**दिनाँक 11.03.2024 का प्रथम संशोधन**

खुली ई-निविदा नोटिस संख्या 01802024 जो दिनाँक 14.03.2024 के प्रमुख हिन्दी व अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुयी है तथा निविदा बंद होने की अंतिम तिथि 15.04.2024 समय 15:00 बजे है, के उल्लिखित कार्य हेतु (क्र.सं. 01 से 05) निविदा में संशोधन नीचे दिए विवरण के अनुसार किया गया हैः-

| नविदा सं0 | | वर्तमान तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 01-SrDEN-IV- | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 15.04.2024 15:00 | 12.04.2024 15:00 |
| LKO/2024-25 | निविदा डालने का प्रारंभ | 01.04.2024 | 29.03.2024 |
| 02-SrDEN-IV- | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 15.04.2024 15:00 | 02.04.2024 15:00 |
| LKO/2024-25 | निविदा डालने का प्रारंभ | 01.04.2024 | 19.03.2024 |
| 03-SrDEN-IV- | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 15.04.2024 15:00 | 02.04.2024 15:00 |
| LKO/2024-25 | निविदा डालने का प्रारंभ | 01.04.2024 | 19.03.2024 |
| 04-SrDEN-IV- | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 15.04.2024 15:00 | 02.04.2024 15:00 |
| LKO/2024-25 | निविदा डालने का प्रारंभ | 01.04.2024 | 19.03.2024 |
| 05-SrDEN-IV- | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 15.04.2024 15:00 | 02.04.2024 15:00 |
| LKO/2024-25 | निविदा डालने का प्रारंभ | 01.04.2024 | 19.03.2024 |

नोटिस सं0 01802024 (प्रथम संशोधन) दिनाँक 14.03.2024 819/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पेट्रोल और डीजल के दाम घटने पर राजधानी के लोगों ने दीं अलग-अलग प्रतिक्रियाएं

# चुनाव व होली ऑफर है पेट्रोल व डीजल के दामों में कमी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


जेपी यादव


डाल्टन श्रीवास्तव


मुकेश मिश्रा


विकास तिवारी


शिवांगी निगम

अमृत विचार : केन्द्र सरकार ने आम आदमी को राहत देने के लिए पेट्रोल और डीजल के दामों में दो रुपये की कटौती की है। इस कटौती पर अमृत विचार ने आम नागरिकों से बात की तो लोगों ने अलग-अलग प्रतिक्रिया दी। किसी ने चुनावी लॉलीपोप तो किसी ने होली का उपहार बताया।

राजेन्द्र नगर निवासी मुकेश मिश्रा ने कहा कि केन्द्र सरकार का पेट्रोल और डीजल के दामों में कटौती का कदम सराहनीय है। पेट्रोल आम आदमी की जरूरत है। दो पहिया वाहन हों या चार पहिया वाहन सभी लोग इस्तेमाल करते हैं। कार्यालय जाने वालों की संख्या भी ज्यादा है, इसलिए दो रुपये कम होना आम आदमी के लिए बड़ी राहत है।

तिलक नगर निवासी जेपी यादव ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी होना चुनावी एजेंडा है। जब-जब चुनाव आते हैं राजनीतिक पार्टियां ऐसे लुभावने ऑफर देकर जनता को मूर्ख बनाती हैं। पहले पेट्रोल और डीजल के दामों में अत्यधिक वृद्धि कर दो फिर दो रुपये घटाकर जनता को बेवकूफ बनाओ।

मटियारी निवासी डाल्टन श्रीवास्तव कहा कि दाम घटाने का फैसला चुनाव को देखते हुए लिया गया है। वरना ये कदम

▸▸ कोई इसे लोक सभा चुनाव से जोड़कर देख रहा तो कोई होली का ऑफर बता रहा

पहले भी उठाया जा सकता था। जब चुनाव आने वाले हैं तभी दाम कम क्यों किए जाते हैं। हालांकि दाम कम होने से कई वस्तुओं के दामों पर भी असर पड़ेगा और उनके मूल्य भी कम हो सकते हैं।

मड़ियावं निवासी विकास तिवारी ने कहा कि सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल के दाम कम करना आम जनता को राहत देने का काम है। ट्रांसपोर्ट पर भी इसका असर देखने को मिलेगा। अगर दाम कम होने से अन्य चीजों के दाम भी घटे तो आम जनता के लिए अच्छा होगा।

फैजुल्लागंज निवासी शिवांगी निगम ने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम कम करना गृहणियों को राहत देने वाला कार्य है। गैस प्रतिदिन इस्तेमाल होने वाली वस्तु है, जिसका दाम बहुत बढ़ गया था। सरकार द्वारा इसमें कमी करना एक सराहनीय कदम है।

काकोरी निवासी ज्ञानवती देवी ने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम में कमी होना गृहणियों के खर्चे में बहुत राहत देगा। सरकार को गृहणियों के लिए और भी कार्य करने चाहिए।


**कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-2, ऐशबाग, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांकः 2109- ई0ई0-2/एल0जे0एस0 दिनांकः 15/03/2024

**अल्प कालीन निविदा-सूचना**

निम्नलिखित कार्य / आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दि0 22/03/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन शायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 22/03/2024 को समय 2:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0 आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-2 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Supply of slipring, carbon bush holder, carbon bush, copper lead etc for 300 HP Crompton VT motor at Gaughat, Lko | 8500.00 | Rs. 500 | 07 दिवस |

निविदा प्राप्त करने की शर्त :- 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता, जोन-2
जलकल विभाग, नगर निगम लखनऊ

# सरोजनीनगर और लखनऊ मध्य में सबसे अधिक मतदाता

## लखनऊ में वोटरों के साथ ही बढ़ गई बूथों की संख्या, मतदाताओं के लिहाज से मोहनलालगंज तीसरे स्थान पर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में 24 हजार से अधिक लोगों के नाम और जुड़ गए हैं। अब मतदाताओं की संख्या 39 लाख 50 हजार हो गई है। मतदाताओं की संख्या बढ़ने से बूथ भी बढ़ाने पड़े हैं। लखनऊ उत्तर में एक बूथ बढ़ है और दो बदले गए हैं। सर्वाधिक 753722 मतदाता सरोजनीनगर में हैं।704715 मतदाताओं के साथ लखनऊ मध्य दूसरे और 663065 वोटरों के साथ मोहनलालगंज तीसरे स्थान पर है।

जनवरी में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाश के समय मतदाताओं की संख्या 39 लाख 33 हजार थी। 24 हजार से अधिक मतदाता बढ़ने के बाद मतदाताओं की संख्या अब 39 लाख 50 हजार के लगभग हो गई है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर ने बताया कि पुरुषों की संख्या 12 हजार 509 है, नए जुड़े मतदाताओं में 11790 महिलाएं भी हैं। 3952 मतदाता 18-19 आयु वर्ग वाले और जुड़ गए हैं। जनवरी से 9938 मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। एक बूथ पर मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक होने पर सहायक बूथ बना दिया गया है। ऐसे में कुल बूथों की संख्या 3767 हो गई है।

विधानसभा क्षेत्र 172 लखनऊ उत्तर में 294 पूर्व माध्यमिक विद्यालय गाजीपुर बलराम कक्ष संख्या 02 का सहायक बूथ भी बनाया गया है। इस बूथ के आधे मतदाता 294 पूर्व माध्यमिक विद्यालय गाजीपुर बलराम कक्ष संख्या 03 में नए बनाए गए सहायक बूथ में जुड़ गए हैं, लखनऊ उत्तर में ही दो बूथ बदले गए हैं। 69 प्राथमिक विद्यालय पुलगांवा सोंधी टोला चौक कक्ष संख्या 01 को बदला गया है। यहां मतदाता 69 खुनखुनजी गर्ल्स पीजी कॉलेज लाजपत नगर चौक कक्ष संख्या 04 में मतदान करेंगे। 70 प्राथमिक विद्यालय पुलगांवा सोंधी टोल चौक कक्ष संख्या 02 बूथ को भी बदला गया। यहां मतदाता 70 खुनखुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज लाजपत नगर चौक, कक्ष संख्या 05 में अपने मत डालेंगे।

**लखनऊ लोकसभा क्षेत्र में मतदाता**

| विधानसभा क्षेत्र | पुरुष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|
| लखनऊ पश्चिम | 245,462 | 216,058 | 632,099 |
| लखनऊ पश्चिम | 245,462 | 216,058 | 632,099 |
| लखनऊ उत्तर | 255,987 | 224,597 | 643,602 |
| लखनऊ पूर्व | 239,059 | 217,542 | 656,089 |
| लखनऊ मध्य | 195,217 | 175,844 | 704,715 |
| लखनऊ कैंट | 193,950 | 172,422 | 653,623 |

**मोहनलालगंज (सु) लोकसभा क्षेत्र में मतदाता**

| विधानसभा क्षेत्र | पुरुष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|
| मोहनलालगंज | 190,758 | 172,886 | 663,065 |
| मलिहाबाद | 195,639 | 171,142 | 613,769 |
| बीकेटी | 254,284 | 226,590 | 626,097 |
| सरोजनीनगर | 312,532 | 272,879 | 753,722 |

**मतदाता, बूथ व मतदान केंद्र**

| | |
|---|---|
| पुरुष | 2,082,888 |
| महिला | 1,849,960 |
| थर्ड जेंडर | 169 |
| बूथ | 3,766 |
| मतदान केंद्र | 1,545 |

## एक नजर

### उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से की मुलाकात

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर परउत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने सरकारी आवास पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं की छह प्रमुख मांगों को चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग की। परिषद के अध्यक्ष ने बताया कि आगे भी विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों से मुलाकात कर मांगों को राजनीतिक दलों के चुनावी घोषणा पत्र में शामिल कराने की मांग की जाएगी। उन्होंने बिजली कंपनियों पर बकाया चल रहे उपभोक्ताओं की रकम को समायोजित करने, ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति शुरू करने आदि की मांग की।

### बिजली बिल वसूलने गई लेसा टीम पर हमला

**अमृत विचार, बीकेटी :** इंटौजा थानाक्षेत्र अंतर्गत अर्जुनपुर गांव बिजली बिल के बड़े बकाएदारों को हिदायत देने पहुंची लेसा टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। टीम ने बिजली चोरी करते एक उपभोक्ता को पकड़ लिया। जहां विवाद के बाद हाथापाई होने लगी। एसडीओ राज कुमार यादव ने दो संविदा कर्मियों से मारपीट के आरोप में इटौंजा थाने में तहरीर दी है। शुक्रवार को अर्जुनपुर गांव में लेसा टीम बकाएदारों से वसूली करने गई थी। उसी समय बकाया राशि जमा करने और बिजली चोरी को लेकर एक उपभोक्ता से कहासुनी हो गई। मामला बढ़ने पर मौजूद ग्रामीणों ने दो संविदाकर्मियों पर हमला कर दिया। पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना देने के बाद ग्रामीणों ने संविदा कर्मियों को छोड़ा। एसडीओ राजकुमार यादव ने बताया कि संविदा कर्मचारी और लाइनमैन बकाया बिल वसूलने गए थे। एसडीओ का आरोप है कि उपभोक्ता के बेटे शफीक और फहीम ने टीम से अभद्र व्यवहार किया। दोनों ने संविदा कर्मी जगजीवन राम, आदित्य प्रताप को पीटा और घर के अंदर खींच ले गए।

## सपा ने दर्ज कराई मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायत

**राज्य ब्यूरो,अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने 23 जनवरी 2024 को प्रकाशित अन्तिम मतदाता सूची में दर्जनों मतदाताओं के नाम एक से अधिक बार दर्ज होने शिकायत की है। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिकायती पत्र सौंपते हुए मतदाता सूची की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। प्रदेश प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने शुक्रवार को बताया कि 46-झांसी (सामान्य) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 222-बबीना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के ज्यादातर बूथों में व 224-मऊरानीपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के ज्यादातर बूथों में मतदाताओं के नाम कई बार दर्ज हैं। बताया कि बबीना विधान सभा के भाग संख्या 45 में 28 मतदाताओं का नाम एक से अधिक बार दर्ज है। भाग संख्या 7 में 5 मतदाताओं का नाम एक से अधिक बार दर्ज है। भाग संख्या-89 में परिवर्धन सूची में 20 मतदाताओं के नाम एवं पिता का नाम एक ही है। भाग संख्या-211 व 212 में 265, 266 व भाग संख्या- दो व तीन में कई नाम दोनों बूथों में है। 224-मऊरानीपुर विधान सभा क्षेत्र के बूथों पर भी गड़बड़ी मिली है। उन्होंने बताया कि सपा की मांग है कि शिकायतों की जांच कराई जाए

## प्रशिक्षित किए जाएंगे मतदानकर्मी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **40 कमरों में होगा मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण, एक पाली में 15 सौ कर्मी होंगे**
- **जिला निर्वाचन अधिकारी ने केकेसी में प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण केकेसी कॉलेज में कराया जाएगा। प्रशिक्षण दो पालियों में होगा और एक पाली में 15 सौ कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को केकेसी कॉलेज का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण 40 कमरों में होगा। प्रत्येक कक्ष के लिए सीटिंग प्लान तैयार करने के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए। प्रत्येक कक्ष में ईवीएम के प्रशिक्षण के लिए 5-5 ईवीएम उपलब्ध कराई जाएगी। गंगवार ने कहा कि प्रशिक्षण लेना सभी कर्मियों के लिए आवश्यक है। बिना सूचना के कोई भी कर्मी प्रशिक्षण में अनुपस्थित नहीं रहेगा। प्रत्येक दिन मतदान कर्मियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक डिवाइस से होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण के दौरान नगर निगम की एक टीम साफ-सफाई की व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से परिसर में उपस्थित रहेगी। हर कमरे में डस्टबिन और हर फ्लोर पर 2-2 लोग वेस्ट मैनेजमेंट के लिए लगाए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने रमाबाई रैली स्थल में बने मतगणना स्थल और स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सभी 9 स्ट्रांग रूम की सफाई और फागिंग कराने के निर्देश दिए। मौसम को देखते हुए वेंटिलेशन डक्ट और कूलिंग डक्ट की व्यवस्था कराने के लिए भी कहा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभी सिंह, अपर जिलाधिकारी भू अ प्रथम धर्मेंद्र सिंह, नगर निगम, स्मारक समिति व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 24 का परिणाम भी ऐतिहासिक होगा

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक पंकज सिंह ने कहा कि 2014 का चुनाव परिणाम ऐतिहासिक था और 2024 में भी ऐसा ही होगा। उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई ।शुक्रवार को उन्होंने कालीदास स्थित आवास पर पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित वर्ग और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक की। कहा कि रक्षामंत्री लखनऊ से तीसरी बार चुनाव लड़ने जा रहे हैं। 10 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने कई विकास कार्य कराए। साथ ही जो वादा किया उसे पूरा किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों को पूरा किया। जनता को भरोसा है कि जो भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करते हैं। उन्होंने सभी से वोट प्रतिशत बढ़वाकर अधिक से अधिक मतों से रक्षा मंत्री को विजयी बनाने के लिए आह्वान किया। दूसरी ओर डालीगंज स्थित मानस मंदिर में सामाजिक संस्थाओं ने विधायक पंकज सिंह का अभिनंदन किया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, धनश्याम अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, भारत भूषण गुप्ता, मनीष गुप्ता, अनुराग साहू आदि मौजूद रहे।

## सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी भेजे गए जेल

**अमृत विचार, लखनऊः** अमीनाबाद पुलिस ने किशोरी (15) से सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार आजाद ने बताया कि किशोरी के बयान के आधार पर पुलिस ने अमीनाबाद के छत्ते वाली गली नजीराबाद रोड निवासी सैय्यद मोईनुद्दीन, सुमैय्या मुईनुद्दनी और सूफिया मुईन, चौक कोतवाली के कटरा आजमबेग बिलौचपुरा निवासी आमिर सिद्दीकी के खिलाफ दुष्कर्म की धारा में एफआईआर दर्ज कराई थी।

**सूचना**

मैं चन्द्रा देवी अपने पुत्र पंकज सिंह मलड़ा के आर्मी नं.-4205824P ग्राम-भरतपुर मण्डलसेरा, जिला- बागेश्वर, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम चन्द्रा मलड़ा दर्ज है जबकि मेरा सही नाम चन्द्रा देवी है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में चन्द्रा देवी दर्ज किया जाये।

**सूचना**

मैं साबू देवी (SABU DEVI) अपने पुत्र भूपेन्द्र चन्द के आर्मी नं. -4198149H, बिल्हैरी चकरपुर, उधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम सापू देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम साबू देवी है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में साबू देवी (SABU DEVI) दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल मेसर्स के. टी.एल ऑटोमोबाइल प्रा. लि. की सम्पत्ति खसरा नं. 242, ग्राम धावा, लखनऊ व ऑफिस स्पेस नं. जी-06-सी, भूतल ''साइबर हाइट्स'' टीसी/जी-2/2 और टीसी/जी-5/5, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ में स्थित है, जिससे सम्बन्धित दस्ता. क्रमशः मूल विक्रय विलेख का अंतिम पृष्ठ, जिसका क्रमांक संख्या 229, दिनांक 09/01/2007 एवं मूल विक्रय विलेख के अंतिम तीन पृष्ठ, जिसका क्रमांक संख्या 3631 दिनांक 19/02/2021, उपनिबंधक लखनऊ में पंजीकृत है। जो कि दिनांक 10.03.2024 को मेरे मुव्वकिल से गायब/गिर गये हैं। जिस किसी को उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित दस्ता. पर कोई आपत्ति/क्लेम है तो अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें। **वी0एन0 त्रिपाठी एड0, पता सी-15, नेहरू विहार, कल्यानपुर, लखनऊ। मो0 9336127853**

## सार-संक्षेप



महापौर सुषमा खर्कवाल से मिलते उत्पीड़न से नाराज व्यापारी नेता। अमृत विचार

### उत्पीड़न से नाराज व्यापारी महापौर से मिले

**अमृत विचार, लखनऊ :** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे और किसान उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजय त्रिपाठी ने बाजार की समस्याओं के निस्तारण के लिए महापौर सुषमा खर्कवाल से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। व्यापारी नेताद्वय ने कहा कि नगर निगम द्वारा संचालित बाजारों में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है, लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसके विपरीत अधिकारी कभी पॉलिथीन की जांच के नाम पर तो कभी दुकानों का गलत टैक्स बना नोटिस देने पहुंच जाते हैं। किसी न किसी बहाने क्षेत्रीय अधिकारी एवं कर्मचारी व्यापारियों का उत्पीड़न करते हैं। महापौर ने शिकायतें सुन उनके निस्तारण का आश्वासन दिया और कहा कि अकारण किसी भी व्यापारी को परेशान नहीं किया जाएगा।

### कांशीराम ने वंचितों के आत्मसम्मान के लिए संघर्ष किया

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** भीमराव अम्बेडकर के बाद समाज के शोषित, वंचित तथा समाज के अन्तिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति जब अपने को अनाथ और बेसहारा महसूस कर रहा था ऐसे समय में कांशीराम ने उनके आत्मसम्मान के लिए संघर्ष करने का काम किया और उनको न्याय दिलाया। यह बात शुक्रवार को कांशीराम जयंती पर रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कही। रालोद कार्यालय में संपन्न श्रद्धांजलि समारोह में उन्होंने कहा कि कांशीराम ने बहुजन समाज को संगठित करने और उनके हितों के लिए लम्बा आन्दोलन चलाया। उनको राजनैतिक शक्ति के रूप में उभारने का काम किया। उन्हें शोषित वंचित समाज, पिछड़े और दलितों के उत्थान लिए हमेशा याद किया जायेगा। इस मौके पर बीएस प्रेमी, मनोज सिंह चौहान, प्रमोद शुक्ला, मनीष पाण्डेय, सुमित सिंह, विनोद कोरी आदि मौजूद रहे।

### रिश्तेदारों पर गहने चुराने का आरोप

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा थाने में एक युवक ने रिश्तेदारों पर गहने चोरी करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा के मुताबिक, गायत्रीनगर निवासी सोनी शुक्ला का आरोप है कि उनकी शादी के बाद बहन ममता ने पति विमलेश और अन्य रिश्तेदारों ने पचास हजार की नकदी समेत सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए है। एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

### घर में तोड़फोड़ कर दंपति से की मारपीट

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा थानाक्षेत्र अंतर्गत काशीराम कालोनी में दबंगों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ कर दंपती से मारपीट की। दंपती ने यह आरोप लगाते हुए पारा थाने में तहरीर दी है ।काशीराम कालोनी हंसखेड़ा निवासी रमेश गौड़ सपरिवार रहते हैं। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि पड़ोसी उसकी बेटी को अपशब्द कह रहे थे। इसका विरोध करने पर पड़ोसियों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ कर पीड़ित और उनकी पत्नी से मारपीट की। घर में लगे सीसीटीपी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई। प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।

### यूपीएसआरटीसी को दिल्ली में मिले तीन राष्ट्रीय पुरस्कार

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में रोड सेफ्टी के साथ ही परिवहन में किए गए महत्वपूर्ण सुधारों का राष्ट्रीय स्तर पर असर देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन विभाग (यूपीएसआरटीसी) को नई दिल्ली में एसोसिएशन ऑफ स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (एएसआरटीयू) ने तीन राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से सम्मानित किया। इन पुरस्कारों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट एक्सीलेंसी अवार्ड कहा जाता है। यह अवार्ड निर्धारित शर्तों को पूरा करने वाले संस्थानों को अलग अलग कैटेगरी में दिया जाता है। यूपीएसआरटीसी को दो कैटेगरी (रोड सेफ्टी और फ्यूल एफिशिएंसी) में विनर के रूप में, जबकि एक (न्यू इनीशिएटिव्स) में रनर अप का पुरस्कार मिला है। इन पुरस्कारों को प्राप्त करने के लिए परिवहन निगम की तरफ से अपर प्रबंध निदेशक प्रणता ऐश्वर्या उपस्थित रहीं। वहीं, मुख्य प्रधान प्रबंधक प्राविधिक राजीव आनंद, जीएम आईटी युजवेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।




परिवहन निगम की तरफ से अपर प्रबंध निदेशक प्रणता ऐश्वर्या ने नई दिल्ली में प्राप्त किया पुरस्कार।

## उन्नत प्रणाली से सिंचाई के लिए किसानों को प्रेरित करें : डॉ. हीरालाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **कार्यशाला में माइक्रो-इरीगेशन कंपनी ने एक-एक गांव गोद लेने की दी सलाह**

**अमृत विचार :** सभी माइक्रो-इरीगेशन कंपनी एक-एक गांव गोद लें और उन्नत प्रणाली से फसलों की सिंचाई का मॉडल प्रस्तुत कर किसानों को प्रेरित करें। यह बात ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास प्राधिकारी (परियोजना) के अध्यक्ष व प्रशासक डॉ. हीरालाल ने गोमती नगर के होटल हिल्टन में हुई कार्यशाला में कही।

रिवुलिस इरीगेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और ग्रेटर शारदा सहायक समादेश विकास प्राधिकारी द्वारा ''कमांड एरिया डेवलपमेंट थ्रू माइक्रो-इरीगेशन'' पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें डॉ. हीरालाल ने जलवायु परिवर्तन को देखते हुए जल और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि हमें खेत की नहीं बल्कि उन्नत प्रणाली अपनाकर फसल की बूंद-बूंद पानी से सिंचाई करनी है। सभी माइक्रो-इरीगेशन कंपनियां खुद एक-एक गांव गोद लें और उन्नत प्रणाली से सिंचाई कर मॉडल प्रस्तुत कर किसानों को जागरूक करें।

वाटर टेक्नोलॉजी सेंटर नई दिल्ली के रिटायर्ड प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रोफेसर मान सिंह ने ड्रिप इरीगेशन प्रणाली को सभी सब्जियों की सिंचाई के लिए बेहतर बताया। उन्होंने कहा कि इस तकनीक से 50 प्रतिशत तक पानी बचता है। अपर आयुक्त ग्रेटर शारदा सहायक परियोजना राजीव यादव ने माइक्रो-इरीगेशन को फसलों की आवश्यकता बताया।

स्टेट कोऑर्डिनेटर वर्ल्ड बैंक डॉ. योगेश बंधु ने इसके फायदे बताए। प्रोफेसर रुपिंदर ओबेरॉय किरोड़ीमल कॉलेज नई दिल्ली ने नवाचार अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में रिवुलिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक कौशल जायसवाल, संतोष पाटिल, लाल बहादुर जोशी, अशोक मुद्गल कर, मुनीश गंगवार प्रेजिडेंट मॉडल गांव, आरके सिंह अपर निदेशक एग्रीकल्चर व सिंचाई विभाग के अधिकारी रहे।

## सामाजिक विकास में सम्पूर्ण टीकाकरण का अहम योगदान : ब्रजेश पाठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि टीकाकरण से हमें विभिन्न बीमारियों से लड़ने की शक्ति मिलती है और हम शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से विकसित हो पाते हैं। उन्होंने कहा कि टीका न लगवा पाने से हमारे देश या प्रदेश की विकास दर काफी कम हो सकती है, इसलिए पूर्ण टीकाकरण अवश्य करवाएं। यह जिम्मेदारी हर मां-बाप की है।

उप मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के एक दिन पूर्व शुक्रवार को एनेक्सी भवन में बोल रहे थे। थीम, "टीके सभी के लिए काम करें" विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि किसी बीमारी के खिलाफ रोग प्रतिरोधक क्षमता यानि इम्युनिटी बढ़ाने के लिए टीकाकरण आवश्यक है। संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए टीकाकरण सबसे उपयुक्त, प्रभावी और सस्ता उपाय माना जाता है। बच्चों को सुपोषित बनाने में भी टीका की बड़ी भूमिका है।

### टीकाकरण के बाद बुखार आना शुभ संकेत

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि कई टीके हैं जिनके लगने के बाद बुखार आदि महसूस होता है, इसे बीमारी पर जीत का एक शुभ संकेत मानें। वर्तमान में 12 जानलेवा बीमारी से लड़ने के लिए मां और उनके बच्चों को टीके लगाए जा रहे हैं। इसी को ध्यान में रखकर 5 साल, 7 बार और 12 बीमारी खत्म का फार्मूला अपनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खसरा और रूबेला को नियंत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है।

## कुछ वकीलों की वेशभूषा में मकान पर कब्जे का प्रयास, 10 लाख रंगदारी मांगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कोर्ट के आदेश के बाद भी कुछ लोग वकील की वेशभूषा में मकानों पर कब्जा करने व रंगदारी मांगने के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा घटना जानकीपुरम इलाके की है। जहां काली पोशाक में पहुंचे युवकों ने कई लोगों को मकानों से निकाल कब्जा कर लिया। विरोध करने पर पीट कर रंगदारी मांगी। मड़ियांव निवासी पीड़ित अमन श्रीवास्तव ने विशेष प्रकोष्ठ की मदद से 9 नामजद समेत 50 अन्य पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमन ने बताया पिता राम प्रताप श्रीवास्तव ने 15 जनवरी 2022 को ज्ञानवती का भूखंड बैनामा कराया था। इसमें मकान बना परिवार साथ रह रहे थे। तमाम बिल पिता के नाम पर आते थे। 21 अप्रैल को श्यामलाल, दिनेश, श्यामा, सावित्री समेत 40 से 50 लोग वकील की वेशभूषा में पहुंचकर मकानों का ताला तोड़ कब्जा करने लगे ।विरोध करने पर धमकाते हुए अभद्रता की। पीड़ित का कहना है कि एक साल में पांच से छह बार उसके मकान पर कब्जा करने की कोशिश की गई। दिनेश व सावित्री के साथ आए लोगों ने श्यामलाल बनाम रामप्रताप श्रीवास्तव से संबंधित मुकदमा की एक कॉपी दी। कहा कि मुकदमा कोर्ट में दाखिल है। मामला निपटाना है तो 10 लाख दे दो। आरोपियों ने श्याम लाल की तरफ से सिविल जज (सीडी) मलिहाबाद, लखनऊ की कोर्ट में गलत तथ्यों के आधार पर राम प्रताप श्रीवास्तव को किरायेदार दिखाकर मुकदमा दाखिल किया था। वह मुकदमें की पैरवी करने कोर्ट पहुंचा तो 5-6 वकील जो अक्सर मौके पर आते थे। उन लोगों ने कोर्ट न आने की धमकी दी भगा दिया। इसके बाद हाइकोर्ट में रिट दाखिल की। इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह ने बताया कि वादी को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया है।

## हर्षित पर रुपये देने का दबाव बनाता था सुजीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **पिता बोले- मानसिक रूप से परेशान था बेटा, लेकिन नहीं किया जिक्र**
- **हर्षित के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाल रही पुलिस**

**अमृत विचारः** कारोबारी हर्षित पर आरोपी सुजीत हर माह रुपये देने के लिये दबाव बनाता था। इससे वह मानसिक रूप से परेशान था, लेकिन घर में किसी से इस बात का जिक्र नहीं किया।

हर्षित के पिता मदन मोहन टंडन का कहना है कि घटना से पहले भी हर्षित के मोबाइल पर अंतिम काल सुजीत शाह की आई थी। पुलिस ने हर्षित का मोबाइल कब्जे में लिया है। उसकी काल डिटेल से आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में अहम जानकारियां सामने आ सकती हैं। मूलतः बाराबंकी के कोतवाली के पीछे रहने वाले कारोबारी हर्षित एक वर्ष पहले लखनऊ परिवार के संग रहते आये थे। यहां बीबीडी ग्रीन सिटी के लोटस इंक्लेव स्थित विला में रहते थे। पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद कुछ लोगों का कहना था कि वह बच्चों की बेहतर पढ़ाई के लिये राजधानी में परिवार संग शिफ्ट हुये थे। जबकि कुछ का कहना था कि सुजीत शाह की सूदखोरी और धमकियों से परेशान होकर वह यहां किराये के मकान में रहने आये थे। फिलहाल पुलिस की जांच पूरी होने पर ही यह पता चलेगा।

**धमकियों से मकान छोड़ एक वर्ष से किराये पर रहता है परिवार**-बाबी मल्होत्रा ने बताया कि हर्षित को आये दिन धमकी मिल रही थी। इससे परेशान हो एक वर्ष पूर्व खुद का घर छोड़ कर बीबीडी ग्रीन सिटी में किराये पर परिवार के साथ रहने लगे थे।

### 15 लाख कर्ज का हर माह भारी ब्याज वसूलने का आरोप

जीजा बाबी मल्होत्रा ने बताया कि हर्षित ने सुजीत से 15 लाख रुपये कर्ज लिये थे। इसमें बच्चों की पढ़ाई, कारोबार व अन्य कार्य निपटाये थे। आरोप है कि सुजीत ने उन रुपयों के पीछे चक्रवृद्धि ब्याज लगा हर माह वसूलना शुरू कर दिया। भुगतान नहीं करने पर सुजीत हर माह करीब नौ लाख रुपये हर्षित पर कर्ज बनाकर वसूलने का दबाव बनाता था। इससे वह काफी परेशान था।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लोक निर्माण विभाग, सुलतानपुर**

पत्रांक- 468/4ए/ 2023-24 दिनांक :.14.03.2024

अल्पकालिक ई-निविदा सूचना (तृतीयबार आमंत्रण)

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु रजिस्टर्ड श्रेणी ए,बी, सी एवं डी के अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि यह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण कराने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | विधानसभा क्षेत्र इसौली के अन्तर्गत पडरे सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 8.60 | 0.86 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 2. | विधानसभा क्षेत्र जगदीशपुर के अन्तर्गत रामपुर बबुआन सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत कार्य। | 15.50 | 1.55 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |

➤ विल आफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनाँक 18.03.2024 की पूर्वाहन 9:00 बजे से दिनाँक 26.03.2024 की अपराह्न 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 26.03.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनाँक 26.03.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018-42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रुप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेक प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरुप कार्यवाही की जायेगी।.

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेंट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें https://etender.up.nic.inपर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0,
सुलतानपुर

UP-205614 दिनांक 15.03.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-लखनऊ।
पता :-ए ब्लाक सर्वोदयनगर, इन्दिरानगर लखनऊ.।
पत्रांक- 2708/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्राली/पत्रावली सं01/अनु0सहायक/2023-24/दिनांक :.15.03.2024

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड लखनऊ के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | योजना का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | लखनऊ | स्मार्ट सिटी कायाकल्प योजना | लखनऊ स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत कायाकल्प योजना में प्राथमिक विद्यालय बादशाहखेड़ा में रेनोवेशन/सिविल का कार्य। | 22.43 | 0.45 | 2720.00 | 03 माह |
| 2 | लखनऊ | स्मार्ट सिटी कायाकल्प योजना | लखनऊ स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत कायाकल्प योजना में प्राथमिक विद्यालय भमरौली शाहपुर में रेनोवेशन/सिविल का कार्य। | 31.99 | 0.64 | 2720.00 | 03 माह |
| 3 | लखनऊ | स्मार्ट सिटी कायाकल्प योजना | लखनऊ स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत कायाकल्प योजना में प्राथमिक विद्यालय धनेहरखेड़ा में रेनोवेशन/सिविल का कार्य। | 23.08 | 0.47 | 2720.00 | 03 माह |
| 4 | लखनऊ | स्मार्ट सिटी कायाकल्प योजना | लखनऊ स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत कायाकल्प योजना में पूर्व माध्यमिक विद्यालय भूहर में रेनोवेशन/सिविल का कार्य। | 34.27 | 0.69 | 2720.00 | 03 माह |
| 5 | लखनऊ | स्मार्ट सिटी कायाकल्प योजना | लखनऊ स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत कायाकल्प योजना में प्राथमिक विद्यालय माधौपुर में रेनोवेशन/सिविल का कार्य। | 23.23 | 0.47 | 2720.00 | 03 माह |
| 6 | लखनऊ | स्मार्ट सिटी कायाकल्प योजना | लखनऊ स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत कायाकल्प योजना में प्राथमिक विद्यालय भूहर-1 में रेनोवेशन/सिविल का कार्य। | 28.62 | 0.58 | 2720.00 | 03 माह |
| 7 | लखनऊ | स्मार्ट सिटी कायाकल्प योजना | लखनऊ स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत कायाकल्प योजना में प्राथमिक विद्यालय नरपत खेड़ा में रेनोवेशन/सिविल का कार्य। | 24.35 | 0.49 | 2720.00 | 03 माह |
| 8 | लखनऊ | स्मार्ट सिटी कायाकल्प योजना | लखनऊ स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत कायाकल्प योजना में पूर्व माध्यमिक विद्यालय माधौपुर में रेनोवेशन/सिविल का कार्य। | 38.95 | 0.78 | 2720.00 | 03 माह |
| 9 | लखनऊ | विधायक निधि | केसरी खेड़ा वार्ड स्थित त्रिखा कालोनी मे उदय प्रताप वर्मा के घर से श्री देवेन्द्र कुमार के घर होते हुए श्री रूपचन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 4.09 | 0.09 | 770.00 | 03 माह |

2. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि:-22.03.2024
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय:- 15.04.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय:- 16.04.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड-लखनऊ।

UP-205607 दिनांक 15.03.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पंच यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम् ॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय, और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए ।

## संपादकीय

# अमेरिका को सलाह

केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले नागरिकता संशोधन एक्ट (सीएए) को लागू कर सीधे तौर पर वसुधैव कुटुंबकम और शरणागत की रक्षा जैसे विचारों को धरातल पर खड़ा करने का प्रयास किया है। साथ ही भारत ने सीएए पर अमेरिका की टिप्पणी का जवाब देकर कड़ा संदेश दिया है कि किसी भी देश के अंदरूनी मामलों में अनधिकृत हस्तक्षेप से बचा जाना चाहिए। सीएए भारत का आंतरिक मामला है। दरअसल अमेरिका ने भारत में सीएए लागू करने को लेकर अवांछित आपत्ति जताई और अनुचित बयान दिया कि वह इस पर कड़ी नजर रख रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत के संबंध में इतिहास की सीमित समझ रखने वाले हमें ज्ञान ना दें। सीएए राज्यविहीनता के मुद्दे को संबोधित करता है, मानवीय गरिमा प्रदान करता है और मानवाधिकारों का समर्थन करता है। इससे लोगों को नागरिकता दी जाएगी न कि उनकी नागरिकता छीनी जाएगी। भारतीय संविधान सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, ऐसे में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर चिंता का कोई आधार नहीं है।

सीएए के अमल में आ जाने के बाद अब बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश करने वाले हिंदुओं, जैन, ईसाइयों, सिखों, बौद्धों और पारसियों को यहां पांच साल तक निवास करने के बाद भारतीय नागरिकता दी जा सकती है। यह उन लोगों को अवैध प्रवासन की कार्यवाही से बचाने के लिए बनाया गया है।

केंद्र सरकार ने जब इस कानून को लाने की तैयारी की थी, तभी से इसका विरोध भी शुरू हो गया था। 2019 में जब सीएए कानून को संसद से हरी झंडी मिली थी तब पूर्वोत्तर समेत कई राज्यों में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। प्रदर्शन करने वालों का कहना था कि सरकार वोट बैंक की राजनीति कर रही है इसलिए इसमें मुस्लिमों को शामिल नहीं किया गया है। भाजपा इसमें अपना राजनैतिक लाभ देख रही है। कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए उस समय सरकार ने सीएए को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। हालांकि, समय-समय पर इस मुद्दे पर चर्चा होती रही। कहा जा रहा है व्यापक विरोध के चलते ही कानून को लागू करने में देरी हुई। सच्चाई यह भी है कि कुछ राज्य सरकारों ने विधानसभा में नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया है, यह दर्शाता है कि कैसे इस मुद्दे पर राजनीति होती रही। जबकि नागरिकता देने में राज्य सरकारों की कोई जिम्मेदारी नहीं थी।

# बेहतर शिक्षा हो चुनावी घोषणा पत्रों का प्रमुख एजेंडा



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

भारत एक मज़बूत लोकतांत्रिक व्यवस्था संपन्न राष्ट्र है। लोकतंत्र या प्रजातंत्र ऐसी शासन प्रणाली होती है जिसमें जनता स्वेच्छा से मतदान करते हुए अपने पसंदीदा जनप्रतिनिधियों का चुनाव करती है।

शिक्षा को किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार माना गया है। यह समय और समाज के साथ चलने वाली वह प्रक्रिया है जो व्यक्ति की अंतर्निहित शक्तियों का विकास करते हुए उसके ज्ञान, कौशल और दक्षताओं में वृद्धि करती है। शिक्षा एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज के निर्माण हेतु अपेक्षित कार्य, व्यवहार और दायित्वों का भी बोध कराती है। इससे व्यक्ति का बहुमुखी विकास होता है और किसी भी राष्ट्र के संवैधानिक स्वरूप के अनुरूप समाज का निर्माण होता है।

भारत एक मज़बूत लोकतांत्रिक व्यवस्था संपन्न राष्ट्र है। लोकतंत्र या प्रजातंत्र ऐसी शासन प्रणाली होती है जिसमें जनता स्वेच्छा से मतदान करते हुए अपने पसंदीदा जनप्रतिनिधियों का चुनाव करती है। इस प्रकार यह जनता के लिए, जनता की तथा जनता द्वारा संचालित शासन व्यवस्था है। स्वाभाविक ही है कि इस व्यवस्था में जनआकांक्षाएं और जनभावनाएं शामिल होती हैं,अतः चुने गए प्रतिनिधियों का यह दायित्व होता है कि वे जनता की इन अपेक्षाओं पर खरा उतरें।

एक न्यायपूर्ण, लोकहितकारी व समावेशी लोकतांत्रिक व्यवस्था में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्था में न केवल व्यक्तियों की सार्थक भागीदारी को बढ़ावा देती है बल्कि राष्ट्रहित में उपयुक्त व्यक्ति के चयन का तार्किक आधार भी बनती है। इस प्रकार शिक्षा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागी बन सामाजिक एकता, समता, समानता, सामाजिक न्याय और स्वतंत्रता के सिद्धांतों पर आधारित समाज के निर्माण में योगदान देती है। इस दृष्टि से देखें तो शिक्षा और लोकतंत्र का अन्योन्याश्रित संबंध है। दोनों एक दूसरे बिना आधे-अधूरे और लगभग अर्थहीन हैं। अतः आवश्यक है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शिक्षा को 'प्रमुख एजेंडा' निर्धारित किया जाय। जिस एजेंडा में प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा और उससे जुड़े कला-कौशलों को हासिल कर स्वयं तथा समाज की प्रगति में योगदान देने योग्य बनाने की प्रतिबद्धता शामिल हो।

देश की बड़ी आबादी दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है जहां विकास की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी गति से पहुंचती है। तकनीकी दौर में शिक्षा में हो रहा हर नवाचार त्वरित गति से हर शिक्षार्थी तक पहुंचे यह सुनिश्चित हो। हर क्षेत्र, वर्ग, समुदाय की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु समुचित भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की उपलब्धता हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उससे पूर्व की शिक्षा नीतियां समय-समय पर शिक्षा में जिस पूंजीगत निवेश और सुधारों की सिफ़ारिश करती रही हैं उनमें से कितनी अमली जामा पहन चुकी और किन पर काम किया जाना शेष है इसकी सुविचारित योजना होनी चाहिए।

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम(आरटीई)-2009 के अंतर्गत पूर्णकालिक प्रारंभिक शिक्षा को हर बच्चे का मौलिक अधिकार घोषित किया गया है। इसके तहत प्रत्येक बच्चे को प्रारंभिक स्तर पर किसी भी औपचारिक विद्यालय में जो कुछ अनिवार्य मानकों और मानदंडों को पूरा करता हो, गुणवत्तापूर्ण एवं पूर्णकालिक शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। स्वाभाविक ही है कि बुनियादी शिक्षा किसी भी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों में शामिल है जिसे हर स्तर पर बेहतर होना चाहिए। और यह मुद्दा किसी भी चुनाव में, किसी भी पार्टी के चुनावी एजेंडे, विमर्शों और वोट हेतु संपर्क की गतिविधियों में प्रमुखता से होना चाहिए।

विगत तीन दशकों में शिक्षा उन्नयन हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं-परियोजनाओं के चलते शिक्षा में कई स्तरों पर सुधार हुए हैं और यह भौतिक संसाधनों की उपलब्धता, पहुंच के विस्तार, क्षमता वर्धन के रूप में दिखते हैं लेकिन पूर्व और वर्तमान की शिक्षा नीतियों के मार्गदर्शक बिंदुओं के आधार पर अभी शिक्षा के अपेक्षित लक्ष्यों को हासिल किया जाना शेष है। जिसके लिए आवश्यक है कि ये लक्ष्य किसी भी राजनैतिक दल के चुनावी घोषणा पत्र में प्रमुखता से शामिल हों।

कोरोना त्रासदी के दौरान और उसके बाद जीवन यापन के तौर तरीकों व अवसरों में व्यापक बदलाव आए हैं। इस अप्रत्याशित त्रासदी ने वैश्विक स्तर पर जीवन यापन के सुरक्षित और स्थिर समझे जाने वाले तौर-तरीकों पर भी प्रहार किया। स्वाभाविक ही है कि वर्तमान परिस्थितियों में जीवन के लिए शिक्षा हेतु नई संभावनाओं, अवसरों और साधनों-संसाधनों को शामिल करना होगा जो कि सामाजिक और राजनैतिक विमर्श की प्राथमिकता का बिंदु होना चाहिए।

हर क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक एवं परिस्थितिगत विविधता के अनुसार शिक्षा से जुड़े मुद्दों में भिन्नता हो सकती है। आवश्यक है कि उस भिन्नता के परिप्रेक्ष्य में ही उस क्षेत्र का शैक्षिक एजेंडा तय हो जिसमें तत्कालीन परिस्थितियों में शिक्षा की बेहतरी का सुस्पष्ट विजन और क्रियान्वयन योजना हो। यह सुधार किसी पैचवर्क की तरह न होकर सतत, सोद्देश्य एवं परिणामी हों।

देश की बड़ी आबादी दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है जहां विकास की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी गति से पहुंचती है। तकनीकी दौर में शिक्षा में हो रहा हर नवाचार त्वरित गति से हर शिक्षार्थी तक पहुंचे यह सुनिश्चित हो। हर क्षेत्र, वर्ग, समुदाय की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु समुचित भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की उपलब्धता हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उससे पूर्व की शिक्षा नीतियां समय-समय पर शिक्षा में जिस पूंजीगत निवेश और सुधारों की सिफ़ारिश करती रही हैं उनमें से कितनी अमली जामा पहन चुकी और किन पर काम किया जाना शेष है इसकी सुविचारित योजना होनी चाहिए। सरकारी व ग़ैर सरकारी विद्यालयों में शिक्षा को लेकर जो विविध प्रकार की असमानताएं दिखाई देती हैं उनको दूर कर समतामूलक व समावेशी शिक्षा वातावरण निर्माण की प्रतिबद्धता होनी चाहिए। शिक्षा केवल विद्यालयों की स्थापना और शिक्षकों की नियुक्ति भर नहीं है। शिक्षा विभिन्न प्रकार के पूर्वाग्रहों और विषमताओं से मुक्ति भी है। जरूरी है कि राजनीतिक दल अपने चुनावी घोषणा पत्र में स्पष्ट करें कि उनका प्रारंभिक स्तर से उच्च शिक्षा तक वांछित सुधार हेतु विज़न क्या है और विद्यालयों में अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए वे इसका क्रियान्वयन किस प्रकार करेंगे। इसके लिए किन-किन स्तरों पर किस प्रकार के बदलाव करेंगे तथा इसमें समुदाय और परिवेशीय संसाधनों की क्या भूमिका होगी। बेहतर हो कि इसका सुनियोजित खाका हो तथा बदलाव केवल भौतिक संसाधनों तक ही सीमित न हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शिक्षा के जरिए व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास पर प्रमुखता से बल देती है। एजेंडा इस बिंदु पर भी सुविचारित दृष्टिकोण प्रस्तुत करें कि इसके लिए स्थानीय शिल्प, कला, संस्कृति तथा अन्य वैशिष्ट्य का शिक्षा में किस प्रकार समावेश किया जाएगा ताकि समृद्ध विरासत, परंपरागत ज्ञान व कौशल जीवन यापन का मज़बूत आधार बन सके।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान को महापर्व माना गया है। यह वह अवसर है जिसमें हम अपने और समाज की बेहतरी के लिए सुयोग्य उम्मीदवार का चयन करते हैं। बेहतर समाज बेहतर शिक्षा से ही संभव होता है। इसलिए ज़रूरी है कि उसे वोट किया जाय जिसके एजेंडे में सुशिक्षा शीर्ष पर हो। जो शिक्षा की बेहतरी के लिए संकल्पित हो और प्रतिबद्ध भी।

## प्रसंगवश

# लगातार दरक रहीं पहाड़ियां बड़ी आपदा की आहट

भारत के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में शुमार झील नगरी नैनीताल, जिसे सरोवर नगरी भी कहा जाता है, के बसासत की वर्षगांठ हर साल केक काटकर व चंद सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाई जाती है। पर आजादी के बाद के दशकों में विशेषकर सत्तर व अस्सी के दशक में पूरी तरह से कंक्रीट के जंगल में तब्दील हो चुके और अपने अस्तित्व को बचाने के लिए जूझ रहे इस नगर को सजाने की नहीं बल्कि संवारने और बचाने की जरूरत है।

1841 में अंग्रेज यायावर और शिकारी पीटर बैरन ने जब गरमपानी नामक स्थल से शिकार की तलाश मे पैदल यहां पहुंचकर इस सुंदर जगह को देखा था, तब उसने कल्पना भी नहीं की होगी कि इतनी जल्दी इस नगर के चेहरे पर बुढ़ापे की झुर्रियां नजर आने लगेंगी और लगातार दरकती पहाड़ियों के बीच भू वैज्ञानिक और पर्यावरणविद इसकी उम्र पर भी प्रश्न चिन्ह लगाने लगेंगे। भूस्खलन, अवैध निर्माण, पेड़ों का कटान और झील की गंदगी नैनीताल के सौंदर्य को दीमक की तरह चाटती जा रहे है।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

अंग्रेजों ने सदियों तक यहां की पहचान कायम रहे, इसके लिए कुछ नियम व कायदे कानून बनाए थे परंतु आजादी के बाद हिंदुस्तानी साहबों और हम भदेस नागरिकों ने मनमाफिक तरीकों से नगर का दोहन करने मे कोई कसर नहीं छोड़ी। नतीजन जहां पहाड़ खोदना मना था वहां नियमों को ताक पर रखकर बड़े बड़े होटल और काटेज, आवासीय व सरकारी भवन बना दिए गए।

नैनीताल की कमजोरी और लगातार टूट रही पहाड़ियां जबर्दस्त दबाव में है और इसीलिए समय-समय पर दरक कर भविष्य की किसी बड़ी आपदा की आहट देती है। गौरतलब है कि नैनीताल जोन चार व पांच के मध्य अति संवेदनशील भूकंपीय क्षेत्र में बसा है। भूकंप का हल्का सा कंपन भी नैनीताल की कमजोर पहाड़ियों को हिला कर रख देता है। नैनीताल मे पहली बार भूस्खलन 1866 में हुआ था, तब जान माल का अधिक नुकसान नहीं हुआ था। लेकिन सन् 1880 में झील के उतर पूर्व की पहाड़ी पर हुए विनाशकारी भूस्खलन को भला कौन भूल सकता है जिसने चंद सेकेंड में नगर का नक्शा ही बदल दिया था। कई लोग भूस्खलन में दब कर मारे गए थे।

इस भूस्खलन में मल्लीताल स्थित प्राचीन नैना देवी मंदिर पूरी तरह से मलबे मे दब कर नष्ट हो गया था और झील का बड़ा हिस्सा पट कर एक बड़े मैदान में तब्दील हो गया, जिसे आज हम फ्लैट के रुप में देखते हैं। सोचो अगर वो भूस्खलन न हुआ होता तो आज नैनी झील कितनी बड़ी होती। तब बसासत बहुत कम थी, सोचो फिर कभी ऐसा भूस्खलन हुआ या कोई बड़ा भूकंप आ जाए तो नगर में किस कदर जान माल का नुकसान होगा।

अंग्रेज अफसर नैनीताल के प्रति अतिरिक्त रुप से सावधान थे। उस दौर में पहाड़ खोदना, पक्के मकान बनाना, माल रोड पर भारी वाहन चलाना मना था। ऐसा करने पर जुर्माने व सजा का प्रावधान था, पर आज हालात यह हैं कि नगर मे ऊपर पहाड़ी क्षेत्र जहां छोटे बड़े भवनों, होटलों से कैद है तो नीचे माल रोड व फ्लैट में वाहनों का भारी सैलाब है। नतीजन लोअर मालरोड कई जगहों पर दरकने धंसने लगी है।

अंग्रेजों ने नैनीताल को भूस्खलन से बचाने के लिए 70 से अधिक छोटे बड़े नाले बनाए थे ताकि बरसात का पानी पहाड़ में जमा न हो, पर आज अधिकांश नालों को पाटकर उनके ऊपर मकान या होटल बना दिए गए हैं। जो बचे है उनका भी रखरखाव नहीं किया जा रहा है। झील भी प्रदूषित है। मलबा और कई जगहों पर सीवर लाइनों का रिसाव बेरोकटोक झील के गर्भ में समा रहा है।

नैनीताल को उजाड़ने की संभावना अब नहीं बची है। नैनीताल की पहाडियों में अब पेड़ नहीं बल्कि जहां देखो वहां मकान ही मकान नजर आते हैं। लेकिन इसे बचाने और संवारने के प्रयास तो किए जाने ही चाहिए। प्रशासन से तो कभी ऐसी उम्मीद रही नहीं क्योंकि हर अफसर को नैनीताल में ही आफिस चाहिए और जो यहां आता है वो फिर यहां से जाना नहीं चाहता। स्थानीय लोग कभी कभार आवाज़ उठाते भी हैं तो उनकी आवाज दबा दी जाती है। वैसे भी ऐसे प्रयास कम ही नजर आते है और थोड़ा बहुत कुछ होता भी है तो वह महज प्रतीकात्मक और उसमें प्रचार पाने की चाह अधिक होती है।

# चुनाव में डीपफेक से मुकाबले को आयोग की तैयारी



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने एआई तकनीक विशेषज्ञों से इसके लिए प्रशिक्षण लेकर राज्य के चुनाव आयोग के साथ अपने अनुभव शेयर किए हैं।

'डीपफेक' की उन्मादी करतूतों से आगामी लोकसभा चुनाव में व्यापक प्रभाव डालने की संभावनाओं ने भारतीय चुनाव आयोग को खासा चिंतित किया हुआ है। अति संवेदनशील मसले पर चुनाव आयोग ने गंभीरता से विचार-विमर्श के बाद एक नई तरकीब खोजी है। तरीका ये है कि आयोग लोकसभा-2024 चुनावों को स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई तकनीक का उपयोग करेगा। इसके लिए एक अलग से विभाग स्थापित किया है। जो सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भ्रामक और गलत सूचनाओं को चिन्हित कर उन्हें ऑटोमेटिक हटाएगा।

आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने एआई तकनीक विशेषज्ञों से इसके लिए प्रशिक्षण लेकर राज्य के चुनाव आयोग के साथ अपने अनुभव शेयर किए हैं। तसल्ली करके और अच्छे से जांच-परखने के बाद मुख्य चुनाव आयोग ने इस तकनीक को आगामी चुनाव में उपयोग करने का मन बनाया। चुनाव में एआई कैसे काम करेगा, इसके संबंध में बताया जाता है कि ऑथेंटिकेटर ऐप ईसीआई ऑथेंटिकेटर ऐप विभिन्न एल्गोरिथम का उपयोग करके निर्बाध और सुरक्षित टू-वे ऑथेंटिकेशन का प्रबंधन करेगा, जो प्रयोक्ताओं को एसएमएस आधारित ओटीपी या ई-मेल ओटीपी की आवश्यकता के बिना सुरक्षित रूप से लॉग इन करने में मदद करेगा। कहावत है कि 'लोहा ही लोहे को काटता है'। ठीक उसी तर्ज पर एआई का उपयोगी वर्जन ही एआई के डीपफेक तकनीक से इस बार मुकाबला करेगा। चुनाव में एआई तकनीक चुनावों की निगरानी, एनालिसिस और भ्रामक सामग्रियों को ट्रैक करेगा। नकली-बनावटी वीडियो, झूठी खबरें, फेक चेहरों की पहचान करेगा। समय से पहले ही गलत सूचनाओं को जंगल में आग लगने से पूर्व बुझाता रहेगा। एआई की ये तकनीक जल्द नकली सामग्री का मिलान वास्तविक वस्तु से कर लेगी।

2019-लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों ने ईवीएम में वोट की गड़बड़ी का एक बड़ा आरोप लगाया था। जांच हुई तो उनके कुछ आरोप सही भी साबित हुए। तब, 8 वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के मिलान में आयोग ने खुद अंतर पाया था, यानी .0004 फीसदी वोटों का मिलान नहीं हो सका। संभावनाएं है, ऐसी हरकतों पर अंकुश लगाने में एआई तकनीक कारगर साबित हो सकती है। सोशल मीडिया का युग है, जहां, बात निकलती है, तो दूर तक जा पहुंचती है। पूर्व में संपन्न हुए तमाम इलेक्शनों में अनगिनत ऐसी अप्रिय घटनाएं घटित हुईं, जिसके बाद वोटरों का शक चुनावी प्रक्रियाओं पर भी गहराया? आयोग के काम करने के तरीकों और ईवीएम मशीनों का प्रयोग अब सवालों के घेरे में है ही?

दरअसल, इन आरापों के पीछे डीपफेक की हरकतें ही ज्यादा थी, जो बाद में पकड़ में आईं? आयोग की निष्पक्षता पर तो विपक्षी दल सवाल उठाते ही थे, अब सत्तारूढ़ दल से मिलीभगत के भी आरोप लगने लगे हैं। डीपफेक की गिरफत में नामी हस्तियां ज्यादा फंस रही हैं। खुद प्रधानमंत्री तक इसकी चपेट में आ चुके हैं। बड़े टीवी एंकरों की गलत आवाजें इस वक्त सोशल मीडिया में फैली ही हुई हैं। निश्चित रूप से समस्या विकराल हो गई है। इसलिए आगामी चुनाव साफ-सुथरे निपटे जिसको लेकर मुख्य चुनाव आयोग बेहद गंभीर है।

केंद्र सरकार भी इस बात को मानती है कि गलत सूचनाओं को रोकना बड़ी चुनौती है? खासकर चुनावों के समय कुछ ज्यादा ही? इनका तीन व्यापक क्षेत्रों में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हेरफेर अधिक होता है। अव्वल, मतदाता के पक्ष में, दूसरा उम्मीदवार के पक्ष में, और तीसरा मतगणना प्रक्रिया में। लोकसभा-2024 में डीपफेक के जरिए खुराफाती तत्व नेताओं द्वारा झूठे चुनावी वादे और घोषणापत्र में पार्टी के एजेंडे के विपरीत बातों को ज्यादा फैलाने की संभावना है। इसलिए चुनाव आयोग ने अलग विभाग बनाकर एआई के माध्यम से ही इनकी कमर तोड़ने का प्लान बनाया है। इस अपराध के लिए सख्त कानून की जरूरत है क्योंकि मौजूदा भारत दंड संहिता-1860, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000 व सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम-2021 से काम नहीं चलेगा। इस क्षेत्र में नापाक हरकतें जिस तेजी से बढ़ी हैं, उसे देखते हुए अलहदा कठोर कानून बनाए जाने की दरकार है। फिलहाल, देखते हैं लोकसभा चुनाव में डीपफेक की करतूतों पर अंकुश लगाने में चुनाव आयोग की 'एआई' तकनीक कितनी कारगर साबित होती है।

## सोशल फोरम

# पर अंधेरा तो अंधेरा है

तमसो मा ज्योतिर्गमय। बृहदारण्यकोपनिषद् का श्लोक है ये। इसका अर्थ है मुझे मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। असत्य से सत्य की ओर ले चलने की प्रार्थना है ये। प्रार्थनाएं आवश्यक हैं ये ढांढस बंधाती है हमें और अच्छे दिनों के आश्वासन सी प्रतीत होती हैं।

प्रार्थना तो कर लें आप, पर तनिक रूक कर यह भी सोचें, किसी को अंधकार से प्रकाश की तरफ ले जाना आसान काम है? सबके बस की बात है नहीं ये। कभी एक बेहद कठिन, उबड़ खाबड़ रास्ता बुद्ध ने सुझाया था इस बाबत। अप्प दीपो भवः। अपना दीपक खुद बनो। अपना दीपक बनना आसान नहीं। खुद को तपाना पड़ता है इस राह में। कौन इस झंझट में पड़े? अपने आप को कष्ट देना कौन सी अक़्लमंदी है? ऐसे में बुद्ध से सहमत होने वाले अब ढूंढें से भी नहीं मिलते और उनका बताया रास्ता वीरान पड़ा रहता है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

पर अंधेरा तो अंधेरा है। लगातार और गहरा भी होता जा रहा है। इस अंधेरे से कौन बचा है अब? ये अंधेरा बेचैन भी करता है और डराता भी है। ऐसे में जो दिलासा दे देता है जनता को कि उसे प्रकाश की तरफ ले जाने के लिए भगवान की तरफ से नियुक्त किया गया है, जनता उसका दामन पकड़ लेती है। उसकी हर बात मानती है और वो चाहे तो तन मन धन से भी समर्पित होने से इनकार नहीं करती। कुल मिलाकर आज की तारीख में इससे चोखा काम कोई दूसरा नहीं है।

मुमकिन है आपकी अब तक ऐसे किसी विशेषज्ञ से मुलाक़ात न हुई हो अब तक। ऐसे में आपकी जानकारी के लिए विनम्रतापूर्वक बताना चाहता हूं मैं आपको। प्रकाश की तरफ ले जाने के मामले में महारत हासिल है मुझे। और मैं यह चाहता हूं सारा संसार लाभान्वित हो मेरी प्रतिभा से। ऐसा महात्मा हूं मैं जो लैंप पोस्ट की तरह जगमग है। आप किंकर्तव्यविमूढ़ हों। जूझ रहें हों मन में उमड़ते घुमड़ते प्रश्नों से। तमस से घबरा रहे हों और अपनी जेब ढीली करने के लिए प्रस्तुत हों तो मेरी शरण में आ सकते हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# निवृत्ति का अनुशासन और संयम ही सही मार्ग

कभी-कभी काम इतना ज्यादा होता है और काम करने की प्रवृत्ति इतनी ज्यादा होती है कि ऐसा लगता है कि हमें अतुलित बल और बुद्धि मिल जाए और हम सब जो चाहते हैं वो कर सकें। ऐसी ही इच्छा से आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स इस दुनिया में आगे बढ़ रहे हैं और ये अनुमान है कि कुछ ही वर्षों में ये किसी भी मनुष्य की बौद्धिक एवं शारीरिक क्षमताओं को पीछे छोड़ देंगे। अगर जानकारों की मानें तो शायद दस पंद्रह वर्षों में ही एक सामान्य कंप्यूटर समस्त मनुष्य की क्षमताओं से आगे हो। ये बात कितनी सही है और वास्तव में कैसे होगी यह तो भविष्य के गर्भ में है। किंतु ऐसी इच्छाएं तो सदैव से ही हैं किसी ना किसी रूप में। जैसे महाभारत का उदाहरण लें तो रथी, अतिरथी, महारथी, महातिरथी आदि संज्ञाएं यौद्धिक क्षमताओं को बताने के लिये प्रयुक्त होती हैं।



डॉ. अजय शुक्ल
वरिष्ठ चिकित्सक, लखनऊ

अतिरथी का मतलब है, रथ में बैठकर युद्ध करने वाला महारथी योद्धा जो अजेय के रूप में प्रसिद्ध हो। अतिरथी एक ऐसा योद्धा होता है जो दिव्यास्त्रों का ज्ञान रखता हो और 12 रथियों, यानी 60,000 योद्धाओं से मुकाबला करने में सक्षम हो। वह सभी प्रकार के हथियारों और युद्ध कौशल में निपुण हो। अतिमहारथी उसे कहा जाता है जो 12 महारथी श्रेणी के योद्धाओं, यानी 86,40,000 सशस्त्र योद्धाओं से युद्ध लड़ने की क्षमता रखता हो। जिसके पास तीनों महास्त्र-ब्रह्मास्त्र, नारायणास्त्र और पाशुपतास्त्र होते थे उसे अतिमहारथी माना जाता था। अगर हम रामायण के योद्धाओं की बात करें, तो भगवान श्रीराम अतिमहारथी थे। महारथी को 12 अतिरथियों के बराबर माना जाता है। अति-महारथी को 12 महारथियों के बराबर माना जाता है। महामहारथी को 24 अति-महारथियों के बराबर माना जाता है ऐसे ही असीमित क्षमताओं की इच्छा से ही हिरणाक्ष ने संपूर्ण पृथ्वी को तो, रावण ने कैलाश को उठाया था। रावण के दस सर भी इसी असीमित राग का परिणाम है। कौन्तेय अर्जुन के अलावा, एक और कार्तवीर्य अर्जुन को भी हमें जानना चाहिए। पौराणिक कथाओं में सहस्त्रबाहु के नाम से प्रख्यात, सब कुछ करने की इक्छा से तप से हज़ारों भुजाओं को प्राप्त कर, जिसने रावण को हराया था कामधेनु को प्राप्त करने की दुर्चेष्टा से परशुराम जी से युद्ध किया। ना केवल यह दुःसाहस ने उसे नष्ट किया बल्कि क्षत्रिय वंशों को भी उसका दंड भोगना पड़ा।

चाहे राम से रावण का वध हो या परशुराम का अर्जुन के सहस्त्र बाहुओं को काटना यह बतलाता है कि विश्व के अनंत शक्ति के स्वामी प्रभु की क्षमताओं को मनुष्य को धारण करने की लिए ईश्वर का अनुराग,बहुत संयम और धर्म के आचरण की आवश्यकता होती है। नहीं तो अपनी शक्ति ही अपने विनाश का कारण बनती हैं। शक्ति के धारण के लिए या तो स्वयं ईश्वर राम, कृष्ण, परशुराम आदि आए या उनके अनुशासन में रहने वाले कुंती के अर्जुन। रावण को हराया तो बाली ने भी था, और सहस्त्रबाहु ने भी परंतु, पूजा राम की होती है क्योंकि वो उत्तम पुरुष हैं एवं मर्यादा स्वरूप में हैं अधम पुरुष और अमर्यादित शक्ति विनाश का ही बीज हैं यह हमें जानना चाहिए। इसलिए प्रवृति से प्रवृति ना पैदा हो नहीं तो कैंसर बन जाएगा। प्रवृत्ति से कार्य सिद्धि के बाद, निवृत्ति का अनुशासन और संयम ही सही मार्ग हैं सनातन काल से आज भी कल भी कभी भी। (यः पश्यति स पश्यति)

# राम और रमा दोनों को लाए हैं

पिछले दिनों भाजपा प्रवर्तित एक नारा खूब गूंजा, 'हम राम को लाए हैं'। भक्तों ने इसमें यह जोड़कर चार चांद जड़ दिए कि 'अब राम जी इन्हें लाएंगे' यानी लोकसभा चुनाव में सत्ता में फिर से बिठाएंगे। इधर मालूम हुआ कि वे राम के साथ-साथ रमा (लक्ष्मी)को भी लाएं हैं। राम को तो आम आदमी के लिए लाए किंतु रमा(पैसा)को सिर्फ अपने लिए। बात स्टेट बैंक के चुनावी बाण्डों की कर रहा हूं। यह एक चालाकी भरी धन उगाही की योजना थी। इसके तहत केवल सरकारी बैंक(स्टेट बैंक)को अधिकृत किया गया था कि वह राजनीतिक दलों को चंदा देने वाले लोगों और कंपनियों आदि से धन जमा करवाकर बांड दे दे। दाताओं का नाम उजागर नहीं होगा। प्राप्तकर्ता उसे बैंक से भुना लेगा। पैसा आ जाएगा। किसी को कुछ पता नहीं चलेगा। गांव गिरांव की भाषा में इसे कहते हैं, 'ऊट की चोरी निहुरे निहुरे'। लेकिन ऊंट पर सुप्रीम कोर्ट की नजर पड़ गई और सब गुड़ गोबर हो गया। इस सबसे बड़ी अदालत ने पूरी योजना अवैध घोषित कर दी। यही नहीं अदालत ने गोपनीयता यानी चोरी का पर्दाफाश करने का भी आदेश दे दिया। तब सरकारी बैंक ने सरकार चाटुकारिता करते हुए एक कोशिश की उसे सब कुछ प्रकाशित करने के लिए जून तक समय दिया जाए। सुप्रीमकोर्ट ने 15 मार्च तक की तिथि- रेखा सब कुछ प्रकाशित करने के लिए निर्धारित कर दी। स्टेट बैंक और चुनाव आयोग ने विवरण प्रकाशित कर दिया, जिसके अनुसार भाजपा साढ़े छह हजार करोड़ से ऊपर की सबसे बड़ी रकम की दान ग्रहीता निकली। दानियों में ऐसे भी हैं,जिन पर प्रवर्तन निदेशालय की तलवार लटकी थी और दान के बाद हट गई। यही नहीं, ऐसे दानदाता भी प्रकाश में आ गए, जिन्हें दानोपरांत अगले ही दिन हजारों करोड़ रुपये की सरकारी परियोजना का ठेका मिल गया। यह उदाहरण महाराष्ट्र का है, जहां तोड़-फोड़कर करके बनी शिवसेना-भाजपा की सरकार है। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है, 'रमा विलास राम अनुरागी। तजत वमन जिमि जन बड़ भागी'।। यानी उनके अनुसार राम के सच्चे भक्त रमा का त्याग करते हैं। धर्म मार्ग में 'अपरिग्रह' को सभी ने महत्व दिया है। पतंजलि ने भी 'योग दर्शन' में विभूतियों की उपेक्षा करने की ही सलाह दी है। लगता है धर्म धुरीण भाजपाइयों के दांतों के अलग-अलग दो सेट हैं। दिखाते राम वाले हैं और खाते रमा वालों से हैं। इस लाने और लिवाने के नारों के बीच हमें 2014 से पहले का समय याद आ रहा है,जब हम कांग्रेस के घोटालों से त्रस्त होकर भाजपा को लाए थे, किंतु अब!



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

## अशोक माहेश्वरी ने ग्रहण किया अपर महाप्रबंधक का कार्यभार

**लखनऊ, अमृत विचार :** अशोक माहेश्वरी ने उत्तर-पश्चिम



रेलवे के अपर महाप्रबंधक का कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले वह प्रमुख मुख्य सिग्नल व दूरसंचार इंजीनियर, पूर्व रेलवे के पद पर कार्यरत थे। अशोक माहेश्वरी भारतीय रेल सिग्नल इंजीनियर्स आईआर एसएसई के 1988 के अधिकारी है। उन्होंने जयपुर के मालवीया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक व कम्यूनिकेशन में इंजीनियरिंग की डिग्री ली है।

## कटरा-नई दिल्ली वंदे भारत की समय सारणी में बदलाव

**नई दिल्ली, अमृत विचार :** 22440 कटरा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस के जम्मू तवी व कटरा स्टेशन पर समय सारणी में संशोधन किया गया है। 18 मार्च से यह गाड़ी अपने निर्धारित समय से 5 मिनट पहले प्रस्थान करेगी। 22440 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस कटरा से 15 :00 बजे की जगह 14 :55 बजे प्रस्थान करेगी। ट्रेन जम्मू तवी 16 :13 बजे के स्थान पर 16 :08 बजे पहुंचेगी और 16 :10 बजे आगे की यात्रा के लिए प्रस्थान करेगी।

# लोधेश्वर महादेवा के विकास के लिए 48 करोड़ रुपये मंजूर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोधेश्वर महादेवा मंदिर के आसपास की भूमि को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर भूमि क्रय के लिए शासन से प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। पहली किस्त के रूप में 6 करोड़ 71 लाख 71 हजार 95 रुपये की धनराशि मिल गई है। कुल 48 करोड़ 70 लाख 19 हजार रुपये की लागत से इस एतिहासिक स्थल को पर्यटन के रूप में विकसित किया जाएगा। पहली किस्त मिलने के बाद अब आगे की कार्रवाई शुरू होगी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि उनके प्रस्ताव पर शासन ने लोधेश्वर महादेवा मंदिर के आसपास की भूमि को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने के लिए भूमि के क्रय को 51 करोड़ 11 लाख 29 हजार 456 रुपये में से स्टाम्प शुल्क की धनराशि 2 करोड़ 41 लाख 9 हजार 880 रुपये कम करते हुए 48 करोड़ 70 लाख 19 हजार 576 रुपये भूमि क्रय किए जाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराते हुए चालू विलीय वर्ष 2023-24 में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ 6 करोड़ 71 लाख 71 हजार 95 रुपये की धनराशि जारी कर दी है।

# बूथों पर सुविधाएं उपलब्ध कराने में न बरते कोताही

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मंडलायुक्त अयोध्या गौरव दयाल ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया में शामिल प्रत्येक कर्मचारी पूरी सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें और इस प्रकार चुनाव प्रक्रिया में शामिल हों कि मतदान के प्रति जागरूकता में और अधिक बढ़ोतरी हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचन बूथों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी भी स्तर पर कोताही नहीं होनी चाहिए। दूर सुदूर के ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान बूथों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाएं। मंडलायुक्त शुक्रवार को लोक सभागार में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने चुनाव प्रभारी अधिकारियों से कहा कि वह अपने अपने क्षेत्रों में संवेदनशील बूथ सबसे पहले चिन्हित करें, क्षेत्र के असामाजिक तत्वों की निशानदेही करें और अभी से सुनिश्चित कर लें कि मतदान तक उनके क्षेत्र में किसी भी स्तर पर शांति व्यवस्था में व्यवधान न होने पाए। जिलाधिकारी से लगातार समन्वय बनाकर चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराएं। बैठक से पूर्व मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी न्यायालय, संयुक्त कार्यालय, नजारत, राजस्व अभिलेखागार, पुराने अभिलेखागार, आपदा कंट्रोल रुम आदि का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।


**कार्यालय ग्राम पंचायत अतरौली विकास खंड भरावन जिला हरदोई**

पत्रांक : मेमो   वित्तीय सत्र 2023–24   दिनांक : 15/03/2024

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत अतरौली में निम्न कार्य प्रस्तावित हैं – जिन पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती है। समस्त निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 16/03/2024 से 18/03/2024 तक प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। भरे हुए निविदा फार्म 19/03/2024 की दोपहर 2 बजे तक पंचायत कार्यालय पर जमा किये जायेंगे तथा दिनांक 19/03/2024 की शाम 4 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय छावन में निविदाएं टेंडरदाताओं के समक्ष खोली जाएँगी ।

**कार्य का नाम** 1– डामर रोड से बाबू के घर तक खडन्जा मरम्मत कार्य ।
**श्रमांश** 49400.00 **सामग्री अंश** 148400.00 **कुल मूल्य** 197800.00 **निविदा मूल्य** 200
2– अतरौली मीनापुर अस्थाई गौशाला भूसा स्टोर व केयर टेकर आवास निर्माण कार्य ।
**श्रमांश** 39090.00 **सामग्री अंश** 340578.00 **कुल मूल्य** 379668.00 **निविदा मूल्य** 200
3– डामर रोड से प्राइमरी स्कूल तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य
**श्रमांश** 45850.00 **सामग्री अंश** 331930.00 **कुल मूल्य** 377780.00 **निविदा मूल्य** 200
**नियम व शर्तें–** एक अथवा समस्त निविदाएँ बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सचिव को होगा, मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई या बढाई जा सकती है, समस्त सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर होगी, नियमानुसार वाणिज्य एवं आयकर कटौती होगी।

**प्रमोद कुमार** ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अतरौली
**रामकुमार** ग्राम सचिव ग्राम पंचायत अतरौली



**लखनऊ नगर निगम**
लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ–226001 (उ.प्र.)
email : https://etender.up.nic.in

ई-निविदा सू.सं.: 405/मु.अ./23-24   दिनांक : 14.03.2024

**ई–निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा सूचना**

ई–निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा दिनांक 04.04.2024 को द्विलिफाफा पद्धति पर 01 कार्य हेतु ई-निविदायें, ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती हैं, पोर्टल https://etender.up.nic.in पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि RTGS/NEFT/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लागिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा दिनांक 04.04.2024 को अपराह्न 15.00 बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी जिन्हे दिनांक 04.04.2024 को 16:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वय का कम्पूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है अन्य समस्त विवरण/नियम/शर्ते यथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**मुख्य अभियन्ता**



शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**कार्यालयः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर।**

पत्रांकः एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0/14125–30/2023–24   दिनांक 15 मार्च, 2024

**जेम–बिड – विज्ञप्ति**

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, समग्र शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांकः के0जी0बी0वी0/ फर्नीचर एवं इक्यूपमेन्ट/11771/2023–24 दिनांक 21/12/2023, पत्रांकः के0जी0बी0वी0/ फर्नीचर/11772/2023–24 दिनांक 21/12/2023, पत्रांकः के0जी0बी0वी0/ फर्नीचर /11773/2023–24 दिनांक 21/12/2023, पत्रांकः के0जी0बी0वी0/ बेडिंग/11774/2023–24 दिनांक 21/12/2023 तथा पत्रांकः के0जी0बी0वी0/ फर्नीचर एवं इक्यूपमेन्ट/11775/2023–24 दिनांक 21/12/2023 के कम में उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के बालिका छात्रावास में नवीन फर्नीचर एवं इक्यूपमेन्ट तथा बेडिंग जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय किये जाने हेतु भारत सरकार द्वारा विकसित ई–मार्केट प्लेस, जेम पोर्टल पर BID NO: GEM/2024/B/4786191, BID NO: GEM/2024/B/4785948, BID NO: GEM/2024/B/4786536, BID NO: GEM/2024/B/4786749 and BID NO: GEM/2024/B/4786916 अपलोड की गयी है। इच्छुक फर्मो द्वारा बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि 05.04.2024 निर्धारित है। बिडर्स को बिना कारण बताये बिड को निरस्त करने का अधिकार समिति को सुरक्षित होगा।

**(दीपिका चतुर्वेदी)**
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सुलतानपुर ।



आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **19.04.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | **02302024 दिनांक 15.03.2024** |
| 2 | निविदा संख्या | 05/Sr.DEN-V/LKO/2024-25, 06/Sr.DEN-V/LKO/2024-25, 07/Sr.DEN-V/LKO/2024-25, 08/Sr.DEN-V/LKO/2024-25 |
| 3 | **कार्य का नाम : 1.** लखनऊ मंडल में सोनिक गुड्स शेड का सुधार। **2.** लखनऊ मंडल के रौजागांव गुड्स शेड का सुधार। **3.** लखनऊ मंडल पर बिलहरघाट गुड्स शेड का विकास। **4.** लखनऊ मंडल में बाराबंकी गुड्स शेड का विकास। | |
| 4 | अनुमानित लागत | **1.** Rs. 89208245.93 **2.** Rs. 84968617.66 **3.** Rs. 50732515.53 **4.** Rs. 58715451.97 |
| 5 | धरोहर राशि | **1.** Rs. 596100.00 **2.** Rs. 574900.00 **3.** Rs. 403700.00 **4.** Rs. 443600.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | **क्र0 सं0 1 से 4 तक के लिये :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 05.04.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 19.04.2024 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | **www.ireps.gov.in** |

नोट :– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **851/2024**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


## सार-संक्षेप

### रायबरेली एम्स में प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा

**रायबरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज की ओपीडी में दो विभागों की सुविधा जल्द ही लोगों को मिलने लगेगी। इससे महानगरों की ओर जाने को विवश होने वाले किडनी और प्लास्टिक सर्जरी के रोगी यहीं पर इलाज करा सकेंगे। इसके साथ ही दो विभागों के बढ़ते ही विभागों की संख्या 33 हो जाएगी। एम्स प्रशासन ने पूरी तैयारी कर सोमवार से नेफ्रोलॉजी व प्लास्टिक सर्जरी विभाग की ओपीडी व आईपीडी शुरू करने का निर्णय लिया है। नेफ्रोलॉजी व प्लास्टिक सर्जरी विभाग शुरू होने से किडनी व सर्जरी के मरीज को भटकना नहीं पड़ेगा। एक ही बिल्डिंग एक ही छत के नीचे नेफ्रो व प्लास्टिक सर्जरी विभाग से संबंधित मरीजों को अब पूरा इलाज मिल सकेगा। यह दोनों ही विभाग बहुत ही महत्वपूर्ण विभाग है। जिनके शुरू होने से दूर-दराज से आने वाले व स्थानीय मरीजों को सरलता पूर्वक इलाज मिल सकेगा।

### महिला आरक्षी से सिपाही ने किया दुष्कर्म

**जालौन, अमृत विचार :** नदी गांव थाने में तैनात एक महिला आरक्षी ने सिपाही कर्मवीर सिंह पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। जांच के बाद उरई कोतवाली में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामला तीन माह पुराना बताया जा रहा है। सिपाही फिलहाल पुलिस लाइन में तैनात है। उसे सस्पेंड करने के बाद हिरासत में ले लिया गया है। शनिवार को उसकी गिरफ्तारी दिखाई जा सकती है। नदी गांव थाने में तैनात महिला सिपाही ने पूर्व में आरोप लगाया था कि साथी सिपाही कर्मवीर सिंह ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। इस मामले में जांच के लिए कमेटी बनाई गई थी। साथ ही सिपाही को पुलिस लाइन में अटैच कर दिया गया था। इस मामले में जांच रिपोर्ट आने के बाद अब आरोपी सिपाही के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करके सस्पेंड कर दिया गया है। आरोपी सिपाही को हिरासत में लेने की बात सामने आ रही है। हालांकि इस बात की किसी अधिकारी ने पुष्टि नहीं की है।

**गोंडा में अनोखी दोस्ती**

## ग्रामीणों की डिमांड पर सारस करता है डांस

**अकबर अली, बभनजोत,गोंडा, अमृत विचार :** अमेठी जिले के मंडका गांव के रहने वाले आरिफ की राजकीय पक्षी सारस से दोस्ती की कहानी तो आपको याद ही होगी कि किस तरह घायल सारस का इलाज करने वाले आरिफ से सारस की दोस्ती परवान चढ़ी थी। ठीक इसी तरह का वाकया गोंडा जिले के बभनजोत ब्लॉक के ग्राम पंचायत मन्नीजोत के मजरा डिवलीडीह में सामने आया है। यहां भी एक सारस पक्षी लोगों के उत्सुकता का केंद्र बना है। यह पक्षी गांव के लोगों के बीच ही रहता है उन्हीं के साथ खाना खाता है और गांव में ही सोता भी है। ग्रामीणों से उसकी दोस्ती ऐसी है कि वह उनके बुलाने पर आवाज भी लगाता है और उनकी डिमांड पर डांस भी करता है। हालांकि दुर्घटना में अपना एक पंख खोने के बाद अब वह उड़ नहीं सकता। यह सारस पक्षी करीब डेढ़ साल से गांव वालों के साथ ही रह रहा है। गांव के लोगों के साथ इस सारस पक्षी की दोस्ती यहां के लोगों के लिए कौतूहल का केंद्र बनी है।



सारस को दाना खिलाते डिवलीडीह गांव के कल्लू।

## रेलवे के लिए संरक्षा सर्वोपरिः अमिताभ

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर-पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय में संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें चारों मंडलों के रेल प्रबंधक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े। बैठक में उत्तर-पश्चिम रेलवे पर समपार फाटकों को रोड ओवरब्रिज, रोड अंडरब्रिज बनाकर समाप्त करने का प्रजेंटेशन दिया गया। साथ ही उत्तर-पश्चिम रेलवे के स्टोर टेंडर मदों व स्क्रैप निस्तारण पर चर्चा की गई। महाप्रबंधक ने संरक्षा के लिए उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाले रेलकर्मियों को पुरस्कृत भी किया। उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार, बैठक में महाप्रबंधक ने कहा कि रेलवे के लिए संरक्षा सर्वोपरि है और इस दिशा में हमें सतर्क व सजग रहकर अपना योगदान देना है।



रेलवेकर्मी को सम्मानित करते महाप्रबंधक।


**कार्यालय-आदर्श नगर पालिका परिषद बांसी, सिद्धार्थनगर**

स्वच्छ बांसी   स्वस्थ बांसी   सुन्दर बांसी



**आदर्श नगर पालिका बांसी**
**विकास के पथ पर अग्रसर**
**स्वच्छता एवं विकास के मुख्य धारा को जोड़ने के लिए कटिबद्ध**

**नगरवासियों से विनम्र अपील:-**

1. खुले में शौच कदापि न करें। शौचालय का प्रयोग करें। खुले में शौच या मूत्र विसर्जन करते हुये पकड़े जाने पर जुर्माने से दण्डित किया जायेंगे।
2. वार्ड की स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति में सक्रिय सहयोग कर वार्ड में पूर्ण स्वच्छता लायें।
3. डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन में अपना सहयोग अवश्य करें एवं सूखा कूड़ा व गीला कूड़ा अलग करके संग्राहक को सौंपे।
4. पर्यावरण को पलास्टिक के प्रदूषण से मुक्त बनायें। पॉलीथीन का प्रयोग करते हुये पकड़े जाने पर जुर्माने से दण्डित किये जायेंगे।
5. कूड़ा–करकट आदि नालियों, सड़कों, खुले स्थानों में न फेंके। सफाई में सहयोग करें।
6. बिना भवन का नक्शा पास कराये, भवन का निर्माण न करें।
7. जल ही जीवन है। इसकी बचत करें और भूगर्भ जल स्तर को बनाये रखने में अपना सहयोग करें।
8. नगर पालिका की भूमि, सार्वजनिक स्थलों, सड़क की पटरी, नालीः नालों आदि पर अवैध अतिक्रमण न करें।
9. पथ–प्रकाश विन्दुओं को छति न पहुँचायें।
10. यह नगर आपका है. इसे स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में सहयोग करें।



**मुकेश कुमार**
अधिशासी अधिकारी
आदर्श नगर पालिका परिषद बांसी

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

**श्रीमती चमन आरा राईनी**
अध्यक्ष
आदर्श नगर पालिका परिषद बांसी

**सम्मानित सदस्यगण-**

श्रीमती मैना देवी, श्रीमती आशा यादव, श्री सत्य नारायण, श्रीमती सरिता, श्री श्याम बाबू, श्री ध्रुव चन्द्र, श्रीमती प्रतिमा वर्मा, श्री रवि अग्रहरि, श्री खालिद खाँ, श्रीमती ज्योति चौधरी, श्रीमती गीता, श्री अकरम अली, श्री पप्पू मौर्य, श्री साकिर, श्रीमती मीना निषाद, श्रीमती मोमिना राईनी, श्री बुद्धिराम, श्री शकील खाँ, श्री अशफाक अहमद, श्री परमात्मा, श्रीमती अनुराधा, श्री चन्द्र कुमार, श्री अकबर अली, श्रीमती शमां आरा, श्री बरकत अली राईनी ।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया सरकार की लाई योजना का बचाव, विपक्ष के सबसे बड़ी जबरन वसूली के आरोपों को नकारा

# चुनावी बॉण्ड योजना में सुधार किया जाना चाहिए था

नयी दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी बॉण्ड पर उच्चतम न्यायालय के आदेश के प्रति सम्मान प्रदर्शित करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह योजना राजनीति में काले धन को खत्म करने के लिए शुरू की गई थी और इसे रद करने के बजाय इसमें सुधार किया जाना चाहिए था।

शाह ने यह भी कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अवधारणा है और जब यह लागू होगा, तो यह तेजी से विकास सुनिश्चित करेगा और बार-बार होने वाले खर्च को समाप्त करेगा।

शाह ने एक समाचार चैनल के कार्यक्रम में कहा कि भारतीय राजनीति में काले धन के प्रभाव को खत्म करने के लिए चुनावी बॉण्ड लाए गए। उच्चतम न्यायालय का फैसला सभी को मानना होगा। मैं उच्चतम न्यायालय के फैसले का पूरा सम्मान करता हूं, लेकिन मुझे लगता है कि चुनावी बॉण्ड को पूरी तरह खत्म करने की बजाय इसमें सुधार किया जाना चाहिए था। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए गृहमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल के नेता राजनीतिक चंदा नकद में लेते थे और 1100 रुपये के चंदे में से 100 रुपये पार्टी के नाम पर जमा करते तथा 1000 रुपये अपनी जेब में रखते थे।



▸▸ शाह ने एक राष्ट्र, एक चुनाव का किया समर्थन

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने वर्षों तक इस प्रणाली को चलाया है। शाह ने कहा कि यह कहा गया है कि चुनावी बॉण्ड से भाजपा को फायदा हुआ है और राहुल गांधी ने बयान दिया है कि यह सबसे बड़ी जबरन वसूली गतिविधि थी। गृह मंत्री ने कहा कि मैं इस बारे में अपना रुख स्पष्ट करना चाहता हूं। कुल 20,000 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड में से भाजपा को लगभग 6,000 करोड़ रुपये मिले। बाकी बॉण्ड कहां गए? टीएमसी को 1,600 करोड़ रुपये मिले, कांग्रेस को 1,400 करोड़ रुपये मिले। बीआरएस को 1,200 करोड़ रुपये, बीजद को 750 करोड़ रुपये और द्रमुक को 639 करोड़ रुपये मिले। शाह ने कहा कि 303 सांसद होने के बावजूद हमें 6,000 करोड़ रुपये मिले हैं और बाकियों को 242 सांसदों के बावजूद 14,000 करोड़ रुपये मिले हैं। किस बात को लेकर इतना हंगामा है? मैं कह सकता हूं कि एक बार हिसाब-किताब हो जाने के बाद वे आप सभी का सामना नहीं कर पाएंगे।

एक राष्ट्र, एक चुनाव के प्रस्ताव का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि देश भर में कई बार चुनाव होने के कारण इसमें बड़ी मात्रा में धन खर्च होता है। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण सरकार की निर्णय लेने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और विकास कार्य रुक जाते हैं।

### पीओके के हिंदू हों या मुस्लिम, सभी भारतीय

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है और वहां के लोग, चाहे वे किसी भी धर्म के हों, भारतीय हैं। उन्होंने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) 2019 का पुरजोर बचाव करते हुए कहा कि यह कानून पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को भारत की नागरिकता प्रदान करने के लिए बनाया गया। शाह ने कहा कि पीओके भारत का हिस्सा है। पीओके के लोग भी भारतीय हैं, चाहे वे हिंदू हों या मुस्लिम। पीओके के हिंदू और मुस्लिम दोनों हमारे अपने हैं। सीएए लागू किए जाने के समय को लेकर जारी आलोचनाओं को खारिज करते हुए शाह ने कहा कि कानून 2019 में पारित किया गया था और नियम अब जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सीएए का जो विरोध कर रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि यह धर्म पर आधारित है, वही लोग मुस्लिम पर्सनल लॉ जैसे कानूनों का समर्थन करते हैं।

## सार-संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच फंसे 348 यात्रियों निकाला

**जम्मू :** भारी बर्फबारी के कारण श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग के बंद होने से लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में फंसे 348 यात्रियों को वायु सेना ने अपने विमान के जरिये निकाल कर उनके गंतव्यों तक पहुंचाया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कारगिल कूरियर के नाम से चर्चित वायुसेना के एएन-32 विमान के जरिये जम्मू-कारगिल के बीच 171 यात्रियों को और श्रीनगर- कारगिल के बीच 177 यात्रियों को पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि 152 यात्रियों को जम्मू से कारगिल और 19 यात्रियों को कारगिल से जम्मू पहुंचाया गया, जबकि 141 यात्रियों को श्रीनगर से कारगिल और 36 यात्रियों को कारगिल से श्रीनगर पहुंचाया गया। भारी बर्फबारी के कारण जनवरी से 434 किलोमीटर लंबे श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग के बंद होने के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच फंसे यात्रियों को उनके गंतव्यों तक पहुंचाने के लिए वायुसेना नियमित रूप से सी-17, सी-130 और एएन-32 विमानों का संचालन करती है।

### अमिताभ के स्वास्थ्य को लेकर सोशल मीडिया पर अटकलें



मुंबई : अभिनेता अमिताभ बच्चन के पैर में खून का थक्का जमने या धमनी अवरुद्ध होने के कारण एंजियोप्लास्टी किए जाने से जुड़ी कुछ खबरें मीडिया में आने के बाद शुक्रवार को उनके शुभचिंतकों व प्रशंसकों ने सोशल मीडिया मंचों पर चिंता व्यक्त की। अस्पताल जाने की खबरें सामने आने के कुछ घंटों बाद शाम को, अमिताभ बच्चन और उनके बेटे अभिषेक की इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) में माझी मुंबई बनाम टाइगर्स ऑफ कोलकाता के बीच मैच में के दौरान की फोटो सामने आई। बताया जाता है कि 81 वर्षीय अभिनेता को शुक्रवार की सुबह कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था और फिर छुट्टी दे दी गई थी। अस्पताल या उनके कार्यालय की तरफ से इसकी कोई पुष्टि नहीं की गई है। जैसे-जैसे अटकलें तेज हुईं, विभिन्न मीडिया संस्थानों की तरफ से अलग-अलग स्रोतों के हवाले से बच्चन के स्वास्थ्य के बारे में अलग-अलग जानकारी आने लगी। खबरों को हालांकि स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका, लेकिन 'एक्स' पर दिन भर 'अमिताभ बच्चन' और 'कोकिलाबेन अस्पताल' टॉप ट्रेंड में रहे।

### ईडी, सीबीआई चुनाव प्रचार अभियान का मुद्दा नहीं : शर्मा

गुवाहाटी : असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी और सीबीआई के छापे का मुद्दा कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा उठाये जाने के बावजूद यह चुनाव प्रचार अभियान का मुद्दा नहीं हो सकता। शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियां अपराधियों या संभावित अपराधियों से संबंधित जांच करती हैं और आम लोगों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा कि गांधी अपराधियों के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र की बात कर रहे हैं, जिससे ईडी और सीबीआई निपटती है, लेकिन यह चुनाव प्रचार अभियान का मुद्दा नहीं हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के लोगों को बिजली, आवास, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी मुद्दों की परवाह है, न कि कुछ अपराधियों के साथ क्या हो रहा है।

### ममता बनर्जी की हालत में सुधार



कोलकाता : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है और स्वास्थ्य संबंधी उनके सभी पैरामीटर सामान्य हैं। राज्य संचालित एसएसकेएम अस्पताल के चिकित्सकों ने शुक्रवार शाम को यहां कालीघाट स्थित मुख्यमंत्री के आवास पर उनकी गहन जांच के बाद यह जानकारी दी। चिकित्सकों ने कहा कि चोट के कारण 69-वर्षीया ममता को हो रहा दर्द अब कम है। एसएसकेएम के चिकित्सकों की तीन-सदस्यीय टीम शाम को उनकी स्थिति की जांच करने के लिए उनके आवास पर गई थी। एक वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि उनका स्वास्थ्य स्थिर है और (वह) ठीक हो रही हैं। उनके सभी पैरामीटर ठीक हैं और चोटों के कारण होने वाला दर्द कम हो गया है। टीएमसी प्रमुख बनर्जी गुरुवार शाम को कालीघाट स्थित अपने आवास में गिर गई थीं, जिसके कारण उनके माथे और नाक पर गंभीर चोट लग गई थी।

# सेवा न करने पर कर्मचारी वेतन का हकदार नहीं

▸▸ हाई कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के सेवा संबंधी आदेश का दिया हवाला

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बकाया वेतन भुगतान और वरिष्ठता सहित अन्य परिणामी लाभों के एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि हमारे देश में रोजगार के अवसर एक दुर्लभ वस्तु है। प्रत्येक विज्ञापन सीमित संख्या की रिक्तियों के लिए बड़ी संख्या में उम्मीदवारों को आमंत्रित करता है। ऐसे में किसी उम्मीदवार की पात्रता उपयुक्तता के बावजूद केवल साख के आधार पर रद कर दी जाए तो यह उचित नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को सुधार करने, अतीत से सीखने और अपने जीवन में आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए।

कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि केवल झूठी जानकारी को दबाने से इस तथ्य की परवाह किए बिना कि दोषमुक्ति दर्ज की जा चुकी है, कर्मचारी की भर्ती को समाप्त नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से कहा कि कर्मचारी उस अवधि के लिए वेतन के किसी भी बकाया का हकदार नहीं है, जिसके दौरान उसने सेवा नहीं की है। इस आधार पर कैट ने वर्तमान मामले से संबंधित याचिकाओं को खारिज कर दिया था, क्योंकि याची रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा जारी विज्ञापन के अनुसार जूनियर इंजीनियर-II (टेली) के पद पर नियुक्त हुआ था। नौकरी में शामिल होने के बाद पता चला कि उसने अपने सत्यापन फार्म में तथ्य छिपाए थे। इसके लिए याची को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

हालांकि याची ने नोटिस का जवाब दिया, लेकिन प्रतिवादियों द्वारा याची की नियुक्ति रद कर दी गई, जिस पर आपत्ति जताते हुए याची ने केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के समक्ष आवेदन दाखिल किया कि उसे बकाया वेतन और वरिष्ठता सहित अन्य परिणामी लाभ प्रदान किए जाएं, लेकिन कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने रवेंद्र सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

### अमरमणि त्रिपाठी के मामले की सुनवाई 20 को

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपहरण के एक मामले में पूर्व बसपा सांसद अमरमणि त्रिपाठी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि वर्तमान मामले में याची ने अपना आपराधिक इतिहास का उल्लेख नहीं किया है, जबकि उसका 20 मामलों में एक लंबा आपराधिक इतिहास है। कोर्ट ने पूर्व में पारित अपने आदेश में ट्रायल कोर्ट को पूरी आर्डर शीट एक सील बंद लिफाफे में भेजने का निर्देश दिया था। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने ट्रायल कोर्ट द्वारा भेजी गई 17 दिसंबर 2022 से 29 फरवरी 2024 तक चलने वाले पूरे मामले की आर्डर शीट को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया। यह मामला न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ के समक्ष चल रही है। मामले की अगली सुनवाई पर याची को अपना आपराधिक इतिहास के बारे में बताने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई आगामी 20 मार्च को सूचीबद्ध किया है।

# नजूल भूमि अध्यादेश पर जवाब- तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट में नजूल जमीन अध्यादेश को लेकर दी गई याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने पट्टे पर दी गई जमीन पर किसी भी तरह के डिमोलिशन पर रोक लगा दी है और मामले में राज्य सरकार को 5 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

मालूम हो कि नजूल भूमि मामले में अध्यादेश लागू कर प्रदेश सरकार ने फैसला लिया है कि निजी व्यक्ति या संस्था को नजूल भूमि का स्वामित्व नहीं दिया जाएगा। अध्यादेश में बताया गया है कि पट्टा अवधि खत्म होने पर प्रदेश सरकार पट्टेदार को बेदखल कर नजूल भूमि को वापस ले लेगी। इसके अलावा अध्यादेश में यह भी कहा गया है कि सिर्फ सरकारी विभागों को सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए नजूल भूमि दी जा सकेगी।

▸▸ याचिका में अध्यादेश को गैरकानूनी बताया गया

हाईकोर्ट के समक्ष दाखिल याचिका में अध्यादेश को गैरकानूनी बताया गया है और कोर्ट से अध्यादेश को रद करने की मांग की गई है।

### खराब खाद्य पदार्थ के आरोप में हाईकोर्ट में कैंटीन सील

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट में अधिवक्ताओं को खराब खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने वाली एक कैंटीन को शुक्रवार को सील कर दिया गया और खाद्य पदार्थ के नमूने को जांच के लिए भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई अधिवक्ताओं की पहल पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने की है। मालूम हो कि कोर्ट नंबर 83 के बगल स्थित कैंटीन से मिल रही खाने-पीने की चीजों को लेकर अधिवक्ताओं की ओर से लगातार शिकायती मिल रही थी। शुक्रवार को पूर्व महासचिव एसडी सिंह यादव ने अधिवक्ताओं की शिकायत पर आपत्ति जताई और खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के इंस्पेक्टर को कॉल किया। इंस्पेक्टर ने कैंटीन में रखी खाद्य सामग्री के नमूने लिए और साथ ही खाद्य सामग्री खराब मिलने पर कैंटीन को सील कर दिया। इसके अलावा जांच के दौरान कैंटीन के कर्मचारियों के पास पहचान पत्र भी नहीं मिले। इस दौरान पूर्व संयुक्त सचिव (प्रेस) आशुतोष त्रिपाठी सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो के तहत मामला दर्ज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा पर 17 वर्षीय एक लड़की की मां की शिकायत पर पॉक्सो के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि येदियुरप्पा (81) ने दो फरवरी को एक बैठक के दौरान उसकी बेटी का यौन शोषण किया था। सदाशिवनगर पुलिस के अनुसार येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो कानून की धारा आठ और आईपीसी की धारा 354 ए के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। येदियुरप्पा ने अपने ऊपर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों से इनकार किया और आरोप लगाया कि इसके पीछे राजनीतिक मकसद हो सकता है। दावा किया कि उन्होंने शुरू में पुलिस आयुक्त से संपर्क करके संकट में फंसी महिला की मदद की थी, लेकिन बाद में वह उनके खिलाफ हो गई।

# रामपुर तिराहा कांड में पीएसी के दो पूर्व आरक्षी दोष सिद्ध

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

- 30 वर्ष पुराने मामले में विशेष सीबीआई अदालत ने दिया फैसला
- महिलाओं से दुष्कर्म के मामले में 18 मार्च को सुनाई जाएगी सजा

विशेष सीबीआई अदालत ने शुक्रवार को करीब 30 वर्ष पूर्व उत्तराखंड को अलग राज्य बनाए जाने की मांग कर रही महिला आंदोलनकारियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी) के दो पूर्व सिपाहियों (आरक्षी) को दोषी करार दिया है और सजा सुनाने के विषय पर 18 मार्च तक अपना आदेश सुरक्षित रखा है।

अभियोजन अधिकारी (सीबीआई) धारा सिंह ने बताया कि रामपुर तिराहा पुलिस गोलीबारी मामले में विशेष सीबीआई न्यायाधीश शक्ति सिंह ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल मिलाप सिंह और वीरेंद्र प्रताप को सामूहिक दुष्कर्म समेत आईपीसी की कई धाराओं के तहत दोषी ठहराया है। जिन पर 1994 में पृथक उत्तराखंड की मांग करने वाली महिला कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक बलात्कार के मामले में सुनवाई चल रही थी। अदालत ने सजा के विषय पर 18 मार्च तक अपना आदेश सुरक्षित रखा है।

# ईडी ने बीआरएस नेता के. कविता को किया गिरफ्तार



**हैदराबाद/नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले से जुड़े धन शोधन मामले में शुक्रवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की बेटी कविता (46) को पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है। इससे पहले दिन में ईडी अधिकारियों ने हैदराबाद में कविता के परिसरों पर छापेमारी की और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## वर्ग पहेली-11

**बाएं से दाएं**

1. 1. तपस्या, वह व्रत या नियम जिनसे शरीर या चित्त को कष्टप्रद दशाओं में रखकर शुद्ध या निर्मल तथा विषयों से निवृत्त किया जाता है 2. कठिन परिश्रम 3. सरदी-गरमी सहने की क्रिया, विद्या अध्ययन 4. योगाभ्यास 5. शरीर या इंद्रियों पर नियंत्रण 6. गरमी, ताप, दाह 7. एक लोक का नाम 8. एक कल्प।

4. वह डाक या चिट्ठियां जो हवाई जहाज़ के द्वारा भेजी जाती हैं, (एयर मेल)।

5. 1. आफ़त, विपत्ति, आपत्ति, संकट 2. प्रकोप। (मु.)-ढाना : अत्याचार करना।

7. भारत के दक्षिण में स्थित एक राज्य का नाम।

9. कोई वस्तु रखने के लिए दीवार में बना एक स्थान, आला।

10. 1. जो अच्छा न हो 2. ख़राब, बुरा 3. त्याज्य।

**ऊपर से नीचे**

1. शानो-शौकत दिखाने के लिए किया जाने वाला आयोजन, ठाट-बाट, वैभव और रईसी का दिखावा, आडंबर, बनावट, शान, सजधज, रंगीनी, चटक-मटक।

2. 1. किसी राज्य की सामुद्रिक शक्ति और उसका प्राधिकरण 2. सामुद्रिक प्राधिकरण का प्रधान कार्यालय, नौसेना का संचालन करने वाला विभाग 3. उक्त विभाग में अधिकारियों का वर्ग।

3. 1. अधिक मात्रा में तेल

6. 1. ज़मीन जोतने के लिए प्रयुक्त प्रसिद्ध उपकरण, खेत जोतने का एक साधन 2. भूमि की एक माप 3. (महाभारत) बलराम का शस्त्र।

8. 1. शामिल, सम्मिलित 2. भागीदार, साझीदार 3. किसी कार्य में साथ देने वाला।



### वर्ग पहेली -10 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 शिं | | | | | 2 तो |
| 3 अ | शु | चि | | 4 स | दो | ष |
| | मा | | | तां | | ण |
| | 5 र | ण | 6 रं | ग | | |
| 7 सें | | | ज | | 8 चौ | |
| ध | | | नी | | 9 को | ड |
| | 10 वि | ज | य | क | र | |

# भाजपा ने बेईमानी से जीती थी बदायूं सीट : शिवपाल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : बदायूं लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव ने प्रचार शुरू कर दिया है। शुक्रवार को वह सहसवान विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे। जहां पत्रकारों से बात की। उन्होंने उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा। पिछले चुनाव में भाजपा ने बेइमानी करके सीट जीती थी। वह संगठन के आदमी हैं। उन्हें बड़ी जीत के लिए यहां भेजा गया है। भाजपा विपक्ष में जिसे मजबूत समझती है उसके खिलाफ ईडी और सीबीआई की जांच बैठा दी जाती है।



बदायूं लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव का स्वागत करते कार्यकर्ता।

उन्होंने कहा कि गुरुवार से चुनाव शुरू किया है। जनता सड़क पर उतर आई है। धर्मेंद्र यादव के खिलाफ कोई शिकायत नहीं मिली है। सोचा भी नहीं था कि वह यहां से चुनाव लड़ेंगे। अब संगठन ने यहां भेजा है। भाजपा को उत्तर प्रदेश से हराकर भेजना है। उनके बेटे आदित्य यादव के साथ हमेशा साथ चलने के बारे में कहा कि वह चाहते हैं कि युवा संघर्ष सीखें। भाजपा काम नहीं करती झूठ ही बोलती रहती है। पूर्व मंत्री व सपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव आबिद रजा के सपा द्वारा मुसलमानों को कमजोर करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मुसलमान हमेशा से सपा कर रहा है। इस चुनाव में भी सपा का है।

▸▸ बदायूं पहुंचे सपा नेता, कार्यकताओं में भरा जोश

मुसलमान आज दिक्कत में है। धर्मनिरपेक्ष राज्य में भी भाजपा हिंदू-मुस्लिम करती है। मुसलमान क्या विदेशी हैं। आजम खां पर झूठी रिपोर्ट लिखाकर कार्रवाई की। जो भी मजबूत होता है भाजपा उसपर जांच बैठा देती है। पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। उनके लिए खजाना खोल दिया गया। जबकि मेडिकल कॉलेज की दुर्दशा कर दी। आज लोग भ्रष्टाचार और महंगाई से परेशान हैं।

## सुडोकू -90

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | 2 | | | | | 5 |
| 3 | | | | | 6 | | 2 | |
| | | 2 | 4 | | 1 | | | |
| | 7 | | | 6 | | | | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | | | | 2 | | 8 | 9 | |
| 2 | | | 5 | | 9 | | | |
| | 8 | | 6 | | | | | 3 |
| | | | | | 7 | 2 | | 1 |

### सुडोकू -89 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 9 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 8 |
| 1 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 |
| 8 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 6 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 21.38 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपके प्रति सम्मान की भावना रखेंगे। आप वर्तमान स्थिति को लेकर प्रसन्न नहीं रहेंगे। प्रेम संबंधों में कुछ परेशानी हो सकती है। पैरों में दर्द और थकान की शिकायत होने की आशंका है। पैतृक सम्पत्ति के मामले सुलझ सकते हैं।

**वृष** — आज आपको कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा। नई जॉब ढूंढ रहे हैं, तो आपको अच्छे मौके मिल सकते हैं। जीवनसाथी आपको कुछ उपहार दे सकते हैं। युवा प्रेमी जोड़े आज एकान्त में समय बिताना चाहेंगे। ससुराल पक्ष में कोई प्रोग्राम हो सकता है।

**मिथुन** — आज आपके लोग ही आपका विरोध कर सकते हैं। ऑफिस में आपका किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। क्रोध के कारण दाम्पत्य संबंधों में कड़वाहट आ सकती है। पुरानी नकारात्मक बातें आपके वर्तमान पर हावी हो सकती है।

**कर्क** — आज शुभ कार्यों पर आप काफी धन खर्च करेंगे। आपकी मनः स्थिति काफी सकारात्मक रहेगी। सभी काम आराम से समय पर हो जायेंगे। ज्यादा सोच-विचार में अपना समय बर्बाद न करें। कारोबार में वृद्धि हो सकती है। आपका स्वास्थ्य भी काफी अच्छा रहेगा।

**सिंह** — आज उलझे हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे। महत्वपूर्ण लोगों के साथ गंभीर मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। आपके व्यक्तित्व से लोग आकर्षित रहेंगे। जॉब में इच्छानुसार स्थानान्तरण हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहने वाला है।

**कन्या** — आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। छात्रों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। धैर्यपूर्वक लिए गए निर्णयों से लाभ मिलेगा। अधूरे कार्यों को पूरा करने का दबाव रहेगा। घर के बुजुर्गों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**तुला** — आज स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहें। सिरदर्द और तनाव के कारण दिन खराब हो सकता है। जीवनसाथी आपसे नाराज हो सकते हैं। इसीलिए आपको अपना व्यवहार नम्र रखना चाहिये। बजट की कमी के कारण आपके काम तय समय पर पूरे नहीं होंगे।

**वृश्चिक** — आज परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए बहुत अच्छा दिन है। परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। आप नया व्यवसाय शुरू करने के विचार में है। घर में साज-सजावट शुरू करेंगे।

**धनु** — आज आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। व्यापार में आपको काफी अच्छा लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। मित्रों की सलाह आज आपके काम आयेगी। शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों का मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर** — आज विवाहेत्तर संबंधों से बचना चाहिए अन्यथा प्रतिष्ठा में आंच आ सकती है। बच्चों पर अपनी मर्जी और इच्छाओं को न थोपें। जॉब में अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। बॉस आपसे अचानक किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर जानकारी ले सकते हैं।

**कुंभ** — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सहकर्मी आपकी सफलता से ईर्ष्या करेंगे। अधिकारी वर्ग का विश्वास आपके ऊपर बढ़ेगा। परिवार में सुख और शान्ति का वातावरण रहेगा।

**मीन** — आज दांपत्य जीवन में सामन्जस्य बेहतरीन रहेगा। मीडिया से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिलने के योग बन रहे हैं।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-रोहिणी 16.05 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- शक्तिमान — सुबह : 09.17
- बधाई हो बधाई — शाम : 06.55

SONY MAX
- पीके — सुबह : 10.31
- पागल पत्नी — रात : 07.03

SONY PIX
- घोस्टबस्टर्स : आफ्टरलाइफ़ — सुबह : 10.13
- ए मैन कॉल्ड ओटो — शाम : 06.42

ZEE CINEMA
- जिंदगी ना मिलेगी दोबारा — सुबह : 08.00
- रूस्तम — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- लाल सिंह छाबड़ा — सुबह : 09.59
- कुछ कुछ होता है — शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़का : हर संडे के दिन तुम्हारे चेहरे पर रंग क्यो लगा होता है?
युवती : अरे, मैं हर संडे को होली खेलती हूं।
लड़का क्यो?
युवती : अरे हमारे स्कूल में टीचर ने बताया है, कि संडे मतलब हॉलीडे।

लड़का - मैं तुम्हारे साथ शादी नहीं कर सकता,
घर वाले नहीं मान रहे हैं...!
लड़की - तुम्हारे घर में कौन-कौन हैं...?
लड़का - एक पत्नी और दो बच्चे...!



केसी पंत, एनडी तिवारी को जीत के साथ शिकस्त भी मिली, पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री हरीश रावत व केंद्रीय राज्यमंत्री बची सिंह रावत भी हारे

# दिग्गजों को भी धूल चटा चुकी है नैनीताल सीट




● अरविंद मलिक, हल्द्वानी

भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की कर्मस्थली होने से नैनीताल लोकसभा सीट की पहचान आजादी के बाद से ही मुख्य सीटों में रही है। शुरुआती तीन दशक तक यह सीट भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत के परिवार के पास ही रही। अलग-अलग वक्त पर देश भर में चली लहर का असर इस सीट पर भी रहा है। इमरजेंसी, रामलहर और मंडल कमीशन को लेकर चली बयार में यहां की जनता देश के साथ खड़ी दिखाई दी। कई बार इस सीट ने जहां नए प्रत्याशियों को मौका दिया, वहीं दिग्गजों को हराकर मैदान से बाहर कर दिया।

आजादी के बाद हुए पहले 1951 एवं दूसरे चुनाव 1957 में लगातार दो बार गोविंद बल्लभ पंत के दामाद सीडी पंत नैनीताल सीट से विजयी हुए थे। इसके बाद 1962, 67 एवं 71 में श्री पंत के पुत्र केसी पंत ने इस सीट पर हैट्रिक बनाते हुए कांग्रेस का वर्चस्व बरकरार रखा। इमरजेंसी के बाद 1977 में हुए चुनाव में भारतीय लोक दल के भारत भूषण ने जीत हासिल कर पंत परिवार के विजय रथ को रोक दिया। इसके बाद कांग्रेस का झंडा लेकर मैदान में आए पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी ने 1980 में भालोद के भारत भूषण को पराजित कर दिया। 1984 में तिवारी के करीबी सत्येंद्र चंद्र गुड़िया ने जीत दर्ज की।

1989 में देश भर में मंडल कमीशन को लेकर उठी बयार के साथ यहां की जनता ने कांग्रेस को हराकर जनता दल के डा.महेंद्र पाल को विजयी बनाया। वर्ष 1991 में राम लहर के चलते एक बार फिर कांग्रेस को इस सीट से हार का मुंह देखना पड़ा। भाजपा के बलराज पासी ने नारायण दत्त तिवारी को हराया था। 1996 में नारायण दत्त तिवारी (तिवारी कांग्रेस) से मैदान में उतरे और विजयी हुए। वहीं 1998 में गोविंद बल्लभ पंत की पुत्रवधु इला पंत को भाजपा ने चुनाव में उतारा। इला पंत ने एनडी तिवारी को शिकस्त देकर अपनी पारिवारिक सीट पर फिर से कब्जा कर लिया। 1999 में एनडी तिवारी कांग्रेस से चुनाव लडे.और जीत हासिल की। तिवारी के उत्तराखंड का मुख्यमंत्री बन जाने पर वर्ष 2002 में इस सीट पर उपचुनाव हुआ। जिसमें कांग्रेस के डा.महेंद्र पाल विजयी रहे। 2004 व 2009 में लगातार दो बार कांग्रेस से करन चंद सिंह बाबा सांसद निर्वाचित हुए। 2009 में भाजपा ने केंद्रीय राज्यमंत्री बची सिंह रावत को मैदान में उतारा था। जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 2014 में कांग्रेस के केसी सिंह बाबा को हराकर भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने जीत हासिल की। 2019 में भाजपा के अजय भट्ट विजयी हुए। उन्होंने कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत को हराया।


केसी पंत


एनडी तिवारी


बची सिंह रावत


हरीश रावत

### 12 बार कांग्रेस और 4 बार भाजपा का कब्जा

नैनीताल सीट पर आजादी के बाद से अब तक 18 बार चुनाव हुए हैं। इसमें 12 बार कांग्रेस ने और 4 बार भाजपा ने जीत हासिल की है। जनता दल व जनता पार्टी को भी एक-एक बार सफलता मिली है। एक बार यह सीट पर तिवारी कांग्रेस ने जीती। कांग्रेस छोड़ने के बाद एनडी तिवारी ने तब तिवारी कांग्रेस का गठन किया था।

### कब कौन रहा विजयी

| चुनाव | सदस्य | पार्टी |
|---|---|---|
| 1951-52 व 1957 | चंद्र दत्त पांडे | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 1962 व 1967 | कृष्ण चंद्र पंत | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 1971 | कृष्ण चंद्र पंत | इंडियन नेशनल कांग्रेस (आर) |
| 1977 | भारत भूषण | जनता पार्टी |
| 1980 | नारायण दत्त तिवारी | इंडियन नेशनल कांग्रेस (आई) |
| 1984 | सत्येंद्र चंद्र गुडिया | इंडियन नेशनल कांग्रेस (आई) |
| 1989 | महेंद्र सिंह पाल | जनता दल |
| 1991 | बलराज पासी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | नारायण दत्त तिवारी | ऑल इंडिया इंदिरा कांग्रेस (तिवारी) |
| 1998 | इला पंत | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999 | नारायण दत्त तिवारी | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 2002 | महेंद्र सिंह पाल | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 2004 व 2009 | करन चंद सिंह बाबा | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 2014 | भगत सिंह कोश्यारी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | अजय भट्ट | भारतीय जनता पार्टी |

### जीतते एनडी तो बनते प्रधानमंत्री

नैनीताल जिला नारायण दत्त तिवारी की जन्म स्थली के साथ ही कर्मभूमि भी रहा। कई बार उन्होंने विधानसभा और लोकसभा में यहां का प्रतिनिधित्व किया। अविभाजित उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री समेत केंद्र में विभिन्न भूमिकाओं में रहे तिवारी की विकास पुरुष के रूप में पहचान थी। रामलहर में बही नैनीताल लोकसभा सीट की जनता ने उन्हें भी नहीं बख्शा। वर्ष 1991 में उन्हें भाजपा के नौजवान प्रत्याशी बलराज पासी के सामने मुंह की खानी पड़ी। तिवारी कांग्रेस के शीर्ष नेताओं में थे। राजीव गांधी की हत्या के बाद तिवारी प्रधानमंत्री के लिए प्रबल दावेदारों में थे। लेकिन सांसद न बन पाना आड़े आ गया। हर चुनाव में तिवारी की 91 वाली हार चर्चा का विषय रहती है।

### बहेड़ी भी हिस्सा था इस सीट का



नैनीताल लोकसभा सीट में पहले बरेली जिले की बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र भी शामिल था। वर्ष 2000 में उत्तराखंड राज्य बन जाने के बाद हुए परिसीमन में बहेड़ी को इससे अलग कर दिया गया। अब इस सीट के अंतर्गत नैनीताल के 5 व ऊधमसिंह नगर जिले के 9 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। नैनीताल जिले के रामनगर विधानसभा क्षेत्र को पौड़ी-गढ़वाल सीट में मिला दिया गया है।

### चुनाव कमाल का...

● 1982 में पहली बार केरल के एर्नाकुलम के परवूर विधानसभा क्षेत्र के 50 बूथों पर ईवीएम का उपयोग किया गया था। 1992 में, संसद ने ईवीएम के उपयोग को वैध बनाने और चुनावों में उनके उपयोग का मार्ग प्रशस्त करने के लिए अधिनियम और नियमों में धारा 61ए शामिल की। चुनाव आयोग ने 1998 से ईवीएम का व्यापक रूप से उपयोग करना शुरू कर दिया।

**53** दलों ने लड़ा था पहला आम चुनाव

**464** पार्टियां 2014 में उतरी थीं मैदान में

**6** राष्ट्रीय दल 2014 में लड़े थे



**39** राज्य स्तरीय दलों ने आजमाई थी किस्मत

**419** रजिस्टर्ड पार्टियों ने आजमाया भाग्य

### चुनावी तीर



अगर जजपा भाजपा से अलग हो गई होती, तो वह अपने विधायकों को विधानसभा में विश्वास मत के दौरान अनुपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी नहीं करती। जजपा के व्हिप से साफ पता चलता है कि वे भाजपा की मदद करना चाहते थे और वे अब भी मिले हुए हैं।

**अभय सिंह चौटाला**, इनेलो नेता



देश की जनता इंडिया समूह के साथ है। गुजरात के लोग भी इस बार भाजपा के खिलाफ वोट करने के लिए तैयार हैं। भाजपा को 156 सीटें मिली हैं, इसके बाद भी दूसरी पार्टियों के विधायकों को तोड़कर अपनी पार्टी में ला रहे हैं।

**केजरीवाल**, मुख्यमंत्री दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी को चुनावी बॉण्ड के रूप में 6,000 करोड़ से अधिक मिले, जो किसी भी अन्य पार्टी की तुलना में सबसे बड़ा हिस्सा है। भाजपा यह क्यों नहीं बता रही कि उन्हें कितना पैसा मिला है।

**- सौरभ भारद्वाज**, मंत्री, दिल्ली सरकार

# मुस्लिम मतदाताओं का मन टटोल रहे नेता दल



**22,18,224** कुल मतदाता हैं शाहजहांपुर जिले में

**179** थर्ड जेंडर वोटर

**12,04,551** पुरुष वोटर

**10,13,494** महिला मतदाता

● जिले में हैं लगभग साढे चार लाख मुस्लिम मतदाता

● कांग्रेस, सपा, बसपा और आप की है अल्पसंख्यकों पर नजर

● श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** लोक सभा के लिए राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। हर चुनाव की तरह इस बार भी मुस्लिम मतदाताओं को लेकर कयासबाजी चल रही है। कांग्रेस, सपा, बसपा और आम आदमी पार्टी सहित कई पार्टियों की नजर मुस्लिम मतदाताओं पर है। जिले में लगभग साढ़े चार लाख मुस्लिम मतदाता हैं। मुस्लिम मन टटोलने में दलों के नेता लगे हुए हैं।

2024 के चुनावी मैदान में सपा-कांग्रेस गठबंधन से राजेश कश्यप और भाजपा से मौजूदा सांसद अरुण सागर मैदान में हैं। हाल ही में बसपा सुप्रीमो मायावती ने गठबंधन से अलग चुनाव लड़ने संबंधी बयान दिया था। जिसके बाद से कई दावेदार बसपा से टिकट पाने को जोर आजमाइश कर रहे हैं। भाजपा और गठबंधन के प्रत्याशी के साथ ही दो अन्य संभावित प्रत्याशियों ने भी बैनर, पोस्टर और फ्लेक्स लगाकर चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है।

शाहजहांपुर लोकसभा सीट कभी बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती थी। कांग्रेस के दिग्गज नेता और वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद के पिता जितेंद्र प्रसाद कई बार शाहजहांपुर के सांसद रहे हैं। उनके बाद कांग्रेस की जड़ें यहां कमजोर होती चली गईं।

शाहजहांपुर



### जिले में अनुमानित जनसंख्या

| धर्म | जनसंख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| हिंदू | 2,412,595 | 80.24 |
| मुसलमान | 527,581 | 17.55 |
| ईसाई | 4,630 | 0.15 |
| सिख | 51,090 | 1.70 |
| बौद्ध | 2,312 | 0.08 |
| जैन | 301 | 0.01 |
| अन्य | 84 | -- |

### तीसरी बार जीत की तैयारी में भाजपा

शाहजहांपुर में दो बार कमल खिला चुकी भाजपा तीसरी बार भी कोरई कोर कसर नहीं छोड़ रही। 2014 में कृष्णा राज सांसद चुनी गई थीं। 2019 में अरुण सागर चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। अरुण सागर को 58 .53 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि बसपा के अमर चंद्र जौहर को 35 .73 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे। तीसरे नंबर पर रही कांग्रेस को महज तीन प्रतिशत वोटों पर ही संतोष करना पड़ा था।

### ईवीएम से संबंधित कितनी याचिकाओं पर हम करेंगे विचार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की कार्य प्रणाली में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली एक याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और कहा कि हर तरीके के सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष होते हैं।

शीर्ष अदालत ने एक अन्य याचिका भी खारिज कर दी जिसमें दावा किया गया था कि 2016-19 के दौरान चुनाव आयोग की अभिरक्षा से 'गायब' 19 लाख ईवीएम का इस्तेमाल आगामी लोकसभा चुनाव के परिणामों में हेरफेर करने के लिए किया जा सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की एक पीठ ने कहा कि यह अदालत कई याचिकाओं की पहले ही कई मौकों पर पड़ताल कर चुकी है और ईवीएम के कामकाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों से निपट चुकी है। पीठ ने याचिकाकर्ता नंदिनी शर्मा से कहा, हम कितनी याचिकाओं पर विचार करेंगे? हाल में हमने वीवीपीएटी से संबंधित एक याचिका पर विचार किया था।

संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति से बाहर किए गए गडकरी को आखिर मिल ही गया टिकट

# संघ का चला ब्रह्मास्त्र
## हैट्रिक की तैयारी में गडकरी

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

भाजपा हाई कमान के अंदरूनी विरोध के बावजूद एक बार फिर केंद्रीय मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गडकरी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय, नागपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में है। पहले उम्मीद थी कि जैसे कई दिग्गजों के टिकट पार्टी ने काटे हैं, इसी तरह गडकरी का नाम भी होगा लेकिन संघ के दबाव के चलते भाजपा हाई कमान को झुकना पड़ा। संगठन से सरकार तक अपनी शर्तों में काम करने के लिए विख्यात गडकरी तब सुर्खियों में आए जब कांग्रेस बाहुल्य नागपुर संसदीय क्षेत्र में उन्होंने ढाई लाख से ज्यादा मतों से जीत दर्ज कराई और इस बार वे हैट्रिक की तैयारी में है।

नागपुर संसदीय क्षेत्र में 6 विधानसभा सीटें हैं जिसमें दो कांग्रेस और चार बीजेपी के कब्जे में हैं। करीब 22 लाख मतदाताओं वाले इस क्षेत्र में दलित मतदाता निर्णायक स्थिति में रहते हैं। वैसे दो लाख मुस्लिम मतदाता भी हैं। यह भी एक तथ्य है कि ब्राह्मण वोट सबसे कम यानी एक लाख होने के बावजूद ब्राह्मण बिरादरी से आने वाले गडकरी ने 2014 एवं 2019 का चुनाव दो लाख से ज्यादा मतों से जीता है। उसकी वजह यहां के 3.5 लाख मराठी मतदाता है। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद भाजपा हाईकमान के निशाने पर गडकरी तब आए जब 2019 में उनके कामकाज की सराहना यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने की थी। इतना ही नहीं राजद नेता तेजस्वी यादव ने तो उन्हें अपना अभिभावक तक कह दिया था। विपक्ष द्वारा गडकरी की उक्त तारीफ ने कथित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से दूरियां पैदा कर दी। हालांकि इसकी कोई औपचारिक पुष्टि नहीं हुई लेकिन जब उन्हें संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति से अलग कर दिया गया तो भाजपा और संघ में गडकरी सर्वाधिक चर्चा में आ गए थे। तभी से माना जा रहा था कि कई दिग्गजों की तरह गडकरी का भी टिकट कटेगा। लेकिन संघ का ब्रह्मास्त्र चला और दूसरी सूची में गडकरी उम्मीदवार घोषित हो गए। अब उनके समक्ष बहुत बड़ी चुनौती है कि क्या गडकरी नागपुर से हैट्रिक लगा पाएंगे? फिलहाल यह दायित्व संघ के स्वयं सेवकों ने संभाल लिया है और वे शानदार जीत के लिए व्यापक चुनाव अभियान में जुट गए हैं। गडकरी का राजनीति में प्रवेश अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से हुआ और युवा मोर्चा होते हुए भाजपा की सक्रिय राजनीति में आए। लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उनका नाता छात्र जीवन से ही था और उसी का नतीजा है कि उन्हें संघ का संरक्षण अभी तक मिला हुआ है।



### 1995-99 तक कराए 8 हजार करोड़ के निर्माण कार्य

गडकरी 1989 से महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य रहे और 1999 से 2005 तक विधान परिषद में विपक्ष के नेता थे। वे महाराष्ट्र भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे और 2010 से 2013 तक भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। 1995 से 99 तक महाराष्ट्र में पीडब्ल्यूडी मंत्री थे जिसमें उन्होंने 8 हजार करोड से ज्यादा के निर्माण कार्य करवा कर एक इतिहास रचा था। उन्होंने मुंबई से पुणे तक पहला एक्सप्रेस वे का निर्माण कराया जिससे तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई इतना प्रभावित हुए कि उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की परिकल्पना को जन्म दिया। वाजपेई ने गडकरी को राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास समिति का अध्यक्ष भी बनाया था। नागपुर संसदीय क्षेत्र में हमेशा कांग्रेस का कब्जा रहा है 1996 में बनवारी लाल पुरोहित ने भाजपा का पहली बार खाता खोला था। तीसरी बार टिकट मिलने के बाद अब भाजपा खेमे में यह सवाल उठ रहा है कि यदि गडकरी ने नागपुर में हैट्रिक लगाई और केंद्र में भाजपा की सरकार बनती है तो क्या सरकार में उन्हें पहले से ज्यादा महत्व दिया जाएगा?

1996 और 1998 के चुनाव में जीते थे पर 1999 में नहीं लगा पाए थे हैट्रिक, अब 2014 और 19 में कमल खिलाने के बाद फिर हैट्रिक का मौका

# केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप की हैट्रिक बनेगी जीत का सिक्सर

● मनोज त्रिपाठी, कानपुर

जालौन-गरौठा लोकसभा



● पिछले चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन मिलकर भी नहीं रोक पाए थे संसद का रास्ता

जालौन-गरौठा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यह इलाका एक तरफ पचनद यानी पांच नदियों (यमुना, चंबल, सिंधु, कुंवारी और पहज) के संगम तो दूसरी तरफ बेतवा नदी से घिरा है, इसके बावजूद सूखा ही यहां की प्रमुख समस्या है। करीब 20 लाख मतदाताओं वाली इस लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र भोगनीपुर, माधोगढ़, कालपी, उरई, गरौठा आते हैं। भाजपा ने केंद्रीय राज्य मंत्री भानुप्रताप वर्मा को फिर से भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है। यह उनका आठवां चुनाव है। पिछले सात चुनावों में भानुप्रताप को केवल दो बार ही हार मिली है। भानु प्रताप वर्मा के सामने इस मर्तबा हैट्रिक बनाने के साथ ही जीत का सिक्सर लगाने का मौका है।

जालौन लोकसभा सीट पर सपा और बसपा ने अभी अपने प्रत्याशी नहीं घोषित किए हैं। कांग्रेस इस बार सपा से गठबंधन के कारण यहां मैदान से बाहर है। जालौन सीट पर वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पहली बार अपना खाता खोला था, इससे पहले हुए सभी चुनावों में एक-एक बार लोकदल तथा जनता दल को छोड़कर हमेशा कांग्रेस ही विजय पताका लहराती रही थी। 1991 में यहां से भाजपा के गया प्रसाद कोरी जीते। इसके बाद 1996 और 1998 में हुए चुनावों में भी भाजपा ने जीत दर्ज कराई और भानु प्रताप वर्मा सांसद बने। लेकिन 1999 में बसपा के ब्रजलाल खाबरी ने भानु प्रताप वर्मा को हैट्रिक लगाने से रोक दिया। साल 2004 के चुनाव में भाजपा ने दोबारा मतदाताओं का विश्वास जीता और भानु प्रताप सिंह फिर से सांसद चुने गए।

इसके बाद 2009 के चुनाव में इस सीट पर पहली बार सपा ने जीत दर्ज की। उसके प्रत्याशी घनश्याम अनुरागी विजयी रहे। लेकिन 2014 में यह सीट मोदी मैजिक के चलते पुनः भाजपा के पाले में चली गई और एक बार फिर भानु प्रताप ही सांसद चुने गए। इस चुनाव में भानु प्रताप ने बसपा के प्रत्याशी ब्रजलाल खाबरी को दो लाख 87 हजार वोटों से हराया। 2019 के पिछले चुनाव में भानु प्रताप ने फिर जीत हासिल की और पांचवीं बार संसद में पहुंचे। उन्होंने बसपा प्रत्याशी अजय सिंह पंकज को 1 लाख 57 हजार वोटों से मात दी। तीसरे नंबर पर कांग्रेस के टिकट पर मैदान में उतरे बृजलाल खाबरी रहे।

### एससी और ओबीसी मतदाता भाग्य विधाता

जालौन लोकसभा सीट पर अनुसूचित जाति के मतदाता सबसे ज्यादा लगभग 43 फीसदी हैं। इसके बाद ओबीसी मतदाताओं की संख्या लगभग 32 फीसदी और सामान्य श्रेणी के मतदाता करीब 18 फीसदी हैं। मुस्लिम मतदाताओं का आंकड़ा सवा लाख से कुछ ज्यादा गिना जाता है।

### 2019 लोकसभा चुनाव का विधानसभा वार परिणाम

| विधानसभा | भाजपा भानुप्रताप सिंह वर्मा | बसपा अजय सिंह पंकज | कांग्रेस बृजलाल खाबरी |
|---|---|---|---|
| भोगनीपुर | 93,580 | 95,707 | 8,114 |
| माधौगढ़ | 1,31,505 | 81,174 | 23,073 |
| कालपी | 1,08,024 | 91,502 | 23,073 |
| उरई | 1,30,028 | 85,811 | 22,895 |
| गरौठा | 1,16,586 | 68,282 | 20,644 |
| वोट प्रतिशत | 52.0 | 37.9 | 8.1 |

### पिछले चार चुनाव में राजनीतिक दलों का मतदान प्रतिशत

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विधानसभा | 35.8 | 31.2 | 20.6 | 2.3 |
| 2019 लोकसभा | 52.0 | --- | 37.9 | 8.1 |
| 2017 विधानसभा | 43.8 | 15.8 | 23.2 | 8.7 |
| 2014 लोकसभा | 12.1 | 16.3 | 23.6 | 7.5 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# भारतीय बाजार ने समझदारी बनाए रखी है

## कॉन्क्लेव में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा-मैं बाजार पर बहुत भरोसा करती हूं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय शेयर बाजार ने "एक निश्चित स्तर की समझदारी" बनाए रखी है और बाजार को अपने हिसाब से खेलने की अनुमति दी जानी चाहिए। वित्त मंत्री सीतारमण का यह बयान सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच के उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है कि स्मालकैप और मिडकैप शेयरों में 'झाग' की गुंजाइश है और नियामक एक संभावित परामर्श पत्र लाने के लिए इस पर विचार कर रहा है।

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक कॉन्क्लेव में सीतारमण ने कहा-मैं बाजारों को अपने हिसाब से खेलने देती हूं... हमें इसे बाजार के विवेक पर छोड़ देना चाहिए क्योंकि हम सभी ने देखा है कि वैश्विक स्तर पर भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय बाजार ने समझदारी का एक निश्चित स्तर बनाए रखा है। यह वास्तव में इस तरह या उस तरह से बहुत हिंसक नहीं हुआ है। इसलिए, मैं बाजार पर बहुत भरोसा करती हूं। इस सप्ताह की शुरुआत में पूंजी बाजार नियामक ने स्मालकैप और मिडकैप शेयरों के अधिक मूल्यांकन के बारे में चिंता जताई थी। स्मालकैप और मिडकैप संभावित बाजार में हेरफेर और बाजार में बुलबुले के जोखिम का संकेत दे रहे थे। बुच ने कहा था कि इक्विटी बाजारों में स्मालकैप और मिडकैप क्षेत्र में झाग के कुछ क्षेत्र हैं जिनमें बुलबुला बनने और फूटने की क्षमता है जो निवेशकों को प्रभावित कर सकता है। क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर सीतारमण ने कहा कि वे मुद्राएं नहीं हो सकती हैं और यह भारत सरकार का रुख है।

### ताजा जीडीपी आंकड़े रहस्यमयी: सुब्रमण्यन



पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यन ने शुक्रवार को कहा कि भारत के ताजा जीडीपी आंकड़े ''पूरी तरह रहस्यमयी'' हैं और इन्हें समझ पाना मुश्किल है। हाल ही में जारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी। ये आंकड़े उम्मीद से बेहतर हैं और पिछले डेढ़ साल में सबसे अधिक हैं। सुब्रमण्यम ने कॉन्क्लेव में इस पर कहा-मैं आपको ईमानदारी से बताना चाहता हूं कि ताजा जीडीपी आंकड़ों को मैं समझ नहीं पा रहा हूं। उन्होंने कहा, ''मैं पूरे सम्मान के साथ कहना चाहता हूं कि ये बिल्कुल रहस्यमयी हैं। वे मेल नहीं खाते हैं। मुझे नहीं पता कि उनका क्या मतलब है।

## इलेक्ट्रिक वाहन नीति को मंजूरी, न्यूनतम 50 करोड़ डॉलर का निवेश तय

**नई दिल्ली।** सरकार ने भारत को विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति को मंजूरी दे दी जिसमें न्यूनतम 50 करोड़ डॉलर (4,150 करोड़ रुपये) के निवेश के साथ देश में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियों को शुल्क में रियायतें दी जाएंगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि ईवी नीति के जरिए भारत को ईवी के विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने और टेस्ला समेत विभिन्न वैश्विक ईवी विनिर्माताओं से निवेश आकर्षित करने का प्रयास किया गया है। इस नीति के तहत ई-वाहनों की विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियों को कम सीमा शुल्क पर सीमित संख्या में कारों को आयात करने की अनुमति दी जाएगी।

## एआई से वित्तीय संस्थानों की साइबर सुरक्षा चुनौतियां कई गुना बढ़ीं: दास

**मुंबई, एजेंसी**



आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से साइबर सुरक्षा चुनौतियां कई गुना बढ़ीं हैं। इसके साथ ही उन्होंने वित्तीय संस्थानों से ग्राहक जानकारी की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम करने के लिए कहा।

दास ने आरबीआई लोकपाल के वार्षिक सम्मेलन में अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि विनियमित संस्थाएं वित्तीय लेनदेन, ग्राहक संपर्क और परिचालन गतिविधियों से जुड़े आंकड़ें अपने पास रखती हैं। आंकड़ों के इस व्यापक भंडार में डेटा विश्लेषण के जरिए ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने का एक अनूठा अवसर निहित है। दास ने कहा कि डेटा विश्लेषण की ताकत का उपयोग करके विनियमित संस्थाएं ग्राहकों की जरूरतों का अच्छी तरह से अनुमान लगा सकती हैं, मुद्दों का तुरंत समाधान कर सकती हैं और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित कर सकती हैं।

### लंदन ने आरबीआई को जोखिम प्रबंधक पुरस्कार के लिए चुना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि लंदन स्थित सेंट्रल बैंकिंग ने केंद्रीय बैंकिंग पुरस्कार 2024 के तहत उसे जोखिम प्रबंधक पुरस्कार के लिए चुना है। रिजर्व बैंक ने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 75,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,050-50,250 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,550 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,550 |
| चांदी पक्की | 740 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,800 |
| चांदी आभूषण | 74,700। |

## सीसीआई ने गूगल की प्ले स्टोर नीति के खिलाफ जांच के आदेश दिए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई ने शुक्रवार को इंटरनेट-आधारित कंपनी गूगल की प्ले स्टोर मूल्य निर्धारण नीति में कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं के संबंध में जांच के आदेश दिए।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने इस आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता मुख्य रूप से गूगल के स्वामित्व वाले ऐप स्टोर 'गूगल प्ले स्टोर' की भुगतान नीतियों से व्यथित हैं। प्ले स्टोर पर प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन करने का आरोप है। यह आदेश भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण गूगल के प्ले स्टोर से कुछ ऐप को हटाने के दो सप्ताह के भीतर आया है। गूगल ने एक मार्च को सेवा शुल्क भुगतान पर विवाद को लेकर भारत में अपने प्ले स्टोर से कुछ ऐप हटा दिए थे। हालांकि, सरकार के हस्तक्षेप के बाद कुछ दिनों के भीतर ही इन ऐप को बहाल कर दिया गया। प्रतिस्पर्धा आयोग में अपील दायर करने वाली कंपनियों में पीपुल इंटरएक्टिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मेबिगो लैब्स प्रा. लिमिटेड, इंडियन ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल फाउंडेशन (आईबीडीएफ) और इंडियन डिजिटल मीडिया इंडस्ट्री फाउंडेशन (आईडीएमआईएफ) शामिल हैं।

## चाय की गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने चाय की गुणवत्ता में सुधार और इसके सुरक्षित तथा स्वच्छ उत्पादन के लिए तमिलनाडु, केरल, असम और पश्चिम बंगाल में चाय उत्पादक क्षेत्रों के विभिन्न समूहों में एक व्यापक क्षमता निर्माण की योजना भी तैयार की है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि एफएसएसएआई चाय उद्योग से जुड़े सभी पक्षों के साथ चाय की गुणवत्ता में सुधार करने और उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

## निर्यात 11.9% बढ़कर 41.4 अरब अमेरिकी डॉलर रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वाणिज्य मंत्रालय ने फरवरी माह के जारी किए आंकड़े



भारत का निर्यात फरवरी में 11.9 प्रतिशत बढ़कर 41.4 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो चालू वित्त वर्ष का सर्वाधिक मासिक आंकड़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में मुख्य रूप से इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं और दवा उत्पादों की विदेश में अच्छी मांग रही। हालांकि सोने के आयात में उल्लेखनीय वृद्धि होने से फरवरी में व्यापार घाटा 18.7 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो एक साल पहले इसी महीने में 16.57 अरब डॉलर था।

पिछले महीने 60.1 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य की वस्तुओं का आयात किया गया, जो फरवरी 2023 के 53.58 अरब अमेरिकी डॉलर की तुलना में 12.16 प्रतिशत अधिक है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार फरवरी में सोने का आयात 133.82 प्रतिशत बढ़कर 6.15 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 2.63 अरब अमेरिकी डॉलर था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-फरवरी के दौरान सोने का आयात 44 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 38.76 प्रतिशत अधिक है।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने इन आंकड़ों पर संवाददाताओं से कहा कि फरवरी के दौरान निर्यात में वृद्धि चालू वित्त वर्ष के किसी भी महीने के मुकाबले अधिक है। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध और कुछ देशों में मंदी जैसी कई कठिनाइयों के बावजूद फरवरी में निर्यात अनुमान से अधिक रहा।

# राष्ट्रीय

# टूटेगा इंडिया गठबंधन का सारा घमंड : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले-तमिलनाडु की धरती पर बहुत बड़े परिवर्तन की आहट महसूस हो रही

**कन्याकुमारी, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दावा किया कि तमिलनाडु की धरती पर उन्हें 'बहुत बड़े परिवर्तन' की आहट महसूस हो रही है और आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का प्रदर्शन विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का 'सारा घमंड' तोड़कर रख देगा। लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक एक दिन पहले भाजपा की एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर तीखा हमला बोला और इसे राज्य के भविष्य का 'दुश्मन' करार दिया तथा साथ ही उस पर देश, इसकी संस्कृति और विरासत से नफरत पैदा करने का आरोप लगाया।

मोदी ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की पूर्ववर्ती सरकार के दौरान हुए कथित घोटालों का उल्लेख किया और कहा कि दूसरी तरफ केंद्र में आज एक ऐसी सरकार है जो विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों का जीवन आसान बना रही है। उन्होंने कहा-देश के इस दक्षिणी छोर से जो लहर उठी है, यह बहुत दूर तक जाने वाली है। मोदी ने वर्ष 1991 में हुई भाजपा की 'एकता यात्रा' को याद करते हुए कहा कि उस समय उन्होंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा की थी लेकिन इस बार वह कश्मीर से कन्याकुमारी आए हैं।

### कांग्रेस और वामपंथी दल ठग हैं : प्रधानमंत्री

**पथानामथिट्टा (केरल)।** मोदी ने केरल के सत्ताधारी वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को 'ठग' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि राज्य में दोनों एक-दूसरे का विरोधी होने का दिखावा करते हैं जबकि दिल्ली में गले मिलते हैं। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि केरल के लोग इनकी सच्चाई समझ गए हैं।

## देश की पहली अंडरवॉटर मेट्रो ट्रेन की सेवाएं शुरू

**कोलकाता।** देश की पहली 'अंडरवॉटर' मेट्रो ट्रेन की वाणिज्यिक सेवाएं शुक्रवार को कोलकाता में शुरू हुईं। पहले दिन सैकड़ों यात्रियों ने 'अंडरवॉटर' मेट्रो ट्रेन में यात्रा का आनंद उठाया और खुशी का इजहार किया। एक ट्रेन सुबह सात बजे कोलकाता के ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर पर हावड़ा मैदान स्टेशन से चली जबकि दूसरी ट्रेन उसी समय एस्प्लेनेड स्टेशन से शुरू हुई। इस दौरान यात्रियों ने तालियां बजायी। "पहले दिन की पहली अंडरवाटर मेट्रो" का हिस्सा बनने के लिए सैकड़ों यात्री सुबह-सुबह स्टेशनों पर उमड़ पड़े। दोनों स्टेशन पर सुबह टिकट लेने के लिए यात्री लंबी कतारों में खड़े दिखे जबकि अधिकारियों ने गुलाब के फूल देकर यात्रियों का स्वागत किया।

## चुनाव घोषणा से पूर्व केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ी

**नई दिल्ली, ब्यूरो**

- ईडी के समक्ष पेशी से छूट देने से अदालत का इनकार
- शराब घोटाला मामले में ईडी के ठुकरा चुके हैं आठ समन



**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक एक दिन पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अभी तक वे आठ समन ठुकरा चुके थे। अब उन्हें नौवें समन पर पेश होना ही पड़ेगा। शुक्रवार को स्थानीय अदालत ने उन्हें कोई राहत नहीं दी है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली शराब घोटाले मामले पर तत्कालीन उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पहले से ही तिहाड़ जेल में है और उसी मामले पर मुख्यमंत्री को भी तलब किया था। लेकिन केजरीवाल ने ईडी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताते हुए आम आदमी पार्टी को समाप्त करने का आरोप लगाया था। बाद में वे ईडी के समन के खिलाफ अदालत में चले गए थे, जहां से उन्हें राहत मिली थी। मगर दो दिन चली सुनवाई के दौरान अदालत ने शुक्रवार को उन्हें किसी भी तरह का स्थगन आदेश या राहत देने से मना कर दिया है। केजरीवाल को ईडी ने सातवां समन भेज कर 27 फरवरी को बुलाया था। तब केजरीवाल का तर्क था कि यह मामला अदालत में विचाराधीन है। इसलिए ईडी को समन भेजने के बजाय अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। इसी बीच ईडी ने चार मार्च के लिए आठवां समन जारी कर दिया था। ईडी ने पहला समन गत 2 नवंबर को भेजा था। उसके बाद 21 दिसंबर, 3 जनवरी, 18 जनवरी, 2 फरवरी, 14 फरवरी एवं 22 फरवरी को पूछताछ के लिए केजरीवाल को बुलाया गया था लेकिन अब अदालत से कोई राहत न मिलने के बाद केजरीवाल को ईडी के समक्ष पेश होना ही पड़ेगा।

आप के तमाम नेता लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल को गिरफ्तार करने का आरोप लगा चुके थे और अब इस तरह की अटकलें तेज हो गईं हैं कि क्या पूछताछ के बाद केजरीवाल को ईडी गिरफ्तार करेगी।

## एक नजर

### छग में पहली बार डीएम की अदालत की सुनवाई का सीधा प्रसारण

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल सरगुजा जिले में पहली बार जिलाधिकारी की अदालत से मामलों की सुनवाई का सीधा प्रसारण किया गया जिससे दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों तक अदालती कार्यवाही में पारदर्शिता और पहुंच सुनिश्चित की जा सके। राज्य की राजधानी रायपुर से लगभग 300 किलोमीटर दूर स्थित उत्तर छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में नवनियुक्त जिलाधिकारी विलास भोस्कर संदीपन ने यह पहल की है।

### झारखंड पुलिस ने ईडी को भेजा समन

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से ईडी के अफसरों के खिलाफ दर्ज कराए गए एससी-एसटी केस में झारखंड पुलिस ने संबंधित अधिकारियों को समन भेजा है। उन्हें 21 मार्च को सुबह 11 बजे थाने में मौजूद रहने को कहा है। सोरेन ने ईडी अफसरों पर प्रताड़ित करने और पूरे समुदाय को अपमानित करने का आरोप लगाया है। पुलिस की ओर से ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज, असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा सहित अनुपम कुमार और अमन पटेल शामिल हैं।

## बिहार में नीतीश कुमार मंत्रिमंडल का विस्तार, 21 नए मंत्री किए गए शामिल

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने दो महीने से भी कम पुराने मंत्रिमंडल का शुक्रवार को विस्तार करते हुए उसमें 21 नए मंत्रियों को शामिल किया। यहां राजभवन में एक सादे समारोह में राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी सहित इन नेताओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से शपथ लेने अन्य प्रमुख चेहरों में पार्टी की बिहार इकाई के पूर्व अध्यक्ष मंगल पांडेय, नीरज कुमार सिंह, नीतीश मिश्रा, नितिन नवीन, दिलीप कुमार जयसवाल और जनक राम शामिल हैं। मुख्यमंत्री की पार्टी जदयू से मंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले पुराने प्रमुख चहरों में महेश्वर हजारी, शीला मंडल, पूर्व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुनील कुमार, जयंत राज, जमा खान, रत्नेश सदा शामिल हैं।

## भाजपा के नौ विधायकों को कारण बताओ नोटिस

**शिमला, एजेंसी**

- हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के बीच गतिरोध जारी

हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नौ विधायकों को शिकायत के आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच राजनीतिक गतिरोध जारी है और निकट भविष्य में इसके सुलझने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं।

नाहन के कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी ने सदन के कामकाज पर नियम 79 के तहत स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है कि हाल के बजट सत्र के दौरान सदन के अंदर और अध्यक्ष के चेंबर में कथित तौर पर हिंसा और अनुशासनहीनता में शामिल होने के लिए भाजपा के नौ विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिव ने कहा कि शिकायत के आधार पर नौ भाजपा विधायकों - ऊना से सतपाल सत्ती, नाचन से विनोद कुमार, चुराह से हंसराज, बंजार से सुरेंद्र शौरी, सुलह से विपिन परमार, त्रिलोक जम्वाल, बिलासपुर, बल्ह से इंद्र सिंह गांधी, आनी से लोकेंद्र कुमार और करसोग से दीपराज को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

## सरकार के कामकाज में आचार संहिता से कोई फर्क नहीं पड़ेगा

**नई दिल्ली, ब्यूरो**

- सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर बोले



**अमृत विचार:** लोकसभा एवं कुछ राज्यों की विधानसभा के चुनावों की घोषणा शनिवार को होने जा रही है। इसी के साथ पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। मगर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि इससे सरकार के कामकाज में कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

केंद्रीय मंत्री ने उक्त जानकारी तब दी थी जब उनसे पूछा गया कि क्या दो दिन पूर्व हुई कैबिनेट की बैठक को अंतिम बैठक माना जाए? जवाब में ठाकुर ने कहा की सरकार का कामकाज तो चलता ही रहेगा यदि कोई अहम फैसला लेने की आवश्यकता होगी तो मंत्रिमंडल की बैठक बुलानी ही पड़ेगी और ऐसा प्रावधान चुनाव संहिता में भी है।

उल्लेखनीय है कि निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए निर्वाचन आयोग के पास आदर्श चुनाव संहिता के नाम पर कई संवैधानिक अधिकार सुरक्षित हैं। लेकिन इन अधिकारों का शक्ति से पालन तत्कालीन मुख्य निर्वाचन आयुक्त टीएन शेषन के समय में हुआ था और तभी से राजनीतिक दलों एवं उम्मीदवारों के ऊपर किसी भी चुनाव के दौरान आचार संहिता की तलवार लटकी रहती है।

अनुराग ठाकुर के जवाब के बाद माना जा रहा है कि किसी अति आवश्यक कार्य के लिए मंत्रिमंडल की बैठक हो सकती है लेकिन उसमें जनता को प्रभावित करने वाले किसी भी कार्यक्रम की घोषणा नहीं होगी। नामांकन से लेकर मतगणना तक किसी भी तरह के उद्घाटन एवं शिलान्यास जैसे कार्यक्रम नहीं होंगे। इस दायरे में नौकरशाहों को अपना कामकाज करने की छूट रहेगी लेकिन मंत्रियों या राजनीतिक दालों के नेताओं पर आयोग की कड़ी दृष्टि रहेगी। सभी उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार के दौरान खर्च किए गए धन का हिसाब किताब भी देना होगा। आचार संहिता लागू होने के बाद कोई भी मंत्री सरकारी विमान, वाहन या सरकारी मशीनरी का उपयोग प्रचार के दौरान नहीं करेगा।

## चुनावी बॉण्ड दुनिया का सबसे बड़ा जबरन वसूली गिरोह है

**ठाणे, एजेंसी**

- राहुल गांधी बोले-इसका उद्देश्य कॉरपोरेट्स को भाजपा को पैसा देने के लिए डराना था



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की ओर से लाई गई गई चुनावी बॉण्ड योजना को "दुनिया का सबसे बड़ा 'एक्सटॉर्शन रैकेट' (जबरन वसूली गिरोह)" और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "दिमाग की उपज" करार दिया। इस योजना को अब रद कर दिया गया है।

राहुल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि योजना के माध्यम से एकत्र किए गए धन का इस्तेमाल शिवसेना और राकांपा जैसे राजनीतिक दलों को तोड़ने और सरकारों को गिराने के लिए किया गया था। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर एक दिन पहले ही इस योजना से जुड़े आंकड़े सार्वजनिक किए गए थे। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तय करेंगे कि उन्हें अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ना चाहिए या नहीं। उन्होंने कहा, "कुछ साल पहले, प्रधानमंत्री ने राजनीतिक वित्त प्रणाली को साफ करने के लिए चुनावी बॉण्ड (योजना) तैयार करने का दावा किया था। पता चला कि यह भारत के सबसे बड़े कॉरपोरेट्स से पैसे ऐंठने का तरीका था।

### चुनावी बॉण्ड मामले की उच्चतम न्यायालय जांच कराए



**नई दिल्ली/बेंगलुरु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड योजना से जुड़े मामले की उच्चतम न्यायालय को उच्च स्तरीय जांच करानी चाहिए और सच सामने आने तक भाजपा के बैंक खातों से लेन-देन पर रोक लगाई जाए। निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को चुनावी बॉण्ड के आंकड़े सार्वजनिक किए। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 12 मार्च को आयोग के साथ आंकड़े साझा किए थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा-प्रधानमंत्री कहते हैं 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा', लेकिन आज उच्चतम न्यायालय ने यह उजागर कर दिया है कि कैसे भाजपा ने चुनावी बॉण्ड से पैसा बनाया है। एसबीआई द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से पता चलता है कि भाजपा को कुल चंदे का 50 प्रतिशत से अधिक मिला, जबकि कांग्रेस को केवल 11 प्रतिशत मिला है।

## लोकसभा सदस्य अब्दुल खालिक ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के लोकसभा सदस्य अब्दुल खालिक ने शुक्रवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। असम के बारपेटा से लोकसभा सदस्य खालिक ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेजे त्यागपत्र में यह दावा भी किया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा और प्रभारी महासचिव जितेंद्र सिंह के रवैये ने प्रदेश में पार्टी की संभावनाओं को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं। हाल ही में कांग्रेस ने खालिक का टिकट काट दिया था।

# धोनी से तुलना पर जुरेल ने कहा- एमएसडी एक ही हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की तुलना भले ही महेंद्र सिंह धोनी से की जा रही हो लेकिन उन्होंने कहा कि कोई भी पूर्व भारतीय कप्तान की बराबरी नहीं कर सकता और वह अपना ध्यान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में जगह बनाने पर लगाएंगे।

हाल में इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई ही श्रृंखला में टेस्ट पदार्पण करने वाले जुरेल ने विकेट के पीछे चतुराई दिखाई, बल्ले से भी प्रदर्शन किया तथा कप्तान रोहित शर्मा को डीआरएस संबंधित फैसले लेने में मदद की। जुरेल के इस प्रदर्शन को देखकर महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने उनकी तुलना धोनी से कर दी लेकिन इस खिलाड़ी को ऐसा नहीं लगता। उन्होंने कहा कि मेरी तुलना धोनी सर से करने के लिए शुक्रिया गावस्कर सर, लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि धोनी सर ने जो किया है, वैसा कोई भी नहीं कर सकता। धोनी सिर्फ एक ही है। हमेशा थे और हमेशा रहेंगे। मैं सिर्फ ध्रुव जुरेल ही रहना चाहता हूं। जो भी मैं करूं, मैं सिर्फ ध्रुव जुरेल ही रहना चाहता हूं, लेकिन धोनी सर महान क्रिकेटर हैं और वह हमेशा महान रहेंगे। भारत की टेस्ट कैप मिलने से जुरेल ने कहा कि मुझे अभी तक विश्वास नहीं हो रहा कि मुझे टेस्ट कैप मिली और फिर मैं मैन ऑफ द मैच रहा। टेस्ट खेलना सुखद रहा जो क्रिकेट का सबसे शुद्ध प्रारूप है। इतना पता था कि किसी दिन टेस्ट खेलूंगा इसलिए यह मेरे सपने के साकार होने वाला पल था। उन्होंने कहा कि जब मैं अंडर-19 खेल रहा था, तो मेरा लक्ष्य 200 टेस्ट खेलने का था लेकिन बाद में मुझे महसूस हुआ कि यह संभव नहीं था। जुरेल ने टेस्ट क्रिकेट और आईपीएल के बीच तुलना को खारिज करते कहा कि अपनी बात करूं तो आईपीएल से मेरा टेस्ट के प्रति लगाव कम नहीं हुआ। दोनों में कोई तुलना नहीं हो सकती। टेस्ट क्रिकेट बिलकुल अलग स्तर पर है। जुरेल ने बीसीसीआई के ज्यादा टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों को ज्यादा प्रोत्साहन राशि देने के कदम की प्रशंसा की।

## सीएसके में वापसी पर शार्दुल ने कहा- माही से सीखने को बेकरार हूं



**मुंबई, एजेंसी।** आल राउंडर शार्दुल ठाकुर मुंबई के साथ रणजी ट्राफी जीतने के बाद आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में प्रदर्शन की उम्मीद लगाए हैं क्योंकि पिछला चरण उनके लिए इतना अच्छा नहीं था। शार्दुल 2018 से 2021 तक सीएसके का हिस्सा रहे थे, जिसके बाद 2022 में वह दिल्ली और 2023 में कोलकाता के लिए खेले थे। इस सत्र में वह फिर सीएसके में वापसी करेंगे जिसके लिए उन्हें 4 करोड़ में खरीदा गया। शार्दुल ने कहा कि पिछला आईपीएल मेरे लिए अच्छा नहीं रहा। वह 11 मैच में महज 7 विकेट ही झटक सके थे। शार्दुल ने कहा कि मैं माही के नेतृत्व में खेलने को लेकर उत्साहित हूं। जब आप उनके साथ खेलते हो तो आप कुछ न कुछ जरूर सीखते हो। वह स्टंप के पीछे खड़े होकर आपका मार्गदर्शन करते रहते हैं जिससे आपके प्रदर्शन में निखार आता है।

# आईपीएल न खेलने से निराश नहीं हूं, टी-20 समझने के लिए मिला एक और सालः मुशीर

**मुंबई, एजेंसी**



क्रिकेटरों के लिए भले ही आईपीएल अनुबंध पाना प्राथमिकता रखता हो लेकिन मुंबई के रणजी ट्राफी के युवा नायक मुशीर खान खुश हैं कि वह खिलाड़ियों की नीलामी में बिके नहीं क्योंकि इससे उन्हें टी-20 प्रारूप को समझने के लिए कुछ और समय मिल जाएगा।

मुशीर (19 वर्ष) ने रणजी फाइनल में शतक जड़कर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा और मुंबई के लिए फाइनल में सैकड़ा लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उनका मानना है कि वह आने वाले समय में आईपीएल में नाम कमाएंगे। मुशीर ने अपने पिता और कोच नौशाद के शब्दों को दोहराते हुए कहा कि मेरा नाम आईपीएल में नहीं है, लेकिन मैं निराश नहीं हूं। मेरे पिता ने मुझे कहा कि टेस्ट क्रिकेट और टीम इंडिया के लिए खेलो। आईपीएल बाद में खेल लोगे, आज नहीं तो कल। उन्होंने कहा कि अच्छा है कि मुझे आईपीएल की तैयारी के लिए एक और साल मिल गया। मैं अब टी-20 क्रिकेट को और समझूंगा कि मुझे इस प्रारूप के लिए कैसे तैयारी करनी चाहिए। मुशीर ने हाल में रणजी फाइनल में मुंबई की दूसरी पारी में 136 रन बनाकर विदर्भ को 538 रन का लक्ष्य देने में मदद की। इससे मुंबई 42वां रणजी खिताब जीतने में सफल रहा। मुशीर इस प्रदर्शन के लिए अपने बड़े भाई सरफराज से प्रेरणा लेते हैं जिन्होंने राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पदार्पण किया था। मुशीर ने कहा कि मैं भाई के समर्पण और उनकी बल्लेबाजी को देखकर प्रेरणा लेता हूं। हमारा बल्लेबाजी का तरीका भी समान ही है।

## खेल डायरी

### अल्काराज इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में सिनर से होगी भिड़ंत



**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी।** कार्लोस अल्काराज ने मधुमक्खियों के कारण दो घंटे के विलंब के बाद एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3 6-1 से हराकर बीएनपी पारिबस ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार को मुकाबले के दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे अल्काराज खुद को बचाने के लिए छिप गए और मैच शुरू होने के 19 मिनट पर ही यह घटना हुई। तब अल्काराज 1-1 की बराबरी पर थे। दर्जनों मधुमक्खियां स्पाइडर कैमरे पर चिपक गई और उन्हें वैक्यूम से हटाया गया। यानिक सिनर ने जिरी लेचेका को हराकर इस साल 16वें मैच में जीत दर्ज की। अब शनिवार को सिनर का सामना अल्काराज से होगा। टॉमी पॉल ने नौवें वरीय कैस्पर रूड को हराकर दूसरे मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### चोट से एनगिडी की जगह मैकगुर्क दिल्ली की टीम में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी चोट के कारण शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से बाहर हो गए, जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने उनकी जगह ऑस्ट्रेलियाई आल राउंडर जेक फ्रेसर मैकगुर्क को टीम में शामिल किया। मेलबर्न के 21 साल के सलामी बल्लेबाज और लेग स्पिनर मैकगुर्क ने पिछले महीने सिडनी में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना वनडे पदार्पण किया था। दिल्ली कैपिटल्स ने मैकगुर्क को 50 लाख की 'रिजर्व' राशि में टीम में लिया है। एनगिडी पिछले एक साल से टखने की चोट से जूझ रहे हैं। उन्होंने आईपीएल में 14 मैच खेलकर 25 विकेट झटके हैं।

### प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेंगे वेड

**होबार्ट, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने कहा कि वह शेफील्ड शील्ड फाइनल के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे, लेकिन सफेद गेंद के प्रारूप में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। शेफील्ड फाइनल 21 मार्च से तस्मानिया और वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के बीच शुरू होगा जो वेड के 2012 से शुरू हुए करियर का लाल गेंद का अंतिम मैच होगा। इसके बाद बाएं हाथ के बल्लेबाज वेड आईपीएल के लिए गुजरात टाइटन्स से जुड़ जाएंगे। हालांकि वह पहले दो मैच नहीं खेल पाएंगे क्योंकि लीग का कार्यक्रम शील्ड फाइनल की तारीखों के साथ ही है। वेड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 36 टेस्ट में 4 शतक से 29 .87 के औसत से 1613 रन बनाए हैं।

### बांग्लादेश दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया ने वनडे टीम में ग्रेस हैरिस को किया शामिल



**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम में बांग्लादेश दौरे के लिए चोटिल डार्सी ब्राउन की जगह ग्रेस हैरिस को एकदिवसीय श्रृंखला के लिए शामिल किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ब्राउन को बाएं पैर में लगी चोट से टीम से बाहर किया गया। ब्राउन की वापसी उचित समय पर होगी। हैरिस को पहले केवल टी-20 के लिए चुना गया था, लेकिन अब वह वनडे में खेलती नजर आएंगी। प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहने के बाद यूपी के साथ उनका डब्ल्यूपीएल कार्यकाल पहले ही समाप्त हो चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 टीम में ब्राउन के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी को जगह नहीं दी है। बीमारी के कारण ऑलराउंडर हीथर ग्राहम अनुपलब्ध रहेगी। जेस जोनसेन को पिछले महीने टीम से बाहर किया गया था और उसकी जगह तायला व्लामिनक को बुलाया गया था। ऑस्ट्रेलिया को 21 मार्च से शुरू बांग्लादेश दौरे में तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेलने है। **टीम :** एलिसा हीली (कप्तान), ऐश गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम और तायला व्लामिनक।

# वनडे-टी20 में 'स्टॉप क्लॉक' नियम स्थायी करेगा आईसीसी

## नियम दिसंबर 2023 में किया गया था शुरू, टी-20 विश्व कप सेमी और फाइनल के लिए 'रिजर्व डे'

**दुबई, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) प्रयोग पर चल रहे 'स्टॉप क्लॉक' नियम को टी-20 विश्व कप 2024 से सभी वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में हमेशा इस्तेमाल करेगा। आईसीसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

आईसीसी ने स्टॉप क्लॉक नियम दिसंबर 2023 में शुरू किया था और इसे एक जून 2024 से स्थायी कर दिया जाएगा। आईसीसी ने सालाना बोर्ड बैठक के बाद कहा कि 'स्टॉप क्लॉक' नियम जून 2024 से वेस्टइंडीज और अमेरिका में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के साथ सभी वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में स्थायी हो जाएगा। ट्रायल तक होना था लेकिन इसके नतीजे साफ दिखाई दे रहे हैं जैसे मैच समय पर खत्म हो रहे हैं जिससे प्रत्येक वनडे मैच में करीबन 20 मिनट बच रहे हैं। नियम के अनुसार क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम को पिछला ओवर खत्म होने के 60 सेकेंड के अंदर नया ओवर शुरू करना होगा। इसके लिए मैदान पर लगी 'इलेक्ट्रॉनिक' घड़ी 60 से लेकर शून्य तक उलटी गिनती करेगी और तीसरा अंपायर घड़ी शुरू करने का समय तय कर सकता है। क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के ऐसा नहीं करने पर उसे दो चेतावनी दी जाएगी और इसके उल्लघंन के लिए प्रत्येक घटना के लिए पांच रन का जुर्माना लगाया जाएगा। आईसीसी ने हालांकि नियम में कुछ अपवाद भी शामिल किए और ऐसी स्थितियों में शुरू हुई घड़ी को रद कर दिया जाएगा, जिसमें नया बल्लेबाज अगर ओवरों के बीच में आता है, आधिकारिक 'ड्रिंक्स ब्रेक' तथा किसी बल्लेबाज या क्षेत्ररक्षक के चोटिल होने पर मैदान पर उपचार किया जाना शामिल है। इस नियम को तब भी लागू नहीं किया जाएगा अगर क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों से समय खराब हुआ हो। आईसीसी की बैठक में टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल (27 जून) और फाइनल (29 जून) के लिए 'रिजर्व' (सुरक्षित) डे को भी मंजूरी दी गई। लीग या सुपर आठ चरण के दौरान पूर्ण मैच के लिए दूसरी पारी में बल्लेबाजी कर रही टीम को कम से कम पांच ओवर डालने जरूरी होंगे। नॉकआउट मैच में पूर्ण मैच के लिए दूसरी पारी में 10 ओवर डालने की जरूरत होगी। वैश्विक संचालन संस्था ने भारत और श्रीलंका की सह मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफिकेशन प्रक्रिया को भी मंजूरी दी। टूर्नामेंट में 20 टीम हिस्सा लेंगी, जिसमें से 12 स्वतः क्वालीफाई करेंगी। 2024 विश्व कप में शीर्ष आठ टीम भारत और श्रीलंका के साथ स्वतः क्वालीफाई करेंगी जबकि बचे हुए दो स्थान 30 जून तक आईसीसी टी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में अगली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग टीम को मिलेंगे। बचे आठ स्थान आईसीसी क्षेत्रीय क्वालीफायर के जरिए तय होंगे।

### चैंपियंस ट्रॉफीः बीसीसीआई को उसकी सरकार के खिलाफ जाने को नहीं कहेगा आईसीसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी के कार्यकारी बोर्ड के सूत्र ने बताया कि अगले साल पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी 'हाइब्रिड मॉडल' पर कराना एक विकल्प हो सकता है क्योंकि आईसीसी भारत की भागीदारी पर फैसला नहीं ले सकता अगर सरकारी नीति उसके खिलाफ है। आईसीसी बोर्ड की बैठक दुबई में चल रही है। चैंपियंस ट्रॉफी फरवरी-मार्च 2025 में होनी है जिस पर बातचीत बैठक के एजेंडे में नहीं थी, लेकिन पीसीबी के नव निर्वाचित अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि वह बीसीसीआई सचिव जय शाह और आईसीसी अधिकारियों से बैठक से इतर बात करके आश्वासन लेने की कोशिश करेंगे। आईसीसी बोर्ड के सदस्य ने कहा कि बीसीसीआई टूर्नामेंट की तारीख करीब आने पर ही फैसला लेगा और यूएई में इसके आयोजन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। वरिष्ठ प्रशासक ने कहा कि बोर्ड की बैठकों में हर सदस्य अपना मसला उठा सकता है जिस पर वोटिंग होती है, लेकिन अगर सदस्य देश की सरकार कहती है कि वह वहां नहीं खेल सकते तो आईसीसी को विकल्प तलाशने होते हैं। आईसीसी का रूख साफ है कि वह अपने सदस्यों से उनकी सरकार की नीति के खिलाफ जाने की अपेक्षा नहीं करता।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप से बाहर



- तनीषा और अश्विनी भी हुईं स्पर्धा से बाहर
- पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे लक्ष्य
- एन से यंग से हारकर सिंधू का भी अभियान खत्म

**बर्मिंघम, एजेंसी**

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक जोड़ी गुरुवार रात आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल प्री क्वार्टरफाइनल से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी को प्री क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिबुल फिकरी और बागास मौलाना की जोड़ी से 16-21 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इंडोनेशियाई जोड़ी यहां 2022 में चैंपियन रही थी।

भारतीय जोड़ी ने पिछले हफ्ते फ्रेंच ओपन खिताब जीता था, लेकिन यहां तीसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों के दबाव से नहीं निपट सकी और एक घंटे से ज्यादा चले मुकाबले में हारकर बाहर हो गई। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी भी महिला युगल के राउंड 16 से बाहर हो गई। उन्हें चीन की झांग शु जियान और जेंग यु से पराजय झेलनी पड़ी। शुक्रवार को भारत के लक्ष्य सेन का सामना पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में मलेशिया के ली जि जिया से होगा। लक्ष्य ने एंडर्स एंटोनसेन पर जीत से क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का अभियान दक्षिण कोरिया की एन से यंग से हारकर समाप्त हो गया।

### अर्जुन-कपिला प्री-क्वार्टर फाइनल में हारे

**पेरिस।** एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की भारतीय पुरुष जोड़ी ऑरलियन्स मास्टर्स 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में चीन की हुआंग डि और लियू यी से हारकर बाहर हो गई। अर्जुन और कपिला ने मैच की शानदार शुरुआत की और 10-7 से आगे चल रहे थे, लेकिन हुआंग डि और लियू यी ने भारतीय खिलाड़ियों पर बाजी पलटते हुए पांच अंकों की बढ़त बना ली। अर्जुन और कपिला ने अंतराल के बाद अंक गंवाए और 36 मिनट में मैच हार गए।

### यूटीटी की आठवीं टीम होगी भूपति की अहमदाबाद एसजी पाइपर्स

**मुंबई, एजेंसी।** टेनिस खिलाड़ी महेश भूपति की एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) प्राइवेट लिमिटेड अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में हिस्सा लेने वाली आठवीं फ्रेंचाइजी बनी है। टीम का नाम अहमदाबाद एसजी पाइपर्स है। टीम जयपुर पैट्रियट्स संग पदार्पण करेगी। जयपुर की टीम पिछले साल अगस्त में यूटीटी में शामिल हुई थी। बेंगलुरु स्मैशर्स, चेन्नई लायंस, दबंग दिल्ली टीटीसी, गोवा चैलेंजर्स, पुनेरी पल्टन टेबल टेनिस और यू मुम्बा टीटी लीग की अन्य छह टीम हैं। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में लीग की सफलता के बाद नई टीम के शामिल करने की घोषणा की गई।

# 5 रन से मुंबई को हराकर फाइनल में पहुंचा बेंगलुरु

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एलिस पेरी के 66 रन और गेंदबाजों के प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सेमीफाइनल में मुंबई इंडियंस को पांच रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

136 रन के लक्ष्य को पाने उतरी मुंबई की यास्तिका और मैथ्यूज ने पहले विकेट लिए 27 रन जोड़े। मैथ्यूज 15 और यास्तिका 19 रन पर बोल्ड हुई। नेट साइवर-ब्रेंट 23 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 33 रन की पारी खेली। जीत के करीब संजीवन 1, पूजा 4 रन बनाकर आउट हुई। एमेलिया 27 रन और अमनजोत कौर 1 रन पर नाबाद रही। मुंबई 6 विकेट पर 130 रन ही बना सकी और जीता हुआ मैच पांच रन से हार गई।

आरसीबी की श्रेयंका पाटिल ने 2 और एलिस पेरी, सोफी मोलिन्यू, जॉर्जिया वेयरहम और सोभना आशा ने 1-1 विकेट लिए। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने आई आरसीबी की शुरुआत खराब रही और सोफी डिवाइन (20 रन) दूसरे ओवर में आउट हुईं। कप्तान स्मृति मंधाना 10 रन पर आउट हुईं। ऋचा घोष ने 14, सोफी मोलिन्यू ने 11 रन बनाया। वहीं पेरी के 50 गेंदों में 66 और जॉर्जिया के 18* रन की पारी से बेंगलुरु लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचा।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**आरसीबी :** 135/6, एलिस पेरी 66 (50 गेंद), जॉर्जिया वेयरहम 18* (10 गेंद), ऋचा घोष 14 (19 गेंद)। **विकेट :** हेली मैथ्यूज 2, नेट साइवर-ब्रंट 2, साइका इशाक 2।

**मुंबई इंडियंस :** 130/6, नेट साइवर-ब्रंट 23 (17 गेंद), हरमनप्रीत कौर 33 (30 गेंद) एमेलिया केर 27* (25 गेंद)। **विकेट :** श्रेयंका पाटिल 2, एलिस पेरी 1, सोफी मोलिन्यू 1, जॉर्जिया 1, सोभना 1।



## बॉलीवुड हलचल

### अमिताभ बच्चन ने की कल्कि 2898 ई.डी. के बारे में जानकारी साझा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने फिल्म कल्कि 2898 ई .डी . के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी सोशल मीडया पर साझा की है। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी ने अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को उत्सुक बनाए रखा है। कल्कि 2898 ई .डी . के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए अमिताभ बच्चन ने बताया कि कल्कि 2898 ई .डी . पूरी होने वाली है। वह इस प्रोजेक्ट पर देर रात तक काम कर रहे हैं, क्योंकि सब कुछ खत्म होने वाला है। अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया पर लिखा, फिर से देर हो गई .. लेकिन कल रात काम से देर हो गई .. क्योंकि कल्कि की समाप्ति करीब है .. और जैसा कि बताया गया है कि यह 9 मई को रिलीज़ होगी .. इसलिए सभी को फिट रखने और सभी को एक ऐसा अनुभव देने के लिए अंतिम प्रयास जो निर्माताओं के विज़न का वादा करता है .. मुझे अब दूसरे कार्यस्थल पर जाना होगा .. जिम .. शरीर को गतिशील बनाने के लिए .. इसे दैनिक दिनचर्या और भविष्य में आने वाली दिनचर्या के अनुसार काम करने के लिए तैयार करना .. भविष्य हमेशा अज्ञात है .. लेकिन इसे कल्पना करने में कोई बुराई नहीं है .. और यह विश्वास करने में कि अगर सोचा जाए तो इसे खोजा जा सकता है .. आह! मस्तिष्क के सर्वश्रेष्ठ आकार में एक नया वाक्यांश अर्जित करना।

### पटना शुक्ला से महिलाएं होंगी प्रेरित : रवीना



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन का कहना है कि उनकी फिल्म पटना शुक्ला में उनके किरदार तन्वी शुक्ला से कई महिलाएं प्रेरित होंगी और जुड़ाव महसूस करेंगी। विवेक बुडाकोटी के निर्देशन में फिल्म पटना शुक्ला में रवीना टंडन वकील तन्वी शुक्ला के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म को सलमान खान के छोटे भाई अरबाज खान के प्रोडक्शंस हाउस ने बनाया है। रवीना टंडन ने कहा, तन्वी शुक्ला एक ऐसा किरदार है, जिससे हर कोई जुड़ाव महसूस करेगा। मैं तन्वी जैसे कई लोगों से मिली हूं, इसलिए मुझे यह रोल परिचित लगा, जिससे मैं तुरंत उसकी कहानी से जुड़ गई। तन्वी की जड़ें शहर में हैं, इसलिए मैंने पटना लहजा और लोगों की मानसिकता को समझने में समय बिताया। मुझे उम्मीद है कि तन्वी की कहानी देखने के बाद कई महिलाएं इससे प्रेरित होंगी। फिल्म पटना शुक्ला में रवीना टंडन के अलावा अनुष्का कौशिक, मानव विज, चंदन रॉय सान्याल, जतिन गोस्वामी और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक भी हैं। फिल्म पटना शुक्ला 29 मार्च को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है।

### मर्डर मुबारक में ग्लैमरस अवतार में नजर आएंगी सारा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री फिल्म 'मर्डर मुबारक' में ग्लैमरस अवतार में नजर आएंगी। फिल्म में सारा अली खान, डिंपल कपाड़िया, करिश्मा कपूर, संजय कपूर, टिस्का चोपड़ा, सुहेल नायर और पंकज त्रिपाठी जैसे सितारे काम करते नजर आएंगे। फिल्म 'मर्डर मुबारक' में सारा अली खान शहरी, ग्लैमरस गर्ल के किरदार में नजर आने वाली हैं। मर्डर मुबारक में सारा अली खान का किरदार उनके किए सभी किरदारों से बेहद अलग है, जिसमें उन्होंने एक ग्लैमरस परसोना वाली लड़की की भूमिका निभाई है। सारा ने कहा, मुझे एक शहरी और ग्लैमरस गर्ल का किरदार निभाए लंबा समय हो गया है।

### श्रीमद् रामायण में शूर्पणखा का किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण : संगीता



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री संगीता ओडवानी का कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'श्रीमद् रामायण' में शूर्पणखा का किरदार निभाना उनके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की दिव्य गाथा, श्रीमद रामायण भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास के दौरान की यात्रा का अनुसरण करती है। शो के महत्वपूर्ण अध्याय की ओर बढ़ते हुए, दर्शक अब लंकापति रावण की बहन, शूर्पणखा को देखेंगे, जो भगवान श्रीराम और रावण के बीच महायुद्ध की जड़ बनेगी। इस किरदार को संगीता ने निभाया है। संगीता ने कहा, शूर्पणखा का किरदार निभाने के लिए गहरे नजरिए की जरूरत होती है जो उसकी सोच में गहराई से उतरता है। यह उसकी दुर्जेय उपस्थिति को गले लगाने के साथ-साथ उसके भयंकर बाहरी स्वरूप के नीचे छिपे दर्द और लालसा को भी उजागर करने के बारे में है। एक कलाकार के रूप में, यह खोज का सफर है, जो इस मुश्किल किरदार की परतों को हटाकर उसके भीतर की इन्सानियत को प्रकट करती है, जिससे दर्शकों को उसे सिर्फ एक खलनायक के रूप में नहीं, बल्कि अपने स्वयं के संघर्षों के साथ बहुमुखी व्यक्ति के रूप में देखने का मौका मिलता है। श्रीमद् रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# पाकिस्तान की सीमा पर तैनात होंगे अपाचे, स्क्वॉड्रन स्थापित

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय सेना ने पश्चिमी क्षेत्र में जमीनी अभियानों में मदद करने के लिए शुक्रवार को राजस्थान में अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर का अपना पहला स्क्वॉड्रन स्थापित किया। लड़ाकू हेलीकॉप्टर को पाकिस्तान सीमा के करीब तैनात किया जाएगा।

जोधपुर में पहला स्क्वॉड्रन स्थापित किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार को आर्मी एविएशन कोर के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अजय सूरी और बोइंग निर्माण के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में जोधपुर में इसकी घोषणा हुई। इसकी तैनाती से पाकिस्तान की साजिश को नाकाम करने में मदद मिलेगी। भारतीय सेना ने इस मौके पर कहा कि स्क्वॉड्रन का पहला हेलीकॉप्टर इस साल मई के महीने में अमेरिका से आने वाला है। इस स्क्वॉड्रन के गठन से पश्चिमी रेगिस्तान क्षेत्र में सेना की ताकत और मजबूत होगी।

अपाचे हेलीकॉप्टरों की आपूर्ती मई में शुरू होने की संभावना है। अपाचे को अमेरिकी कंपनी बोइंग ने बनाया है और यह दुनिया के सबसे उन्नत बहुउद्देश्यीय लड़ाकू हेलीकॉप्टरों में से एक है। भारतीय सेना ने इस मौके पर कहा कि स्क्वॉड्रन का पहला हेलीकॉप्टर इस साल मई के महीने में अमेरिका से आने वाला है। स्क्वॉड्रन के गठन से पश्चिमी रेगिस्तान क्षेत्र में सेना की ताकत और मजबूत होगी।

## सीएए में नागरिकता आवेदन को सरकार ने किया एप लॉन्च

**नई दिल्ली।** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) 2019 के तहत भारत की नागरिकता चाहने वालों के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को एक मोबाइल एप लॉन्च किया। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार, एप्लिकेशन को 'गूगल प्ले स्टोर' या केंद्र सरकार की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, इससे पहले गृह मंत्रालय ने सीएए के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने के लिए पात्र लोगों के लिए पोर्टल शुरू किया था। विवादास्पद सीएए को लागू करने के नियमों को सोमवार को अधिसूचित किया गया था जिससे पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आने वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देने का मार्ग प्रशस्त हो गया था।

# आदर्श आचार संहिता में जुड़ी हैं काफी पाबंदियां

*नई दिल्ली। देश में जल्द ही 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव होने वाले हैं, जिसके लिए तारीखों का एलान चुनाव आयोग जल्द ही करने जा रहा है। एलान के साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी, जिससे कई तरह की पाबंदियां भी लग जाएंगी। बता दें कि देश में बिना किसी रुकावट के पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता के रूप में कुछ नियम और मानक तय किए हैं, जिनका सभी राजनीतिक पार्टियों और उम्मीदवारों को अनिवार्य तौर पर पालन करना होता है। आइए जानते हैं आदर्श आचार संहिता के बारे में...*




### सत्ता दल के लिए नियम

मंत्रीगण आधिकारिक दौरे के वक्ता चुनाव प्रचार न करें। और सरकारी विमानों और गाड़ियों का उपयोग पार्टी के हित के लिए ना करें। सरकारी कर्मचारियों को इस्तेमाल पार्टी हित में ना करें। हेलीपैड पर सत्ताधारी दल का एकाधिकार न जताए। सरकारी फंड से पार्टी का प्रचार-प्रसार न करें। केंद्र या राज्य सरकार के मंत्री, उम्मीदवार, मतदाता या एजेंट के सिवाय अन्य लोग मतदान केंद्र में न घुसें।

### क्या होते हैं प्रावधान

- विभिन्न जातियों एवं समुदायों के बीच मतभेद या घृणा बढ़ाने की गतिविधि में शामिल न हों।
- नीतियों व कार्यों की आलोचना करें, किसी दल, नेता या कार्यकर्ता के निजी जीवन पर टिप्पणी न करें।
- किसी जाति या संप्रदाय की भावनाओं का उपयोग करते हुए वोट डालने की अपील न करें।
- मंदिर, मस्जिद या पूजा के किसी अन्य स्थान का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए न हो।
- मतदाताओं को रिश्वत देना, उन्हें डराना धमकाना, मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी के भीतर प्रचार-प्रसार करना आपराधिक गतिविधि मानी जाएगी।
- मतदान से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार, सार्वजनिक सभाएं सभी पर प्रतिबंध लागू हो जाता है।
- राजनीतिक दल या किसी उम्मीदवार के घर के सामने विरोध प्रदर्शन व धरना न किया जाए।



- नेता अपने समर्थकों को किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों आदि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने और नारा लिखने की अनुमति नहीं दे सकते।
- राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके समर्थक दूसरे दलों की बैठकों अथवा जुलूसों में बाधा न खड़ी करें, न ही उन्हें भंग करने का प्रयास करें।
- किसी दल की ओर से उन स्थानों के आसपास जुलूस न निकाला जाए, जहां दूसरे दलो की बैठक चल रही हो। एक दल के लगाए गए पोस्टर दूसरे दल के कार्यकर्ताओं की ओर से हटाए न जाएं।

**सभा और रैली के लिए क्या हैं नियम:-** सभी अथवा रैली के स्थान और जगह की पूर्व सूचना पुलिस अधिकारियों को दी जाए। और राजनीतिक पार्टी व नेता पहले ही सुनिश्चित कर लें कि जिस जगह पर वह सभा करने वाले हैं, वहां पहले से कोई पाबंदी तो लागू नहीं हैं। लाउडस्पीकर के उपयोग की इजाजत भी पहले ही ले लें। आयोजक किसी अप्रत्याशित घटना से बचने के लिए पुलिस की सहायता लें। वहीं जुलूस से पहले उसके शुरू होने का समय, रूट और समाप्त होने के समय व स्थान की अग्रिम सूचना पुलिस को देनी होगी। जिस एरिया से जुलूस निकाल रहे हैं, वहां को पाबंदी तो नहीं है।

## एक नजर

### पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल रामदास का हैदराबाद में निधन



**हैदराबाद।** भारतीय नौसेना के पूर्व प्रमुख एडमिरल (सेवानिवृत्त) एल रामदास का शुक्रवार को एक सैन्य अस्पताल में निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। रामदास ने दिसंबर, 1990 से सितंबर, 1993 तक नौसेना प्रमुख के पद पर अपनी सेवाएं दी थीं। उनके नेतृत्व में आईएनएस ब्यास ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने पाकिस्तानी नौसेना के समुद्री मार्गों को तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान से 90 हजार सैनिकों को निकालने के इस्लामाबाद के प्रयासों को विफल कर दिया था।

### समलैंगिक विवाह की अनुमति नहीं देना असंवैधानिक: अदालत

**टोक्यो।** जापान की एक अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि, समलैंगिक विवाह की अनुमति देने से इनकार करना असंवैधानिक है और इस प्रकार के संबंधों की अनुमति देने वाला कानून लाने के लिए तत्काल सरकारी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। वादी और समलैंगिक समुदाय ने अदालत के इस फैसले की सराहना की और कहा कि यह समानता की दिशा में बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कोर्ट ने कहा- मौजूदा कानून में संशोधन नहीं किया जाता तब तक समलैंगिक जोड़ों के विवाह की अनुमति देने से इनकार कर सकते हैं।

### जम्मू: आतंकी साजिश को लेकर एसआईए की 7 जगहों पर छापेमारी

**जम्मू।** राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी साजिश मामले की जांच के लिए शुक्रवार को जम्मू संभाग के विभिन्न जिलों में सात स्थानों पर छापेमारी की। जांच एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू में अदालत से तलाशी वारंट मिलने के बाद एसआईए की टीम ने डोडा जिले में तीन स्थानों, रियासी जिले में दो, रामबन और जम्मू जिलों में एक-एक स्थान पर एक साथ तलाशी ली। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान कई मोबाइल फोन और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। उन्होंने कहा जब्त की गई सामग्री से आतंकवादी नेटवर्क तक पहुंचने के लिए कुछ सुराग मिलेंगे।

### गाजा में नए समुद्री मार्ग से पहुंची 200 टन राहत सामग्री

**गाजा।** पांच माह से जारी जंग से गाजावासी रोटी की कमी और आंसुओं के सैलाब में डूब गए है। रमजान के पवित्र माह में फिलिस्तीनियों के लिए नए समुद्री मार्ग से राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। वहीं फिलिस्तीन के कई क्षेत्रों में भी अमेरिका द्वारा आसमान से राहत सामग्री बरसाई जा रही है। स्पेन के सहायता समूह ने शुक्रवार को 200 टन सामग्री लेकर जहाज साइप्रस से गाजा के तट पर पहुंचा। वर्ल्ड सेंट्रल किचन द्वारा भेजे गए भोजन से भरे एक बजरे (बड़ी नौका) को लेकर मंगलवार को साइप्रस से रवाना हुआ था। युद्ध के बाद सहायता देने के लिए इजराइल पर वैश्विक दबाव बढ़ रहा है।

# सीएए नागरिकता देने का कानून ना कि छीनने का, भारत की दो टूक

## अमेरिका के बयान को भारत ने किया खारिज, कहा- यह आंतरिक मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका ने भारत में सीएए लागू करने को लेकर आपत्ति जताई और कहा कि वह इस पर कड़ी नजर रख रहा है। भारत ने अमेरिका के बयान को अनुचित बताते हुए इसे खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सीएए राज्यविहीनता के मुद्दे को संबोधित करता है, मानवीय गरिमा प्रदान करता है और मानवाधिकारों का समर्थन करता है।

भारत ने अमेरिका विदेश मंत्रालय को जवाब देते हुए कहा, नागरिकता संशोधन अधिनियम अपनी समावेशी परंपराओं, मानवाधिकारों के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए भारत का आंतरिक मामला है। नागरिकता (संशोधन) कानून नागरिकता देने के लिए है, यह नागरिकता छीनने के लिए नहीं है। सीएए के कार्यान्वयन पर अमेरिकी विदेश विभाग के बयान को विदेश मंत्रालय ने गलत, अनुचित और बेतुका बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारतीय संविधान सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, ऐसे में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर चिंता का कोई आधार नहीं है।

### प्रशंसनीय पहल को राजनीति से जोड़ना ठीक नहीं



सीएए के खिलाफ आलोचना को खारिज करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि संकट में फंसे लोगों की मदद के लिए किए गए प्रशंसनीय पहल को वोट बैंक की राजनीति से जोड़ना सही नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि जिन लोगों को भारत की बहुलवादी परंपराओं, विभाजन के बाद के इतिहास की समझ नहीं है वह इस मुद्दे पर व्याख्यान और ज्ञान न दें। दरअसल, अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हम 11 मार्च से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की अधिसूचना के बारे में चिंतित हैं।

### सीएए कानून को लेकर अमेरिका ने जताई नाराजगी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि वह भारत में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना को लेकर थोड़ा परेशान है और कहा कि वह अधिनियम के कार्यान्वयन की बारीकी से निगरानी कर रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को मीडिया से कहा, हम 11 मार्च से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की अधिसूचना के बारे में चिंतित हैं। मिलर ने एक सवाल के जवाब में कहा, "हम बारीकी से निगरानी कर रहे हैं कि इस अधिनियम को कैसे लागू किया जाएगा। धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान और सभी समुदायों के लिए कानून के तहत समान व्यवहार मौलिक लोकतांत्रिक सिद्धांत हैं।



बुधवार को, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएए पर आशंकाओं को दूर करने की कोशिश करते हुए कहा था कि नया कानून केवल उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए है, जो अविभाजित भारत का हिस्सा थे और यह किसी के अधिकारों पर आघात नहीं करेगा। गृह मंत्री ने कहा था, मैंने सीएए पर अलग-अलग मंचों पर लगभग 41 बार बात की है और इस पर विस्तार से बात की है कि देश के अल्पसंख्यकों को डरने की जरूरत नहीं है।

## एसआईसी के साथ विलय करेगी इमरान खान की पार्टी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के एक नेता ने कहा कि अगर चुनाव आयोग उनकी पार्टी के आंतरिक चुनाव को मान्यता देता है और चुनाव चिह्न क्रिकेट बैट को वापस लौटाता है, तो पार्टी सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के साथ विलय कर लेगी।

मीडिया के अनुसार, पीटीआई नेता असद कैसर ने कहा, अगर पार्टी को हालिया संगठनात्मक चुनाव के बाद अपना क्रिकेट बैट का चुनाव चिह्न वापस मिल जाता है तो दोनों पार्टियों का विलय हो जाएगा और पीटीआई बनी रहेगी।" एसआईसी पाकिस्तान में इस्लामी राजनीतिक और बरेलवी धार्मिक दलों का संगठन है।

आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 90 से ज्यादा सीट पर जीत दर्ज की। बाद में ये निर्दलीय सदस्य एसआईसी में शामिल हो गए। यह पूछे जाने पर कि क्या एसआईसी में विलय के बाद पीटीआई बनी रहेगी, उन्होंने कहा, हां, हम बने रहेंगे लेकिन हम इसके साथ विलय भी करेंगे।

# रूस में राष्ट्रपति चुनाव शुरू पुतिन के सामने 3 प्रत्याशी



रूस नियंत्रित डोनेट्स्क क्षेत्र में बूथ पर मतदान करतीं महिलाएं।

मॉस्को, एजेंसी



यूक्रेन के साथ छिड़े युद्ध के बीच व्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति के रूप में एक और छह साल के कार्यकाल के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को रूसी नागरिकों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस बार तीन दिनों तक वोटिंग होगी, जो 15 मार्च से शुरू होकर 17 मार्च तक चलेगी।

सत्ता पर मजबूत पकड़ के साथ ही व्लादिमीर पुतिन की अपेक्षित चुनावी जीत ने सस्पेंस बढ़ा दिया है। हालांकि, विश्व की निगाहें इस ओर टिकी हुई हैं कि चुनावी नतीजे घोषित होने के बाद उनका अगला कदम क्या होगा। मीडिया के अनुसार, पुतिन के सामने तीन प्रत्याशी हैं, जो तीनों समर्थक हैं। माना जा रहा है कि वोटिंग संपन्न होने के बाद चुनाव नतीजे आ सकते हैं। ऐसा नहीं है कि पुतिन ही अकेले चुनाव लड़ रहे हैं, बल्कि उनके प्रतिद्वंद्वियों में कम्युनिस्ट पार्टी के निकोलाई खारितोनोव, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के लियोनिद स्लटस्की और न्यू पीपल पार्टी के व्लादिस्लाव दावानकोव शामिल हैं, जबकि बोरिस नादेजिन और पूर्व टीवी पत्रकार येकातेरिना डंटसोवा को फरवरी में निर्वाचन आयोग ने अयोग्य घोषित कर दिया। इसके अलावा पुतिन के मुखर आलोचकों में से एक विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की चुनाव से माहभर पहले जेल में मौत हो गई।

### हसीन वादियों में बहार...





**जापान:** टोक्यो में वसंत के आगमन के प्रतीक चेरी के फूल खिलने लगे हैं। ओसाका में तो चेरी की बहार भी आ गई है। जापान में 'चेरी ब्लॉसम' को 'सकूरा' के नाम से भी जाना जाता है। यह जापान का राष्ट्रीय फूल है। इस मौसम में मनने वाले त्योहार को 'हनामी त्योहार' कहा जाता है। इस फूल को आशा का प्रतीक भी माना जाता है। ● एजेंसी

## रोज 8 घंटे एकांत कोठरी से बाहर रहेगा पूनावाला

**श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा हत्याकांड में जेल में बंद आरोपी आफताब पूनावाला को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने जेल अधिकारियों से कहा कि अन्य कैदियों की तरह आफताब को भी दिन में 8 घंटे के लिए बाहर रख जाए। रात में उसे एकांत कोठरी में रखे।

जस्टिस सुरेश कुमार कैद की अध्यक्षता वाली पीठ ने आफताब पूनावाला की याचिका पर आदेश दिया कि सुरक्षा की आड़ में उसे एकान्त कारावास में नहीं रखा जा सकता है। याचिका में पूनावाला के वकील ने दावा किया कि उसे सुबह और शाम एक-एक घंटे बाहर रखने की अनुमति है। वहीं, अन्य कैदियों को दिन में आठ घंटे तक बाहर रखा जाता है। जस्टिस गिरीश कठपालिया ने आदेश में कहा कि हम जेल अधिकारियों को उसे आठ घंटे के लिए अनलॉक करने का निर्देश देते हैं। जैसा कि अन्य कैदियों के लिए लागू होता है और रात के दौरान उसे एक एकांत कोठरी में रखा जाए।

# आगामी वर्षों में भारत-अमेरिका सुरक्षा सहयोग और महत्वपूर्ण

- भारतवंशी रिचर्ड ने बाइडन के बयान का किया समर्थन, कहा- तेजी से मजबूत हो रहे दोनों देशों के संबंध

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत और अमेरिका का सुरक्षा सहयोग आने वाले वर्षों में बेहद अहम साबित होगा। शीर्ष अमेरिकी अधिकारी रिचर्ड वर्मा ने दावा करते हुए कहा कि, भारत और अमेरिका के बीच सहयोग की अपार संभावनाओं हैं, दोनों देशों का सहयोग वैश्विक स्तर पर गेमचेंजर साबित हो सकता है।

रिचर्ड वर्मा ने जो बाइडन के उस बयान का समर्थन किया, जिसमें बाइडन ने कहा था कि भारत और अमेरिका के संबंध 21वीं सदी की दिशा तय करेंगे। बता दें, भारतवंशी रिचर्ड वर्मा, अमेरिका के विदेश विभाग में मैनेजमेंट एंड रिसोर्स विभाग के डिप्टी सेक्रेटरी पद पर तैनात हैं और वह भारत में बतौर अमेरिका के राजनयिक भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। रिचर्ड वर्मा ने अपने ब्लॉग में लिखा कि 'जैसा कि जो बाइडन और पीएम मोदी ने कहा है कि भारत और अमेरिका का एक दूसरे पर पड़ने वाला असर बेहद अहम है, लेकिन हम दुनिया के लिए क्या कर सकते हैं, यह ज्यादा अहम है। खाद्य सुरक्षा, महामारी से निपटना और डिजिटल अर्थव्यवस्था ऐसे क्षेत्र हैं, जहां दोनों देश बहुत कुछ कर सकते हैं।' वर्मा के अनुसार, रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्य और तकनीक, ऐसे तीन अहम क्षेत्र हैं, जहां दोनों देशों में सहयोग अहम है और बीते कुछ दशकों में दोनों देशों के संबंधों के विकास में काफी प्रगति भी हुई है।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 15 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने शुक्रवार को उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कराईनगर के तट से कम से कम 15 भारतीय मछुआरों को द्वीप राष्ट्र के जल से मछली पकड़ने के आरोप में हिरासत में लिया है। कांकेसंतुराई बंदरगाह पर श्रीलंकाई नौसेना ने मछुआरों के नावों को जब्त कर लिया और जांच के लिए मत्स्य निदेशालय में भेज दिया है।

हाल ही में श्रीलंकाई मछुआरों ने श्रीलंकाई जल इलाके में अपने भारतीय समकक्षों द्वारा अवैध शिकार से अपने अधिकारों की रक्षा के लिए अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बता दें, इस साल श्रीलंकाई नौसेना ने अबतक 16 नाव को जब्त करने के साथ 225 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया है।

## मई में नहीं होंगे चुनाव सुनक ने अटकलों पर लगाया विराम

**लंदन।** ब्रिटेन के पहले भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने तय समय से पहले चुनाव कराए जाने की अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दो मई को देश के आम चुनाव नहीं कराए जाएंगे। सुनक के बयान के बाद लेबर पार्टी की तरफ से शुरू हुई कयासबाजी खत्म होने की उम्मीद है।

लेबर पार्टी ने कहा था कि लंदन में स्थानीय और प्रशासकों के चुनाव के साथ ही आम चुनाव भी कराए जा सकते हैं। खबरों के मुताबिक सुनक ने इस साल की शुरुआत में साल की दूसरी छमाही में चुनाव कराने पर विचार करने की बात कह चुके हैं। हालांकि, हाल के कुछ हफ्तों में मई की शुरुआत में अचानक चुनाव कराए जाने की अटकलें लगाई जाने लगीं। सुनक ने कहा कि ब्रिटेन में दो मई को आम चुनाव की कोई संभावना नहीं है।

**विज्ञान** हाल की खोज से पता चला है कि रोजाना हजार टन ऑक्सीजन पैदा करता है यूरोपा

# बृहस्पति के चांद पर होगा मानव का अगला ठिकाना

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** भले ही मंगल पर जीवन बसाने की जद्दोजिहद में वैज्ञानिक दशकों से जुटे हुए हैं, लेकिन खबर आ रही है कि बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा में सम्भवतः मंगल से कहीं अधिक मानव बस्ती बसाने के अवसर नजर आ रहे हैं।

हाल की खोज से पता चला है कि यूरोपा रोजाना हजार टन ऑक्सीजन पैदा करता है। इसमें दोराय नही कि पृथ्वी पर मौजूदा प्राकृतिक संसाधन वर्तमान जीवन के लिए पर्याप्त है, लेकिन इनका लगातार दोहन भविष्य में जीवित रहने वाला नही है।

जिस कारण भविष्य में मानव अस्तित्व की निर्भरता दूसरे ग्रहों पर जताई जा रही है। इस विचार पर आम जनमानस समझ न रखता हो, लेकिन वैज्ञानिक वर्ग बेहद चिंतित नजर आता है। जिसके चलते करीब तीन दशक से ब्रह्मांड में जीवन की तलाश के साथ मानव बस्ती बसाने को लेकर कवायद की जा रही है। मगर सफलता अभी तक हाथ नही लग पाई है। यह मिशन जल्द



यूरोपा की ताजा तस्वीर।

पूरा होने की कोई संभावना भी नजर नही आती है। दरअसल यह चुनौतियों से भरा धरतीवासियों का सबसे बड़ा अभियान है और इंकार नही किया जा सकता कि दूर भविष्य में हम कामयाब होंगे। इधर यूरोपा में ऑक्सीजन प्रयाप्त मात्रा में मौजूद होने के कारण उम्मीद की एक नई किरण सामने आई है। नासा के जूनो अंतरिक्ष यान के जरिए यह संभव हो पाया है। जूनो ने 29 सितंबर 2022 को यूरोपा के करीब पहुचकर जांच पड़ताल की थी और लगभग सवा साल की मसक्कत के बाद यह जानकारी सामने आई कि यूरोपा हर 24 घंटे में 1,000 टन ऑक्सीजन उत्पन्न करता है। जिससे 1 मिलियन लोग 1 दिन में सांस ले सकते हैं। यूरोपा बृहस्पति का बर्फ से ढका महासागरीय चंद्रमा है। जिसके नीचे अकूत मात्रा में तरल जल है। नासा ने जूनो मिशन के वैज्ञानिकों की अंतरराष्ट्रीय टीम ने इस खोज का अब खुलासा किया और कहा कि यह उपग्रह संभवतः मानव के रहने योग्य स्थान हो सकता है।

### यूरोपा क्लिपर मिशन खोजेगा यूरोपा की राह

नासा इस वर्ष यूरोपा क्लिपर मिशन लॉन्च करने जा रहा है, जो 2030 में बृहस्पति पर पहुंचेगा। यूरोपा में ऑक्सीजन की मात्रा का पता लगने बाद यूरोपा क्लिपर मिशन की महत्ता और अधिक बड़ चली है। इस मिशन को नौ वैज्ञानिक उपकरणों को साथ भेजा जा रहा है, जो यूरोपा में जीवन बसाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## रूस को बैलिस्टिक मिसाइलें दीं तो नए प्रतिबंध लगाएंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर युद्ध के लिए रूस को बैलिस्टिक मिसाइलें देने की योजना को आगे बढ़ाता है, तो प्रमुख अर्थव्यवस्था वाले पश्चिमी देश उस पर नए प्रतिबंध लगा सकते हैं।

बता दें, बाइडन प्रशासन महीनों से चेतावनी दे रहा है कि रूस ईरान से कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों की मांग कर रहा है। रूस हथियारों की घटती आपूर्ति को फिर से भरने के लिए संघर्ष कर रहा है। अमेरिका ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि मिसाइलें ईरान से रूस भेजी गई हैं या नहीं। लेकिन अमेरिकी अधिकारी उन अधिकारियों के बयानों से चिंतित हैं, जिनमें कहा जा रहा है कि जल्द दोनों देशों के बीच एक सौदा हो सकता है। अमेरिकी वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जी-7 देशों का समूह ईरान को रूस के लिए उड़ान भरने से रोकने के कदम विचार कर रहा है।

# पाकिस्तान की राह पर मालदीव 36 द्वीप चीन को लीज पर सौंपे

- मालदीव का सबसे बड़ा आर्थिक साझेदार बनने में जुटा चीन

माले, एजेंसी



चीन ने मालदीव में अपनी ताकत बढ़ाने का अभियान तेज कर दिया है। अब राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव के 187 आबाद द्वीपों में से 36 द्वीपों के अधिकांश हिस्से को चीनी टूरिज्म कंपनियों को लीज पर दे दिया है। चीनी कंपनियां 12 हजार करोड़ रुपये की लागत से इन द्वीपों को टूरिज्म के लिए डेवलप करेंगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मालदीव ने हाल में कई द्वीपों के विकास के प्रोजेक्ट पाकिस्तान की तरह मालदीव ने भी तुर्किये से निगरानी ड्रोन खरीदे थे, ताकि वह अपने इकोनॉमिक जोन पर नजर रख सके। रिपोर्ट के मुताबिक नवंबर में मुइज्जू की यात्रा के दौरान तुर्किये की बायकर कंपनी से ड्रोन के लिए समझौता किया था। यह डील 307 करोड़ रुपये में हुई थी। बता दें, 3 मार्च को ड्रोन डिलीवर किए जा चुके हैं। इनके लिए सरकार नूनू एटोल में मिलिट्री ड्रोन का बेस बना रही है। अपनी चीन यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुइज्जू ने चीन से ज्यादा से ज्यादा टूरिस्ट मालदीव भेजने की अपील की थी। इस साल के आरंभ के दो माह में चीन के 4 लाख चीनी टूरिस्ट मालदीव पहुंचे हैं। बता दें, मालदीव और चीन के बीच जनवरी 2024 में रासमाले में 30 हजार हाउसिंग यूनिट बनाने का प्रोजेक्ट शुरू हुआ था।